वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2019-20

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
झांसी 284 003, भारत
Rani Lakshmi Bai Central Agricultural University
Jhansi 284 003, India

रा.ल.बा. के.कृ.वि.

वार्षिक रिपोर्ट

2019-20

जुलाई 2019 - जून 2020

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
झांसी 284 003, भारत

वार्षिक प्रतिवेदन 2019-2020

(जुलाई 2019-जून 2020)

दूरभाष	:	0510-2730555, 0510-2730777
फैक्स	:	0510-2730555
ई-मेल	:	vcrlbcau@gmail.com
वेबसाइट	:	http://www.rlbcau.ac.in

प्रकाशन

डॉ. मुकेश श्रीवास्तव
कुलसचिव

संपादन

प्रो. डॉ. कुसुमाकर शर्मा, सलाहकार

संकलन

डॉ. ए. आर. शर्मा, निदेशक, अनुसंधान
डॉ. अनिल कुमार, निदेशक, शिक्षा
डॉ. एस.एस. सिंह, निदेशक, विस्तार शिक्षा
डॉ. एस. के. चतुर्वेदी, अधिष्ठाता, कृषि
डॉ. ए. के. पांडे, अधिष्ठाता, बागवानी और वानिकी
डॉ. एस.एस. कुशवाह, पुस्तकालय अध्यक्ष
डॉ. मीनाक्षी आर्य, वैज्ञानिक, पादप रोगविज्ञान

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
झांसी-284003

आभार

कृषि ज्ञान प्रबंध निदेशालय (डीकेएमए)
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि अनुसंधान भवन-1,
पूसा, नई दिल्ली-110012

मै. रायल ऑफसेट प्रिन्टर्स, ए-89/1, नारायणा इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110028 द्वारा लेजरटाईपसैट तथा मुद्रित।

प्रस्तावना

रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (आरएलबीसीएयू), झांसी के छठे वार्षिक प्रतिवेदन (2019-20) को प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है। इस प्रतिवेदन में विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय महत्व की संस्थान के रूप में अपने उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में वर्ष के दौरान संचालित प्रमुख गतिविधियों एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को शामिल किया गया है। इस अवधि के दौरान, विश्वविद्यालय ने बुनियादी ढांचे और संकाय भर्तियों सहित शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार में अपनी अधिदेषित गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में शानदार प्रगति की है। विश्वविद्यालय ने दक्षता, बुनियादी ढांचे, अनुदेश सामग्री, प्रयोगशालाओं और मानव संसाधनों में सुधार कर निरंतर विकास और गुणवत्ता परिणामों को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं।

विश्वविद्यालय को कई गणमान्य व्यक्तियों और शिक्षा विदों की मेजबानी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और उनके द्वारा दिए गए प्रोत्साहन, मार्गदर्शन और मूल्यवान परामर्श के लिए हम उनके आभारी हैं। प्रबंधन बोर्ड, शैक्षणिक परिषद, अनुसंधान परिषद, विस्तार परिषद, आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ, वित्त समिति, भवन और निर्माण समिति सहित विभिन्न समितियों के सदस्यों ने हमें अधिनियम और विधानों के प्रावधानों के भीतर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों के संचालन हेतु लगातार प्रशंसनीय मार्गदर्शन दिया। मैं उन सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

मैं इस विश्वविद्यालय के विजिटर माननीय श्री रामनाथ कोविंद जी, श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी, माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री, भारत सरकार, श्री कैलाश चौधरी, माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार और डॉ. पंजाब सिंह, माननीय कुलाधिपति, को उनके द्वारा दिए गए प्रोत्साहन, मार्गदर्शन और सतत सहयोग के लिए कृतज्ञता अर्पित करता हूं। मैं डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा दिए गए बहुमूल्य सुझावों और समर्थन के लिए उनका आभारी हूं। किसी भी संगठन की उपलब्धियां उसमें शामिल प्रत्येक व्यक्ति के संयुक्त प्रयासों का परिणाम होता है। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता और उत्साह के साथ कार्य कर न्यूनतम समय-सीमा में संगठनात्मक विज़न को पूरा करने में सामूहिक योगदान दिया है। मैं उनकी हृदय से प्रशंसा करता हूं। वार्षिक प्रतिवेदन के संपादन तथा उसके समयबद्ध प्रकाशन हेतु किए गए अथक प्रयासों के लिए प्रो. डॉ. कुसुमाकर शर्मा और उनकी समर्पित टीम सराहना के पात्र हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह वार्षिक प्रतिवेदन शोध कर्ताओं, नीति निर्माताओं और किसानों सहित सभी हितधारकों के लिए उपयोगी होगा।

अरविंद कुमार

दिनांक: जुलाई 31, 2020
स्थान: झांसी

(**अरविंद कुमार**)
कुलपति

कार्यकारी सारांश

रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग के तत्वावधान में एक स्वायत्त संगठन है। यह देश का ऐसा प्रथम कृषि विश्वविद्यालय है जिसकी स्थापना वर्ष 2014 में संसद के एक अधिनियम के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व की संस्था के रूप में की गई थी। विश्वविद्यालय अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत विश्वविद्यालय ने अपने मुख्यालय के अलावा कृषि महाविद्यालय व बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय, झांसी में स्थापित किए हैं। दो अन्य महाविद्यालय नामत: पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय तथा मात्स्यकी महाविद्यालय दतिया, मध्य प्रदेश में स्थापित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के छह साल सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। शैक्षणिक वर्ष 2019-2020 के दौरान, विश्वविद्यालय ने बुनियादी ढांचे और संकाय भर्तियों सहित अपनी अनिवार्य गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय संकाय, अधिकारियों और कर्मचारियों ने व्यक्तिगत प्रतिबद्धता और साहस के साथ कम से कम समय सीमा के भीतर संगठनात्मक दृष्टि को साकार करने के लिए सामूहिक प्रयास किया। विश्वविद्यालय ने कृषि शिक्षा में उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने, अनुसंधान और हर संभव तरीके से किसानों का सहयोग करने में एक उल्लेखनीय भूमिका भी निभाई है।

शैक्षणिक

शैक्षणिक विनियमों के अनुसार, विश्वविद्यालय में बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक वातावरण बनाए रखने के लिए विभिन्न यूजी कार्यक्रमों में छात्रों को भाकृअनुप-एआईईईए फॉर यूजी कार्यक्रम-2019 के माध्यम से प्रवेश दिया गया। शैक्षणिक सत्र 2019-20 से स्नातकोत्तर डिग्री के लिए पांच और विषयों में शिक्षण प्रारंभ किया गया, जिसमें मृदा विज्ञान, कीट विज्ञान, सब्जी विज्ञान, फल विज्ञान, वन संवर्द्धन एवं कृषि वानिकी विषय सम्मिलित हैं जबकि अभी तक जारी कार्यक्रमों में आनुवंशिकी (जेनेटिक्स) एवं पादप प्रजनन, सस्य विज्ञान तथा पादप रोग विज्ञान कार्यक्रमों में स्नातकोत्तर की शिक्षा उपलब्ध थी। स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम में छात्रों का प्रवेश, भाकृअनुप द्वारा एआईईईए के माध्यम से पीजी-2019 के लिए संचालित परीक्षा के माध्यम से किया गया। वर्तमान में 10 राज्यों के छात्र स्नातकोत्तर कार्यक्रम की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

भारत सरकार द्वारा निर्धारित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण नीति भी वैधानिक मानदंडों के बाद कुल छात्र प्रवेश संख्या वृद्धि से सफलतापूर्वक लागू की गई। इसके अलावा, आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ को परिभाषित लक्ष्यों और कार्यों के साथ पूरी तरह कार्यात्मक बनाया गया। संकाय ने इस वर्ष पुस्तकों/बुलेटिनों और लोकप्रिय लेखों के अलावा, प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में कई शोध पत्र प्रकाशित किए तथा कृषि की समकालीन समस्याओं पर कई रेडियो/टीवी वार्ताओं का प्रसारण किया। कोविड-19 वैश्विक महामारी के मद्देनजर, शिक्षकों और छात्रों दोनों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नियोजित शैक्षणिक गतिविधियों को जारी रखने के लिए प्रशिक्षित करने के लिए संभव प्रयास किए गए। संकाय और छात्रों ने स्टूडेंट रेडी, स्वच्छ भारत अभियान, राष्ट्रीय समाज सेवा, राष्ट्रीय त्योहारों, क्रीडा तथा खेल और हिंदी पखवाड़ा आदि शिक्षण से इतर कार्यक्रमों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके अलावा अंतर-महाविद्यालयी युवा महोत्सव, अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालय युवा महोत्सव, अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयी क्रीड़ा एवं खेल समारोह, प्रमुख राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवसों का आयोजन विश्वविद्यालय में समुदाय भावना, गौरव, स्थायी स्मृति और उत्साह विकसित करने के लिए संयोजित किए गए। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और विश्व बैंक प्रायोजित राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के तहत शिक्षाविदों, अनुसंधान और विस्तार में उत्कृष्टता तथा शिक्षण-अधिगम परिवेश को प्रबल करने के लिए 497.45 लाख के बजटीय प्रावधान के साथ एक परियोजना विश्वविद्यालय में कार्यान्वित की गई।

अनुसंधान

अनुसंधान कार्य मुख्य रूप से बारानी दशा में दलहन और तिलहन में प्रौद्योगिकी-संचालित उत्पादन वृद्धि की ओर केंद्रित रहा। दलहनों व तिलहन जैसे चना और रेपसीड-सरसों को फसल प्रणाली में शामिल करने से सूखे की आशंका वाले बुंदेलखंड क्षेत्र में प्रचलित प्रमुख कृषि प्रणालियों की उत्पादकता और स्थिरता में और तेजी आने की संभावना है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए बागवानी/औषधीय/वानिकी फसल उत्पादन तकनीकों के विकास पर आधारित उच्चमूल्य खेती को लोकप्रिय बनाने के लिऐं विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध रहा। मध्य भारत के लिए उच्च-उपज शील एवं कई रोग-प्रतिरोधी किस्मों

के विकास के माध्यम से इन फसलों की उत्पादकता एवं उत्पादन में वृद्धि के लिए एआईसीआरपी-मक्का, जौ, बाजरा, मूलार्प तथा तिल एवं रामतिल पर कई स्वैच्छिक परीक्षणों के अतिरिक्त चना एवं तोरिया-सरसों पर भाकृअनुप-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं को संचालित किया गया। देसी और काबुली चना की खेती में जल अवशोषण क्षमता ने संबंधित समूहों के बीच व्यापक विविधता दिखाई। देसी और काबुली चने की फसलों में औसत जल अवशोषण क्षमता को क्रमश: 90.6 और 92.7 प्रतिशत पाया गया। बीजांकुर ओज देसी और काबुली चने वर्ग में क्रमश: 0.46-4.34 सेमी व 0.48-2.95 सेमी पाया गया।

जनन द्रव्य वंशावलियों (जर्मप्लाज्म लाइनों) के साथ गेहूं की एक समन्वित जर्मप्लाज्म नर्सरी का मूल्यांकन किया गया। उपज एवं क्लोरोफिल अंश के आधार पर 91 उत्कृष्ट जनन द्रव्य वंशावलियों (जर्मप्लाज्म लाइनों) के साथ अंतरराष्ट्रीय जर्मप्लाज्म नर्सरी से गेहूं के पंद्रह आशाजनक जीन प्ररूपों की पहचान की गई। फसल की उत्पादकता तथा निवेश-उपयोग दक्षता में वृद्धि हेतु पंक्तियों में बुवाई को बढ़ावा देने के लिए मूंग की बुवाई तकनीक को मानकीकृत किया गया। विभिन्न बुआई मशीनों द्वारा बुवाई में लगने वाला समय, शून्य-जुताई वाले फर्टी-सीडड्रिल (4 घंटे/हेक्टेयर) में सबसे कम था, जबकि किसानों द्वारा अपनाई जा रही विधि में यह (6.5 घंटे/हेक्टेयर) अधिकतम था। इसी प्रकार, अन्य तकनीकों की तुलना में पारंपरिक विधियों के अंतर्गत प्राप्त बीज की पैदावार 22.4-33.3 प्रतिशत तक कम (542 किग्रा/हेक्टेयर) रही।

वृक्ष प्रजातियों के साथ एलोवेरा, ऑसीमम यूनिफलोरम, विथानिया सोमनीफेरा और कैनावलिया एन्सेफॉर्मिस की सहरोंपण क्षमता का मूल्यांकन किया गया। अनार की विभिन्न किस्मों जैसे भगवा, सुपर भगवा, गनेश, जी-137, रूबी, मृदुला, अर्कटा एवं जालोर सीडलैस के मूल्यांकन के आधार पर, बुंदेलखंड क्षेत्र में रूबी और सुपर भगवा को खेती के लिए उपयुक्त पाया गया। इसी प्रकार, वृद्धि एवं पुष्पन के विभिन्न मापदंडों के आधार पर गुल दाउदी की व्हाइट स्टार और करनाल पिंक किस्मों को स्प्रे प्रकार की खेती हेतु इस क्षेत्र के लिए बेहतर पाया गया।

हाल ही में जारी दलहनी फसलों (चना, मसूर और मटर) और तिलहन (सरसों और अलसी) की उच्च-उपज वाली किस्मों का (127400 किलो) फाउंडेशन और प्रमाणित बीज विश्वविद्यालय व किसानों के खेतों में उत्पादित किया गया ताकि बुंदेलखंड क्षेत्र के किसानों की गुणवत्तापूर्ण बीज मांग की आंशिक आपूर्ति की जा सके। संकाय को डीबीटी द्वारा लगभग 411 लाख रुपये वित्तीय प्रावधान के साथ तीन अनुसंधान परियोजनाएं स्वीकृति की गई। यह मुख्य रूप से दालों और तिलहन में प्रौद्योगिकी-संचालित उत्पादन बढ़ाने की दिशा में केंद्रित है।

संकाय ने कृषि के विभिन्न आयामों पर आयोजित सम्मेलनों/राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आदि में अनुसंधान सार तथा आलेख प्रस्तुत कर समकालीन व भावी चुनौतियों के निराकरण हेतु समाधान प्रस्तुत किये।

विस्तार शिक्षा

वैज्ञानिक इंटरवेंशन (युक्तियों) द्वारा बेहतर खेती की प्रक्रियाओं को अपना कर किसानों की आय बढ़ाने के लिए झांसी, दतिया, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में खेतों पर (*ऑन फार्म*) तोरिया-सरसों (45), चना (10), मूंगफली (150), मक्का (80), चावल (17), तिल (21), मूंग-बीन (4) और अरहर (2) पर अग्र-पंक्ति प्रदर्शनों की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया। तोरिया-सरसों में संचालित अग्र-पंक्ति प्रदर्शनों (एफएलडी) के परिणामों ने यह साबित किया है कि बेहतर उत्पादन विधियों को अपनाने से किसानों की देसी विधियों (1,166 किग्रा/हेक्टेयर) की तुलना में 26 प्रतिशत औसत उत्पादकता (1,467 किग्रा/हेक्टेयर) की वृद्धि तथा रु0 12,069/हे0 का शुद्ध मौद्रिक लाभ प्राप्त हो सकता है। इसी तरह, उन्नत प्रौद्योगिकी ने किसानों को चने की अधिक उपज प्राप्त करने के लिए एक वैकल्पिक और बेहतर प्रति फल प्रदान किया। चने की आरवीजी-202 का उपयोग करके किसान द्वारा अपनाई जाने वाले पारंपरिक विधियों की तुलना में 20 प्रतिशत की बीज बचत, अनुकूलतम पौधों की संख्या तथा 27 से 40 प्रतिशत तक अधिक उपज लाभ मिला। उन्नत प्रक्रियाओं को अपनाने पर प्राप्त होने वाला शुद्ध लाभ 42,978 रुपये प्रति हेक्टेयर था जबकि किसान की पारंपरिक विधियों में यह रु0 28,528 प्रति हेक्टेयर रहा। किसानों के लिए दलहन, तिलहन, फलों, सब्जियों और औषधीय पौधों सहित विभिन्न फसलों की वैज्ञानिक खेती को लोकप्रिय बनाने के लिए कई खेतों पर/खेतों से इतर फार्म प्रदर्शन, खेतों के उपचारात्मक सर्वेक्षण, फील्ड दिवस और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। किसान की दहलीज पर कृषि संबंधी सलाह/परामर्श देने के लिए एक समर्पित *किसान कॉर्नर* को विश्वविद्यालय की वेबसाइट (http://www-rlbcau-ac-in/Farmers_corner-php) में शामिल किया गया।

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार और विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से *'टिकाऊ*

उत्पादन प्रणाली के लिए दलहनी फसलों का संवर्धन, किसानों की आय को दो गुना करना तथा पोषण सुरक्षा' विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्री नरेंद्र सिंह तोमर, माननीय केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण और ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री, भारत सरकार ने 200 से अधिक प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में इस कार्यशाला का उद्घाटन किया।

अवसंरचनात्मक विकास

झांसी परिसर में कृषि, बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय के शैक्षणिक भवन, प्रशासनिक भवन, कुलपति निवास, छात्रावास और कुछ संकायों के लिए आवास निर्माण को पूरा करने में उल्लेखनीय प्रगति हुई। विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी, सब्जी उत्पादन और प्रदर्शन इकाई, फल कैफेटेरिया, फूल कैफेटेरिया और औषधीय और सुगंधित पौधों के बगीचे को संकाय, किसानों और छात्रों की उभरती आवश्यकता को पूरा करने के लिए और मजबूत किया गया।

वित्त, बजट एवं लेखा परीक्षण

इस विश्वविद्यालय को इसके क्रियाकलापों के संचालन हेतु कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त प्रदान किया जाता है। शैक्षणिक वर्ष 2019-20 के दौरान विश्वविद्यालय को रु. 85.01 करोड़ का बजट आबंटित किया गया। विश्वविद्यालय ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान वर्ष 2018-19 के परीक्षित (ऑडिटेड) वार्षिक लेखा को लोक सभा/राज्य सभा के पटल पर प्रस्तुत किया। वित्तीय वर्ष 2019-20 के वार्षिक लेखा का परीक्षण हो चुका है। अभी तक इसमें कोई भी ऑडिट पैरा लंबित नहीं है।

प्रबंधन बोर्ड, शैक्षणिक परिषद, अनुसंधान परिषद, विस्तार परिषद, आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ, वित्त समिति, भवन और निर्माण समिति सहित विभिन्न समितियों के सदस्यों ने हमें अधिनियम और विधानों के प्रावधानों के अंतर्गत विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों के संचालन हेतु लगातार प्रशंसनीय मार्गदर्शन दिया।

विषय-सूची

	प्रस्तावना	*iii*
	कार्यकारी सारांश	*v*
1.	परिचय	2
2.	लक्ष्य	2
3.	विश्वविद्यालय प्राधिकारी एवं शासन	2
4.	शैक्षणिक गतिविधियां	7
5.	संकाय	7
6.	अनुसंधान उपलब्धियां	8
7.	विस्तार गतिविधियां	43
8.	अवसंरचनात्मक विकास	47
9.	पुस्तकालय	54
10.	वित्त एवं बजट	54
11.	अन्य प्रमुख गतिविधियां/कार्यक्रम	54
12.	आंगतुकों की सूची	58
13.	सम्मेलनों / प्रशिक्षणों / बैठकों में संकाय की भागीदारी	59
14.	पुरस्कार एवं सम्मान	60
15.	प्रकाशन	61
16.	रेडियों / टीवी वार्ता	62
17.	वर्ष 2019-20 के लिए रोडमैप	63
	अनुबंध I	64
	अनुबंध II	66
	अनुबंध III	67
	अनुबंध IV	68
	अनुबंध V	69
	अनुबंध VI	71
	अनुबंध VII	72
	अनुबंध VIII	77
	अनुबंध IX	79
	अनुबंध X	80
	अनुबंध XI	81

अस्वीकरण (Disclaimer)

प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित वार्षिक रिपोर्ट का हिन्दी अनुवाद है। परन्तु इनमें यदि कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अग्रेंजी में लिखित संबंधित दस्तावेज मान्य होगा।

विश्वविद्यालय

1. परिचय

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय भारत का ऐसा प्रथम कृषि विश्वविद्यालय है जिसकी स्थापना वर्ष 2014 में भारत सरकार द्वारा संसद के एक अधिनियम के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व की संस्था के रूप में की गई थी। इसका मुख्यालय उत्तर प्रदेश राज्य के झांसी में है। तथापि, कृषि के क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान तथा विस्तार शिक्षा के कार्यक्रमों के संदर्भ में इसका कार्य क्षेत्र और उत्तरदायित्व पूरे देश में व्याप्त है और बुंदेलखंड क्षेत्र से संबंधित मामलों को विशेष रूप से प्राथमिकता दी गई है। विश्वविद्यालय अधिनियम में यह व्यवस्था है कि सभी महाविद्यालय, अनुसंधान एवं प्रयोगात्मक केन्द्र तथा अन्य संस्थाएं जो विश्वविद्यालय के प्राधिकार के अंतर्गत स्थापित हुई हैं या की जानी हैं वे विश्वविद्यालय के अधिकारियों तथा प्राधिकारियों के पूर्ण प्रबंध व नियंत्रण के अंतर्गत आने वाली घटक इकाइयां होंगी। विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 4(2) के प्रावधान के अंतर्गत विश्वविद्यालय ने अपने मुख्यालय के अलावा, कृषि महाविद्यालय व बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय, झांसी में स्थापित किए हैं। दो अन्य महाविद्यालय नामत: पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय तथा मात्स्यकी महाविद्यालय दतिया, मध्य प्रदेश में स्थापित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय को कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से सीधे वित्तीय सहायता प्राप्त होती है।

2. लक्ष्य

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम-2014 के अनुसार विश्वविद्यालय के उद्देश्य स्पष्ट रूप से परिभाषित हैं जो निम्नानुसार हैं:

क. जैसा उचित हो, कृषि तथा सम्बद्ध विज्ञानों की विभिन्न शाखाओं में उचित शिक्षा प्रदान करना।

ख. कृषि तथा संबंध विज्ञानों में अधिगम या सीखने तथा अनुसंधान करने में और अधिक प्रगति करना।

ग. बुंदेलखंड में तथा अपने न्यायिक क्षेत्र के राज्यों के जिलों में विस्तार शिक्षा के कार्यक्रम चलाना।

घ. राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थाओं के साथ साझीदारी और सम्पर्कों को बढ़ावा देना। और

ड. समय-समय पर निर्धारित किए गए अन्य ऐसे कार्यों को सम्पन्न करना।

3. विश्वविद्यालय प्राधिकरण और शासन

कुलपति विश्वविद्यालय के प्रधान कार्यपालक व शैक्षणिक प्रमुख तथा प्रबंध मंडल, वित्त समिति और शैक्षणिक परिषद के पदेन अध्यक्ष हैं। प्रबंध मंडल, वित्त समिति और शैक्षणिक परिषद शीर्ष निकाय हैं जो प्रशासनिक, वित्तीय व शैक्षणिक मामलों में निर्णय लेते हैं। विश्वविद्यालय की प्रस्तावित शासन संरचना चित्र में दर्शायी गई है।

3.1 प्रबंधन बोर्ड

प्रबंधन मंडल प्रधान कार्यपालक निकाय है तथा यह विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लेने और इसके प्रबंध के लिए उत्तरदायी है। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान प्रबंधन मंडल का गठन अनुबंध-I में दिया गया है। इस अवधि के दौरान प्रबंधन मंडल की तीन बैठकें आयोजित हुई। (तालिका 1)

तालिका 1:

क्र.सं.	बैठक	तिथि	उपस्थित मंडल सदस्यों की संख्या
1.	10वीं	जुलाई 19, 2019	09
2.	11वी	दिसंबर 11, 2019	11
3.	12वी	फरवरी 10, 2020	11



विश्वविद्यालय की शासन संरचना

प्रबंधन मंडल की विभिन्न बैठकों में लिए गए प्रमुख निर्णयों में निम्नलिखित शामिल थे:

दसवीं बैठक

- अनुमोदन के लिए आरएलबीसीएयू, झांसी में प्राध्यापक (शस्य विज्ञान, वानिकी) और सह प्राध्यापक (आनुवंशिकी और पादप प्रजनन, पादप रोग विज्ञान और बागवानी) पदों में नियुक्ति के लिए चयन समिति द्वारा की गई सिफारिशों का प्रस्तुतीकरण।
- शिक्षण संस्थानों की सीधी भर्ती के लिए केंद्रीय शैक्षिक संस्थानों (शिक्षक संवर्ग में आरक्षण) अध्यादेश, 2019 के अनुसार आरक्षण के उद्देश्य के लिए रोस्टर कार्यान्वयन।
- विश्वविद्यालय द्वारा सिविल निर्माण कार्यों की प्रगति और स्थिति का मूल्यांकन।
- वर्ष 2019-20 के लिए बजट अनुमानों के तहत आवंटित धनराशि का मूल्यांकन।
- शैक्षणिक वर्ष 2018-19 के लिए वार्षिक रिपोर्ट की स्वीकृति।
- वर्ष 2018-19 के लिए वार्षिक लेखा की स्वीकृति।
- वार्षिक लेखा 2017-18 और पृथक लेखापरीक्षा

प्रतिवेदन 2014-15 से 2017-18 तक की स्वीकृति।

- शैक्षणिक वर्ष 2019-20 और उसके बाद से भर्ती होने वाले छात्रों के लिए शुल्क संरचना में संशोधन।
- एएसआर*बी* की तर्ज पर आरएलबीसीएयू, झाँसी द्वारा भर्ती के लिए विभिन्न प्रतियोगी लिखित परीक्षाएँ आयोजित करने वाले व्यक्तियों को देय पारिश्रमिक की स्वीकृति।
- पाठ्क्रमों की संख्या के बजाय क्रेडिट की संख्या के आधार पर विशेष परीक्षा के लिए छात्रों को अनुमति।
- विशेष परीक्षा के लिए शुल्क स्वीकृति।
- विश्वविद्यालय में एक दिवसीय अंतर-विश्वास संवाद का आयोजन।
- केंद्रीय उपकरण सुविधा की स्थापना।
- जैव-संसाधन परिसर की स्थापना।
- आरएलबीसीएयू, झाँसी के कर्मचारियों को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए लागू सुविधाओं का विस्तार।
- शिक्षण-सह-अनुसंधान सहयोगी की आवश्यकता-नुसार नियुक्ति हेतु स्वीकृति।
- एनबीसीसी द्वारा प्रमुख कृषि उपकरणों सहित प्रयोगशाला उपकरणों की खरीद स्वीकृति।
- एनबीसीसी द्वारा स्टोर सह बीज प्रसंस्करण संयंत्र और डेमो प्लाट का निर्माण।
- निर्माण सामग्री की परीक्षण रिपोर्ट का मूल्यांकन।
- दालों के प्रसार पर आगामी कार्यशाला का मूल्यांकन।
- चंबल क्षेत्र में कॉलेज ऑफ वेस्ट लैंड डेवलपमेंट स्थापना के प्रस्ताव का मूल्यांकन।

ग्यारहवीं बैठक

- अनुमोदन के लिए आरएलबीसीएयू, झांसी में सहायक प्राध्यापक (फूलों की खेती और भूनिर्माण, पोस्ट-हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी, फल विज्ञान, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, वनस्पति विज्ञान, वन उत्पाद और उपयोग, सिल्विकल्चर और एग्रोफोरेस्ट्री, जैव प्रौद्योगिकी और फसल सुधार, वृक्षारोपण, मसाले, औषधीय और सुगंधित पौधे, वन जीव विज्ञान और वृक्ष सुधार, अंग्रेजी, आनुवंशिकी और पादप प्रजनन, पादप रोग विज्ञान, कृषि अर्थशास्त्र, कृषि कीट विज्ञान, फसल भौतिकी, कृषि अभियांत्रिकी, कृषि विस्तार और संचार, सस्य विज्ञान और एग्रोमेटोरोलॉजी, मृदा विज्ञान और कृषि रसायन विज्ञान और कृषि जैव रसायन) पदों में नियुक्ति के लिए चयन समिति द्वारा की गई सिफारिशों का प्रस्तुतीकरण
- विश्वविद्यालय द्वारा सिविल निर्माण कार्यों की प्रगति और स्थिति का मूल्यांकन।
- समूह ''ए'' गैर-शिक्षण अधिकारियों के लिए चयन समिति में सदस्यों के रूप में प्रबंधन मंडल के नामित व्यक्तियों के रूप में छह व्यक्तियों के पैनल का नामांकन।
- राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के कार्यान्वयन का मूल्यांकन।
- वित्त सलाहकार की नियुक्ति हेतु स्वीकृति।
- विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षण सह अनुसंधान एसोसिएट के संशोधित मेहनतानें के कार्यान्वयन हेतु स्वीकृति।
- नए स्नातकोत्तर कार्यक्रम आरंभ करने हेतु मूल्यांकन।
- आरएलबीसीएयू अधिनियम की धारा 17 (1 और iii) के तहत वित्त समिति के सदस्य का नामांकन।
- उच्च न्यायालय में अधिवक्ता की सेवाएं हेतु स्वीकृति।
- वित्त वर्ष 2018-19 के लिए आरएलबीसीएयू के वार्षिक लेखा व पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन की स्वीकृति।

- विश्वविद्यालय द्वारा अनुबंधित कुशल और गैर-कुशल श्रम शक्ति नियुक्ति।
- भवन एवं निर्माण समिति और वित्त समिति में लिए गए प्रमुख निर्णय की स्वीकृति।

बारहवीं बैठक

- निदेशक, विस्तार और लाइब्रेरियन के पद पर नियुक्ति के लिए चयन समिति द्वारा की गई सिफारिशों को मंजूरी।
- उप रजिस्ट्रार, सहायक अभियंता (विद्युत), चिकित्सा अधिकारी, सहायक नियंत्रक और सहायक रजिस्ट्रार (कानूनी) के पदों पर नियुक्ति के लिए चयन समिति द्वारा की गई सिफारिशों को मंजूरी।
- सहायक रजिस्ट्रार (अकादमिक / स्थापना) के चयन के लिए साक्षात्कार के लिए आवेदन पत्र की जांच के मानदंडों और विधि की स्वीकृति।
- वर्ष 2019-20 और बजट अनुमान 2020-21 के लिए संशोधित बजट अनुमान (RE) के तहत आवंटन का मूल्यांकन।
- आरएलबीसीएयू अधिनियम की धारा 17 (1.iii) के तहत वित्त समिति के एक सदस्य का नामांकन।
- विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह के आयोजन और डिग्री प्रदान करने के लिए स्वीकृति।
- विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक पुरस्कार के लिए स्वीकृति।
- डीएसटी प्रायोजित परियोजना *मक्का के फूल के बाद तना गलन से सम्बद्ध फ्युजैरियम* एसपी. पर *पारिस्थितिकी, आनुवंशिक विविधता, रोगजन प्रतिरोध का आकलन* की स्वीकृति।
- डॉ. मीनाक्षी आर्य, वैज्ञानिक, पादप रोग विज्ञान, आरएलबीसीएयू, झांसी की अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, डेविस में प्रतिनियुक्ति।
- अवसंरचनात्मक विकास हेतु मूल्यांकन।
- विशेष परीक्षाओं के लिए छात्रों को अनुमति देने के लिए शैक्षणिक नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों में संशोधन को मंजूरी।
- पूर्व-स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा की अंतिम उत्तर पुस्तिकाओं की जांच से संबंधित शैक्षणिक नियमों के प्रासंगिक प्रावधान में संशोधन को मंजूरी।
- विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर छात्रों की शैक्षिक यात्राओं के लिए स्वीकृति
- वैज्ञानिकों को विश्वविद्यालय के लिए अपनी शैक्षणिक सेवाएं प्रदान करने के लिए अनुबद्ध संकाय के रूप में सिफारिश।
- शैक्षणिक वर्ष 2020-21 से प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए शुल्क संरचना में संशोधन को मंजूरी।
- डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदानन।
- एनबीसीसी द्वारा जैव-अपघटित कचरे के गड्ढ़ों के निर्माण के लिए स्वीकृति।

3.2 वित्त समिति

विश्वविद्यालय की वित्त समिति में पदेन अध्यक्ष के रूप में कुलपति, वित्तीय सलाहकार, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, मंडल द्वारा नामित तीन व्यक्ति जिनमें से कम से कम एक व्यक्ति मंडल का सदस्य होगा, विजिटर द्वारा नामित तीन व्यक्ति इसके सदस्य तथा विश्वविद्यालय के नियंत्रक इसके सदस्य-सचिव हैं (अनुबंध-II)। इस अवधि के दौरान वित्त समिति की दो बैठक हुई (तालिका 2)।

क्र. सं.	बैठक	तिथि	उपस्थित वित्त समिति के सदस्यों की सं.
1.	7वीं	जुलाई 11, 2019	08
2.	8वीं	दिसंबर 10, 2019	10

वित्त समिति की बैठक में कार्यसूची की जिन मदों पर चर्चा उपरांत जो प्रमुख निर्णय लिए गए वे निम्नानुसार हैं:

सातवीं बैठक:

- विश्वविद्यालय द्वारा सिविल निर्माण कार्यों की प्रगति और स्थिति का मूल्यांकन।
- वर्ष 2019-20 के लिए बजट अनुमानों के तहत आवंटित धनराशि का मूल्यांकन।
- वर्ष 2018-19 के लिए वार्षिक लेखा की स्वीकृति।
- माननीय विजिटर को प्रस्तुत करने के लिए वार्षिक लेखा 2017-18 और पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2014-15 से 2017-18 तक की स्वीकृति।
- शैक्षणिक वर्ष 2019-20 और उसके बाद भर्ती छात्रों के लिए शुल्क संरचना में संशोधन पर विचार।
- आरएलबीसीएयू, झाँसी द्वारा भर्ती के लिए विभिन्न प्रतियोगी लिखित परीक्षाएँ आयोजित करने वाले व्यक्तियों को देय पारिश्रमिक की स्वीकृति।
- विशेष परीक्षा के लिए शुल्क की स्वीकृति।
- चिकित्सा सलाहकार के लिए मानदेय की स्वीकृति।
- डाटा एंट्री ऑपरेटरों की संविदात्मक सेवाओं को काम पर रखने के लिए स्वीकृति।
- आरएलबीसीएयू, झाँसी कर्मचारियों को केंद्र सरकार द्वारा लागू सुविधाओं का विस्तार।
- शिक्षण-सह-अनुसंधान एसोसिएट की आवश्यकता नुसार नियुक्ति हेतु स्वीकृति।
- एनबीसीसी द्वारा प्रमुख कृषि उपकरणों सहित प्रयोगशाला उपकरणों की खरीद के लिए स्वीकृति।
- एनबीसीसी द्वारा स्टोर सह बीज प्रसंस्करण संयंत्र और डेमो प्लाट का निर्माण।
- निर्माण सामग्री की परीक्षण रिपोर्ट का मूल्यांकन।
- दालों के प्रसार पर आगामी कार्यशाला के बारे में मूल्यांकन।

आठवीं बैठक:

- विश्वविद्यालय द्वारा सिविल निर्माण कार्यों की प्रगति और स्थिति का मूल्यांकन।
- राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के कार्यान्वयन का मूल्यांकन।
- विश्वविद्यालय द्वारा अनुबंधित कुशल और गैर-कुशल श्रम शक्ति नियुक्ति।
- वित्त वर्ष 2018-19 के लिए आरएलबीसीएयू के वार्षिक लेखा व पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन की स्वीकृति।
- उच्च न्यायालय में अधिवक्ता की सेवाएं लेने के लिए स्वीकृति।
- विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षण-सह-अनुसंधान एसोसिएट के संशोधित मेहनतानें के कार्यान्वयन हेतु स्वीकृति।

3.3 अकादमिक परिषद

विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद का गठन माननीय विजिटर द्वारा धारा 43(डी) के तहत रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम-2014 की धारा 14(1) के प्रावधानों के तहत किया गया (अनुबंध-III)। इस अवधि के दौरान 10 फरवरी, 2020 को अकादमिक परिषद की बैठक हुई और जो प्रमुख निर्णय लिए गए वे निम्नानुसार हैं:

- विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह और डिग्री के आयोजन के लिए स्वीकृति।
- विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक के पुरस्कार के लिए स्वीकृति।

- विशेष परीक्षाओं के लिए छात्रों को अनुमति देने के लिए शैक्षिक नियमों के प्रासंगिक प्रावधान में संशोधन।
- पूर्व-स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा की अंतिम उत्तर पुस्तिकाओं की जांच से संबंधित शैक्षिक नियमों के प्रासंगिक प्रावधान में संशोधन।
- विभिन्न विषयों में भर्ती स्नातकोत्तर के छात्रों की शैक्षिक यात्राओं के लिए स्वीकृति।
- विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के लिए शैक्षणिक सेवाएं प्रदान करने के लिए सहायक संकाय के रूप में वैज्ञानिकों का नामांकन।
- शैक्षणिक वर्ष 2020-21 से प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए शुल्क संरचना में संशोधन को मंजूरी।
- डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदानन।
- दीक्षांत समारोह के लिए ड्रेस कोड तय करने के लिए एक समिति का गठन।

4. शैक्षणिक गतिविधियाँ

स्नातक (यूजी) कार्यक्रम : शैक्षणिक विनियमों के प्रावधान के अनुसार, विश्वविद्यालय में बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक वातावरण बनाए रखने के लिए विभिन्न यूजी कार्यक्रमों में छात्रों को भाकृअनुप-एआईईईए फॉर यूजी कार्यक्रम-2019 परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया गया। स्नातक कार्यक्रम में पंजीकृत छात्रों की भर्ती क्षमता एवं संख्या इस प्रकार है :

तालिका 3: विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में छात्रों की प्रवेश क्षमता और पंजीकरण

छात्रा संख्या	कृषि	बागवानी	वानिकी	कुल संख्या
प्रवेश क्षमता	66	33	33	132
पंजीकृत	62	29	27	118

स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रम : शैक्षणिक सत्र 2019-20 से स्नातकोत्तर डिग्री के लिए पांच और विषयों में शिक्षण प्रारंभ किया गया, जिसमें मृदा विज्ञान, कीट विज्ञान, सब्जी विज्ञान, फल विज्ञान, वन संवर्द्धन एवं कृषि वानिकी विषय सम्मिलित हैं जबकि अभी तक जारी कार्यक्रमों में आनुवंशिकी (जेनेटिक्स) एवं पादप प्रजनन, सस्य विज्ञान तथा पादप रोग विज्ञान में ही स्नातकोत्तर शिक्षा उपलब्ध थी। भारत सरकार द्वारा ईडब्ल्यूएस छात्रों के लिए आरक्षण के मानदंडों के निर्धारण के पश्चात शैक्षणिक सत्र 2019-20 से स्नातकोत्तर स्तर पर सीटों की कुल संख्या में वृद्धि की गई। स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम में छात्रों का प्रवेश, भाकृअनुप द्वारा एआईईईए के माध्यम से पीजी-2019 के लिए संचालित परीक्षा (तालिका 4) के माध्यम से किया गया। वर्तमान में 10 राज्यों के छात्र स्नातकोत्तर कार्यक्रम की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय का छठा शैक्षणिक सत्र जुलाई 15, 2019 से प्रारंभ हुआ। विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के सभी स्नातक (यूजी) छात्रों के लिए पुनश्चर्या

तालिका 4: विभिन्न स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में छात्रों की प्रवेश क्षमता और पंजीकरण

छात्रा संख्या	शस्य विज्ञान	पादप रोग विज्ञान	आनुवंशिकी और पादप प्रजनन	मृदा विज्ञान	कीट विज्ञान	सब्जी विज्ञान	फल विज्ञान	वन संवर्द्धन एवं कृषि वानिकी	कुल संख्या
प्रवेश क्षमता	4	4	5	5	4	4	4	2	32
पंजीकृत	4	4	5	5	4	3	2	2	29

तालिका 5: नियमित संकाय पदों की स्थिति

क्र. सं.	पद	स्वीकृत पद की संख्या	स्थिति में	रिक्त
1.	प्राध्यापक	2	2	0
2.	सह प्राध्यापक	3	2	1
3.	सहायक प्राध्यापक/वैज्ञानिक	29	26	3
	कुल	**34**	**30**	**4**

(ओरिएंटेशन) कार्यक्रम 5 अगस्त, 2019 को आयोजित किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के नव आगंतुक छात्रों एवं वरिष्ठ छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके बाद 25 सितंबर, 2019 को अन्य स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक पुनश्चर्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अरविंद कुमार, कुलपति उपस्थित थे।

5. संकाय

विश्वविद्यालय की अधिदेशित गतिविधियों को आगे बढ़ाने और इसे सुदृढ़ करने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित नए रोस्टर के बाद स्वीकृत नियमित संकाय पदों की भर्ती की प्रक्रिया को प्रतिवेदित वर्ष के दौरान पूरा किया गया। हालांकि, आईसीएआर मानदंडों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्वीकृत नियमित संकाय पदों की सीमित संख्या के कारण 66 अनुबंध/अतिथि संकाय, वैज्ञानिकों और शिक्षण सहयोगियों का समर्थन प्राप्त करने में विश्वविद्यालय को कठिनाई हुई (उपरोक्त तालिका 5)।

वर्ष के दौरान कृषि, बागवानी और वानिकी पूर्वस्नातक पाठ्यक्रमो के अंतर्गत निर्धारित 177 विषयों (519 क्रेडिट घंटों के समकक्ष) शैक्षणिक कार्यभार संकाय पर रहा। इसके अतिरिक्त, संकाय सदस्यों पर 59 स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्क्रमों का भी कार्यभार था जो 154 क्रेडिट घंटे के बराबर था। संकाय ने इस वर्ष के दौरान पुस्तकों/बुलेटिनों और लोकप्रिय लेखों के अलावा, प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में कई शोध पत्र प्रकाशित किए तथा कृषि की समकालीन समस्याओं पर कई रेडियो/टीवी वार्ताओं का प्रसारण किया। विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ को स्पष्ट लक्ष्यों एवं कार्यों के साथ पूरी तरह से क्रियाशील बनाया गया। कोविड-19 वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शिक्षकों तथा छात्र, दोनों को नियोजित शैक्षणिक गतिविधियों को जारी रखने के लिए प्रशिक्षित करने के सर्वोत्तम संभव प्रयास किए गए। संकाय सदस्यों तथा छात्रों ने स्टूडेंट रेड्डी, स्वच्छ भारत अभियान, राष्ट्रीय सामाजिक सेवा, राष्ट्रीय त्योहार, क्रीड़ा एवं खेल, हिंदी पखवाड़ा, तथा शिक्षण से इतर कार्यक्रमों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

6. अनुसंधान उपलब्धियां

6.1. फसल सुधार कार्यक्रम

6.1.1. अंकुरण पश्चात खरपतवार नाशी सहिष्णुता के लिए लोबिया के जीन प्ररूपों की जांच (स्क्रीनिंग)

(अंशुमान सिंह एवं मीनाक्षी आर्य)

खरपतवारनाशकों की सहिष्णुता की जांच हेतु भाकृअनुप - एनबीपीजीआर, नई दिल्ली (भाकृअनुप - आईआईपीआर, कानपुर (भाकृअनुप - आईआईवीआर, वाराणसी (भाकृअनुप-आईजीएफआरआई, झांसी तथा जीबीपीयूएटी, पंतनगर से लोबिया की कुल 152 जारी किस्मों एवं जननद्रव्य प्रविष्टियों को लाया गया। अंकुरण पश्चात तीन खरपतवारनाशकों जैसे क्विजालोफॉप-पी-एथिल, इमेजैथापायर और मेट्रिब्यूजिन को 100 ग्राम/हेक्टेयर, 150 ग्राम/हेक्टेयर और 500 ग्राम/हेक्टेयर की दर से प्रयुक्त किया गया। छिड़काव के दो सप्ताह पश्चात पौधों को 1-5 पैमाने (1 = अत्याधिक सहिष्णु और 5 = अत्याधिक संवेदनशील) पर खरपतवारनाशकों के प्रति सहनशीलता के लिए स्कोर प्रदान किया गया। बीस जीनप्ररूपों को सभी खरपतवारनाशकों के प्रति

1-2 तक के सहिष्णुता स्कोर के साथ अत्यधिक सहिष्णु पाया गया। मेट्रिब्यूजिन को प्रयुक्त करने पर खरपतवार नियंत्रण दक्षता को अधिकतम (81.6 प्रतिशत) पाया गया जबकि इसके बाद इमाजेथापायर एवं क्विजालोफॉप-पी-एथिल को पाया गया जिससे यह संकेत मिलता है कि संकुचित एवं चौड़ी पत्तियों वाले खरपतवारनाशक दोनों के खिलाफ मेट्रिब्यूजिन बेहतर कार्य करता है।

6.1.2. चने की बेहतर किस्मों का भौतिक-जैवरासायनिक मूल्यांकन

(श्रवण कुमार शुक्ला एवं आशुतोष कुमार)

देसी और *काबुली* चने में विभिन्नता (वेरिएबिलिटी) का पता लगाने के लिए उनकी भौतिक विशेषताओं, 100-बीजों का वजन, जल अवशोषण क्षमता तथा बीजांकुर ओज अध्ययन करने के लिए एक प्रयोग किया गया। *देसी* किस्मों (28.6 ग्राम) की तुलना में *काबुली* किस्मों ने सौ बीजों के 35.9 ग्राम के औसत वजन सहित उत्कृष्टता दिखाई। *देसी* चना वर्ग में आईसीवीटी-देसी-205-01 (38.8 ग्राम) तथा *काबुली* चना वर्ग में आईसीएआरडीए-सीएस-32-1 (52.1 ग्राम) को ठोस दाने वाली किस्मों के रूप में चिन्हांकित किया गया। *देसी* चना में, आईसीवीटी-देसी-03 को आईसीवीटी-देसी-205-01 के समकक्ष पाया गया। हालांकि, *काबुली* चने की किस्म आरएलबीजीके-4 को इस वर्ग की अन्य किस्मों से बेहतर पाया गया। *देसी* किस्मों के 100-बीजों के भार में 15.4-38.8 ग्राम के बीच की विविधता प्रदर्शित की, जबकि *काबुली* चने में इस अंतर को 26.7-52.1 ग्राम के बीच पाया गया।

संबंधित वर्गों के बीच *देसी* और *काबुली* चने की किस्मों की जल अवशोषण क्षमता में भी काफी परिवर्तनीयता देखी गई। *देसी* चने की किस्मों की जल अवशोषण क्षमता 76.6-99.5 प्रतिशत तथा इसका औसत 90.6 प्रतिशत था। *देसी* चने की सी -18290 किस्म ने सर्वोच्च जल अवशोषण क्षमता प्रदर्शित की। *काबुली* चने की किस्मों के बीजों में भी 92.7 प्रतिशत औसत मान के साथ व्यापक विभिन्नता (82.3-99.2 प्रतिशत) पाई गई। *काबुली* वर्ग में अन्य किस्मों की अपेक्षा आईसीवीटी-के-113-13 ने सर्वोच्च जल अवशोषण क्षमता दिखाई। काबुली वर्ग में आईसीवीटी-देसी-205-01 ने न्यूनतम जल अवशोषण क्षमता प्रदर्शित की। बीजांकुर ओज शक्ति (विगर) में *देसी* वर्ग में व्यापक विभिन्नता पाई गई जो कि 1.64 औसत सहित 0.46-4.34 सेमी के बीच थी जबकि *काबुली* वर्ग में 1.60 औसत के साथ इसे 0.48-2.95 सेंमी के बीच पाया गया।

सभी मापदंडों पर किसी भी किस्म को परिपूर्ण नहीं पाया गया। हालाँकि, *काबुली* चने की किस्म आईसीएआरडीए-सीएस-32-1 को 100-बीजों के भार और बीजांकुर की ओज के संबंध में बेहतर प्रदर्शन वाला पाया गया जबकि *देसी* किस्म आईसीवीटी-देसी-205-01 ने 100-बीज भार के मामले में अच्छा प्रदर्शन किया। यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि अधिक बीज भार तथा बीजांकुर ओज को देखते हुए *काबुली* चने की किस्मों को प्रोत्साहन दिया जा सकता है।

6.1.3. जौ की फसल में उपज, उपज गुणों एवं गुणवत्ता मानकों हेतु आनुवंशिक सुधार

(विष्णु कुमार)

रबी 2019-20 के दौरान देशी किस्मों, आनुवंशिक स्टॉक, विदेशी सामग्री एवं जर्मप्लाज्म एक्सेसन (प्राप्तियों) सहित जौ के कुल 76 जीनप्ररूपों का मूल्यांकन किया गया। जौ की फसल में उपज एवं उपज गुणों में विभिन्नता (वेरिएबिलिटी) के लिए 28 क्रॉस सहित एक 8 × 8 अर्ध-डायलेल सेट सृजित करने का प्रयास किया गया। इसके अतिरिक्त, आईसीएआरडीए से जौ की 44 विदेशी जर्मप्लाज्म वंशावलियों की खरीद की गई और जौ की उपज, उपज गुणों, गुणवत्ता तथा जैविक दबाव के लिए उनका मूल्यांकन किया गया। सभी जारी किस्मों,

आनुवंशिक स्टॉक तथा अन्य जर्मप्लाज्म परिग्रहणों के सापेक्ष जौ के जीनप्ररूप डीडब्ल्यूआर*बी* 189 ने विशेष काला स्पाइक और दानों का रंग प्रदर्शित किया।

6.1.4. गेहूं की फसल में उपज, उपज गुणों तथा अजैविक दबाव सहिष्णुता के लिए आनुवंशिक सुधार

(विष्णु कुमार)

गेहूं की देशी जननद्रव्य वंशावलियों के एक सेट, जारी किस्मों एवं आनुवांशिक स्टॉक का विभिन्न सस्य-रूपात्मक गुणों और जैविक दबावों के लिए मूल्यांकन किया गया। इसके अतिरिक्त, 91 जर्मप्लाज्म लाइनों सहित गेहूं की एक समन्वित जर्मप्लाज्म नर्सरी, जिसे उत्कृष्ट इंटरनेशनल जर्मप्लाज्म नर्सरी (ईजीएन) कहा जाता है, का मूल्यांकन किया गया। उपज, सूखा सहिष्णुता तथा गुणवत्ता संबंधी विशेषताओं के लिए वांछित विसंयोजकों (सेग्रिगेंट) की प्राप्ति हेतु 28 क्रॉस के एक अर्ध डायलेल सेट को भी प्राप्त करने का प्रयास किया गया। *रबी*, 2019-20 के दौरान जौ की डीडब्ल्यूआर*बी* 137, बीएच 959, डीडब्ल्यूआर*बी* 160 तथा गेहूं की एचआई 1544 एवं एचआई 1605 किस्मों का बीज संवर्द्धन किया गया। ईआईजीएन से गेहूं के कुल 15 आशाजनक जीनप्ररूपों की पहचान की गई (तालिका 6)।

वैज्ञानिकों द्वारा गेहूं प्रजनन भूखंडों का अवलोकन

तालिका 6: रबी, 2019-20 के दौरान ईआईजीएन से चिन्हांकित गेहूं का विवरण

जीनप्ररूप (जीनोटाइप)	हेडिंग में लगने वाले दिवस (दिन)	क्लोरोफिल अंश (एसपीएडी यूनिट)	छत्राक का तापमान (°सी)	परिपक्व पौधे की ऊंचाई (सेंमी)	तलशाखाएं/ मीटर पंक्ति लंबाई	अनाज उपज (टन/ हे.)
6वीं एचआरडब्ल्यूवाईटी 206	85	52.0	23.9	97.6	116	5.6
8वीं एसएटीवाईएन 9411	94	46.6	18.6	128.4	114	5.5
26वीं एसएडब्ल्यूवाईटी 309	85	40.0	22.6	99.2	92	5.3
13वीं एसटीईएम आरआरएसएन 6098	90	51.4	23.8	96.8	103	5.2
29जी एचआरडब्ल्यूएसएन 2040	85	47.0	25.8	94.6	96	5.1
10वीं एचएलबीएसएन 3	90	48.0	19.7	112.6	135	5.1
29वीं एचआरडब्ल्यूएसएन 2007	88	51.8	27.0	92.4	73	5.1
6वीं एचआरडब्ल्यूवाईटी 223	90	51.1	20.9	99.2	112	5.1
10वीं एचएलबीएसएन 49	95	50.2	22.9	97.0	94	4.9
36वीं एसएडब्ल्यूएसएन 3261	85	48.6	27.6	92.4	61	4.8
17वीं एचटीडब्ल्यूवाईटी 10	89	49.1	27.3	78.4	120	4.6
10वीं एचएलबीएसएन 37	92	48.3	25.1	99.2	90	4.5
6वीं एचआरडब्ल्यूवाईटी 222	93	50.7	24.4	93.6	115	4.3
29वीं एचआरडब्ल्यूएसएन 2129	88	54.8	27.6	88.2	80	4.2
36वीं एसएडब्ल्यूएसएन 3047	88	48.0	23.5	88.0	91	4.0
एचआई 1544 (चैक)	82	41.4	22.1	87.0	91	3.8

6.2. फसल उत्पादन

6.2.1. मूंग की वृद्धि एवं उपज पर विभिन्न प्रकार की बुवाई मशीनों का प्रभाव

(सौरभ सिंह, सुशील कुमार सिंह एवं भोलूराम गुर्जर)

फसल उत्पादकता को बढ़ाने तथा निवेश-उपयोग दक्षता में सुधार के लिए पंक्तिबद्ध बुवाई को प्रोन्नत करने के लिए *खरीफ* के दौरान मूंग की फसल में बुवाई तकनीकों के मानकीकरण हेतु एक अध्ययन किया गया। प्रयुक्त चार उपचारों में : किसानों द्वारा अपनाई जाने वाली विधि (पारंपरिक तकनीक), जीरो-टिल फर्टि-सीड ड्रिल से बुवाई, मल्टी-क्रॉप सीड-कम-फर्टिलाइजर ड्रिल से बुवाई तथा हैप्पी सीडर से बुवाई को सम्मिलित किया गया। इन बुवाई तकनीकों का प्रभाव अंकुरण प्रतिशतता, पौधों की संख्या, नमी अंश आदि पर देखा गया। जीरो-टिल फर्टि-सीड ड्रिल से बुवाई में सबसे कम समय लगा (4 घंटा/हे.) जबकि किसानों द्वारा अपनाई जाने वाली पारंपरिक विधि से बुवाई करने पर सबसे अधिक समय (6.5 घंटा/हे.) लगा। पारंपरिक बुवाई से प्राप्त बीज उपज को न्यूनतम (542 किग्रा/हे.) पाया गया जो अन्य तकनीकों से बुवाई की तुलना में 22.4 - 33.3 प्रतिशत कम थी।

6.2.2. मूंगफली के बाद बोए गए गेहूं की उत्पादकता में सुधार हेतु जुताई तथा नाइट्रोजन प्रबंधन

(गुंजन गुलेरिया, जी. प्रभु एवं अमित कुमार सिंह)

गेहूं की उपज पर जुताई व्यवस्था एवं नाइट्रोजन प्रबंधन के प्रभाव के मूल्यांकन हेतु एक अध्ययन किया गया। इस प्रयोग को मुख्य प्लॉट में स्प्लिट-प्लॉट डिजाइन के तहत तीन जुताई व्यवस्थाओं तथा सब-प्लॉट में नाइट्रोजन के चार स्तरों के साथ तीन प्रतिकृतियों (रेप्लिकेशन) में संचालित किया गया।

(क) बुवाई शून्य से उपजाऊ बीज ड्रिल मशीन के साथ

(ख) बहु-फसल बीज-सह-उर्वरक ड्रिल मशीन के साथ बुवाई

(घ) सुखी बीजक मशीन से बुवाई करें

(ग) प्रायोगिक क्षेत्र का एक सामान्य दृश्य

अपशिष्ट सहित शून्य जुताई का मृदा के तापमान, खरपतवारों की सघनता (*चेनोपोडियम एल्बम*) तथा फसल की वृद्धि पर उल्लेखनीय प्रभाव पाया गया। फसल तथा उसकी सापेक्षिक वृद्धि दर पर 125 प्रतिशत आरडीएन की दर से नाइट्रोजन अनुप्रयोग का महत्वपूर्ण प्रभाव देखा गया। प्रयोग के पहले वर्ष के दौरान जुताई व्यवस्था का कोई विशेष प्रभाव नहीं पाया गया।

6.3. फसल सुरक्षा

6.3.1. मूंगफली में रोग घटनाओं का आकलन

(शुभा त्रिवेदी)

खरीफ, 2019 के दौरान मूंगफली की फसल में रोग घटनाओं के आकलन हेतु एक अध्ययन किया गया। जुलाई, 2019 के दौरान मूंगफली की गिरनार

अल्टरनेरिया ब्लाइट के लक्षण

टिक्का या पत्ती धब्बा लक्षण

2 किस्म की बुवाई की गई और इसमें रोगों के उभरने का पता लगाने के लिए नियमित प्रेक्षण लिए गए। बुवाई के 30 दिनों पश्चात उभरने वाले रोगों में टिक्का लीफ स्पॉट तथा *आल्टरनेरिया* लीफ ब्लाइट के संक्रमण को देखा गया। टिक्का लीफ स्पॉट के मामले में प्रारंभ में पत्तियों की ऊपरी सतह पर बहुत छोटे उप-वृत्ताकार क्लोरोटिक धब्बे देखे गए, जो बाद में गहरे भूरे रंग के हो जाते हैं और उनके चारों ओर एक पीला वलय बन जाता है। *आल्टरनेरिया* ब्लाइट रोग, लीफलेट्स (पत्रकों) के शीर्ष भाग में अंगमारी (मुरझान) के रूप में उभरता है जो बाद में हल्के से गहरे भूरे रंग का हो जाता है। संक्रमण के बाद की अवस्थाओं में ये मुरझाई हुई पत्तियां भीतर की ओर मुड़ कर भंगुर (ब्रिटिल) हो जाती हैं। निकटवर्ती क्षतिग्रस्त भाग आपस में मिल कर पत्ती को चिथड़े चिथड़े कर देती हैं और वे मुरझा जाती है। टिक्का लीफ स्पॉट तथा *आल्टरनेरिया* ब्लाइट रोग की तीव्रता के प्रतिशत को क्रमशः 42.4 तथा 34.5 प्रतिशत पाया गया। मूंगफली की कलियों में नेक्रोसिस (ऊतक क्षय) रोग का भी अल्प प्रकोप देखा गया।

6.3.2. पुष्पन अवधि के दौरान सरसों में कीट परागण -कर्ताओं की विविधता

(ऊषा मौर्य)

रबी 2019-20 के दौरान सरसों की फसल पर कई प्रकार के परागणकारी कीटों को देखा गया। पुष्पन काल के दौरान सरसों के पुष्पगुच्छों पर 11 प्रजातियों के कीटों को देखा गया। सरसों की फसल पर मंडराने वाले प्रमुख कीट प्रजातियों में ऑर्डर (वर्ग) डिप्टेरा, हाइमेनोप्टेरा तथा कोलियोप्टेरा से संबंधित थे। इनमें से सिरफिड्स (ऑर्डर डिप्टेरा) को सर्वाधिक प्रबल पाया गया। सिरफिड्स वर्ग में *एपिसिरफस बाल्टीटस डीजियर, मेलानो स्टोमाओरियेंटेल* डब्ल्यूई., *सिरफसकोरोले* फेब, तथा *एरिस्टेलिसेनेक्स* एल. शामिल थे। सरसों की फसल पर आने वाले कीटों में हाइमेनोप्टेरा ऑर्डर के कीटों को प्रमुखता

एपिसडोर्सटा

एपिसिसराना इंडिका

एपिस मेलिफेरा

से पाया गया। मुख्य प्रजातियों में *एपिस* जीनस की *एपिस डॉरसाटा* फेब., *एपिस मेलिफेरा* एल., *एपिस सेराना इंडिका* फेब. तथा *एपिस फ्लोरिया* सम्मिलित थीं। लेडीबर्ड बीटिल (सोनपंखी भृंग) प्रजातियों में *कॉक्सीनेल्ला सेप्टेमपक्टाटा, सी. ट्रांसवर्सेलिस* तथा *चेइलोमेनेस सेक्समाकुलाआ* एल. (कोलियोप्टेरा : कॉक्सीनेलिडी) को बड़ी संख्या में सरसों की फसल पर पाया गया। इन परागणकर्ता कीटों की सर्वाधिक सक्रियता को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 2 बजे के बीच देखा गया।

6.4. भाकृअनुप-अखिल भारतीय समन्वित चना अनुसंधान परियोजना

6.4.1. चना सुधार पर प्रजनन परीक्षण

(अंशुमान सिंह)

भाकृअनुप-एआईसीआरपी (चना) के तहत अनुसंधान कार्य मुख्य रूप से मध्य भारत के लिए उच्च उपजशील तथा बहु-रोग प्रतिरोधी किस्मों को विकसित कर चने की उत्पादकता एवं उत्पादन में वृद्धि, अंत: फसल प्रणालियों तथा एकीकृत पोषक तत्व एवं जल प्रबंधन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया।

2019-20 के दौरान, उपज मूल्यांकन पर 06 परीक्षणों, अर्थात आईवीटी (वर्षाश्रित, 29 प्रविष्टियाँ), आईवीटी (देसी-सिंचित, तथा समय पर बुवाई वाली 44 प्रविष्टियां), आईवीटी (काबुली + अत्यधिक बड़े दाने वाला काबुली चना, 23 प्रविष्टियां), एवीटी-1 (देसी-सिंचित, समय पर बुवाई वाली 5 प्रविष्टियां), एवीटी-1 (काबुली + अत्यधिक बड़े दाने वाला काबुली चना, 16 प्रविष्टियां) तथा एवीटी-2 (काबुली चना + अत्यधिक बड़े दाने वाला काबुली चना, 5 प्रविष्टियां) को संचालित किया गया। विभिन्न प्रकार की उत्कृष्ट प्रजनन वंशावलियों ने विभिन्न प्रकार के पौध समलाक्षणिकता (फेनोटाइप), रोग प्रतिरोधिता और उपज के स्तरों को प्रदर्शित किया। आईवीटी (देसी-सिंचित, समय पर बुवाई) परीक्षण में, सी-19188 से सर्वाधिक बीज उपज (2.92 टन/हे0) की प्राप्ति हुई, जबकि सी-19129 ने एवीटी-1 (देसी-सिंचित, समय पर बुवाई) ट्रॉयल में 2.19 टन/हे0 का उत्पादन किया। आईवीटी (काबुली + ईएलएसके) परीक्षण में, सी-19,412 किस्म में अधिकतम बीज उपज (3.36 टन/हे0) दर्ज की गई जबकि एवीटी-1 (काबुली + ईएलएसके) परीक्षण में सी-19343 से अधिकतम बीज उपज (2.62 टन/हे0)

प्राप्त हुई। आईवीटी वर्षाश्रित (रेनफेड) स्थितियों में सी-19326 से अधिकतम बीज उपज (2.36 टन/हे0) प्राप्त हुई जबकि एवीटी-2 (काबुली + ईएलएसके) ट्रॉयल में सी-19350 से अधिकतम बीज उपज (1. 40 टन/हे0) प्राप्त हुई। दो प्रविष्टियों (आरएलबीजीके 1 और आरएलबीजीके 2) को एवीटी-2 (काबुली + ईएलएसके) में तथा एक प्रविष्टि आरएलबीजीके 3 को एवीटी-1 (काबुली + ईएलएसके) में प्रोन्नत किया गया। देश भर में विभिन्न स्थानों पर परीक्षण के लिए आईवीटी (देसी-सिंचित, समय पर बुवाई) और आईवीटी (मैकेनिकल हार्वेस्टिंग) परीक्षणों में दो नई प्रविष्टियों-आरएलबीजी 6 एवं आरएलबीजीएमएच -1, को समाविष्ट किया गया। भारत के विभिन्न इको-जोन में प्रविष्टि आरएलबीजी 2, आरएलबीजी 3 और आरएलबीजीके 2 को विल्ट के प्रति 06 या इससे अधिक स्थानों पर प्रतिरोधी पाया गया।

6.4.2. आरएलबीसीएयू-इक्रिसेट सहयोगी कार्यक्रम

इक्रिसेट के साथ सहयोगी अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत आईसीवीटी-देसी, आईसीवीटी-काबुली तथा आईसीवीटी देसी-मैकेनिकल हार्वेस्टिंग जैसे तीन प्रजनन परीक्षणों में से प्रत्येक को 20 प्रविष्टियों के साथ संचालित किया गया। आईसीवीटी- देसी परीक्षण के तहत, दो उच्च उपज वाली उत्कृष्ट प्रजनन वंशावलियों आईसीसीवी 191101 एवं आईसीसीवी 191104 की पहचान की गई, जिनसे प्राप्त बीज उपज क्रमशः 2.41 टन/हे0 और 1.83 टन/हे0 थी। आईसीवीटी-काबुली परीक्षण में, आईसीसीवी 191318 से 1.77 टन/हे0 की अधिकतम बीज उपज प्राप्त हुई, तत्पश्चात इसे आईसीसीवी 191316 (1.44 टन/हे0) में प्राप्त किया गया। आईसीवीटी देसी-मैकेनिकल हार्वेस्टिंग परीक्षण में, आईसीसीवी 191603 तथा आईसीवी 191602 से 1.88 टन/हे0 की अधिकतम उपज प्राप्त हुई।

6.4.3. आरएलबीसीएयू-इकारडा सहयोगी कार्यक्रम

रबी 2019-20 में आईसीएआरडीए के साथ सहयोगी कार्यक्रम के अंतर्गत काबुली चने की प्रजनन वंशावलियों से युक्त तीन परीक्षण, अर्थात् आईसीएआरडीए-एफएलआरपी-सीएस 2-2019-20, आईसीएआरडीए-सीएटी-20 तथा आईसीएआरडीए-सीआईईएनई-20 का संचालन किया गया। आईसीएआरडीए-एफएलआरपी-सीएस 2-2019-20 परीक्षण में 64 प्रविष्टियों (2 चेक, अर्थात जेजीके 3 एवं आरवीजी 102 सहित) का उपयोग किया गया। सर्वाधिक बीज उपज (2.34 टन/हे0) को एफएलआईपी 09-146 सी-एस 5 से प्राप्त किया गया और इसके बाद इसे XIIth 86-एस5 (2. 32 टन/हे0) और एफएलआईपी 10-277 सी (2.30 टन/हे0) में पाया गया। आईसीएआरडीए-सीएटी-20 तथा आईसीएआरडीए-सीआईईएनई-20 परीक्षणों में दो चैक किस्मों-आईएलसी 482 तथा उज्ज्वला को शामिल करते हुए छत्तीस प्रविष्टियों को उगाया गया। ट्रायल आईसीएआरडीए-सीएटी-20 में एफएलआईपी 13-293 सी (3.33 टन/हे0) से सर्वाधिक बीज उपज प्राप्त हुई जबकि उसके बाद इसे एफएलआईपी 13-384 सी (3.22 टन/हे0) में पाया गया जबकि आईसीएआरडीए-सीआईईएनई-20 परीक्षण में सर्वाधिक बीज उपज को एफएलआईपी 13-292 सी (1.69 टन/हे0) में तथा उसके बाद वंशावली एफएलआईपी 88-85 सीसी (1.50 टन/हे0) से प्राप्त हुई। इनमें से अधिकांश वंशावलियां अच्छी लंबाई वाली थीं तथा यांत्रिक कटाई के लिए उपयुक्त थी (तालिका 7)।

6.4.4. संकरण कार्यक्रम (क्रॉसिंग प्रोग्राम)

संकरण कार्यक्रम को ऐसी प्रजनन सामग्री को सृजित करने के लिए चलाया गया जिसमें उपज, इसके संघटक गुणों तथा प्रमुख रोगों के विरुद्ध प्रतिरोधिता में विविधता के गुणों का समावेश हो। राष्ट्रीय संकरण कार्यक्रम के अंतर्गत दो क्रॉसेज (संकरण) यथा बीजी 3062 × जेजी-16 तथा बीजी 3062 × जेएकेआई 9218 तथा *रबी* मौसम 2019-20 में 20 सफल संकरों को सृजित किया गया (तालिका 8)। विभिन्न पीढ़ियों

तालिका 7: विभिन्न फॉर्म (ऑन-स्टेशन) परीक्षणों में आशाजनक प्रविष्टियों का प्रदर्शन

परीक्षण	प्रविष्टियों की संख्या	आशाजनक प्रविष्टियों	बीज की उपज (टन/हे.)	औसत बीज उपज (टन/हे.)	सीवी (%)
आईसीवीटी-देसी	20	आईसीसीवी 191101	2.41	1.16	11.8
		आईसीसीवी 191104	1.83		
आईसीवीटी-देसी-एमएच	20	आईसीसीवी 191603	1.88	1.58	12.3
		आईसीसीवी 191602	1.88		
आईसीवीटी-काबुली	20	आईसीसीवी 191318	1.77	1.31	11.7
		आईसीसीवी 191316	1.44		
इकार्डा-एफएलआरपी-सीएस-2019-20	64	एफएलआईपी 09.146 सी-एस5	2.34	1.54	13.9
		XII जी 86-एस 5	2.32		
		एफएलआईपी 10.277 सी	2.30		
		एफएलआईपी 07.316 सी-एस5	2.25		
इकार्डा-सीएटी-20	36	एफएलआईपी 13.293 सी	3.33	1.91	12.1
		एफएलआईपी 13.384 सी	3.22		
इकार्डा-सीआईईएनई-20	36	एफएलआईपी 13.292 सी	1.69	0.81	13.5
		एफएलआईपी 88.85 सी	1.50		

तालिका 8: रबी 2019-20 में राष्ट्रीय क्रॉसिंग कार्यक्रम के अंतर्गत चने में संकरण

क्रम सं.	संकरण	क्रम सं.	संकरण
1.	आईसीसीवी × आईसीसीएक्स-30027-बी-बी-16-बी-बी	11.	आईपीसी 6-77 × आईवीटी (आर.एफ) सी-19326
2.	आईसीसीएक्स-110063-बी-बी-43-बी-बी-बी × ईसी-23067	12.	आईसीसीएक्स-110063 बी-बी-बी-5-बी-बी × जेजी-11
3.	आईसीसीवी-181609 × ईसी-23067	13.	जेजी-16 × बीजी-3062
4.	आईसीसीवी-181301 × आईसीसीएक्स-730027 बी-बी-9-बी-बी	14.	बीजी-3062 × आईवीटी (आर.एफ) सी-19319
5.	आईसीसीएक्स-100107 एफ4 पी[1] बी पी बी पी × आईसीसीएक्स-181301-बी-बी-9-बी-बी	15.	आईपीसी 10-134 × आईवीटी (आर.एफ) सी-19319
6.	आईसीसी-060157 एफ3 बी-24-बी-बी-11-बी × आईसीसीएक्स-181301 बी-बी-9-बी-बी	16.	जेजी-322 × आरवीजी-205
7.	आरवीजी-201 × जेजी-36	17.	जेएकेआई-9218 × आईवीटी (आर.एफ) सी-19296
8.	जेजी-36 × आईसी-244340	18.	आरवीजी-204 × आईवीटी (आर.एफ) सी-19326
9.	आरवीजी-205 × आईसी-244340	19.	जेएकेआई-9218 × जेजी-16
10.	आईसीसीएक्स-110066-बी-बी-बी-बी-64-बी-बी × जेजी-11	20.	आईसीसीएक्स-140031 बी-बी-बी × आईसीसी-14402

(जेनरेशन) से प्रजनन सामग्री को उसके मूल्यांकन, चयन तथा अगली पीढ़ी में अग्रत करने के लिए उगाया गया। एफ1 पीढ़ी के अंतर्गत, 20 संकरणों का प्रयास किया गया। एफ1 एवं एफ5 पीढ़ी में क्रमश: 29 तथा 33 सिंगल पौधों का चयन किया गया।

6.4.5. पादप आनुवंशिक संसाधन

भाकृअनुप-एनबीपीजीआर, नई दिल्ली से लाए गए 546 जननसामग्री की प्राप्तियों (एक्सेसन) को उगाया गया तथा विभिन्न फसली तथा रूपाकृतिक विशेषताओं के लिए उनकी जांच की गई। इसके अलावा, उच्च-उपजशील किस्मों की पृष्ठभूमि के समक्ष अगेती परिपक्वता, ताप, सूखा तथा रोग मुरझान के प्रति सहिष्णुता जैसे वांछित गुणों के अंतरण हेतु उच्च-उपज वाली विमोचित किस्मों सहित विभिन्न एक्सेसनों (प्राप्तियों) तथा अन्य प्रजनन वंशावलियों के संकरण का प्रयास किया गया।

6.4.6. चने की फसल में सुधार हेतु पादप रोग विज्ञान संबंधी परीक्षण

(मीनाक्षी आर्य)

आईवीटी, एवीटी 1 और एवीटी 2 (देसी, काबुली, वर्षाश्रित, देर से बोई गई, एमएच, डीटीआईएल आदि) में सम्मिलित दो सौ इकतालीस (241) प्रविष्टियों का चने के मुरझान रोग (विल्ट) से ग्रसित कृत्रिम प्लॉट में जांच की गई। प्रविष्टि, पी 13202, पी 13203, पी 13205, पी 13056, पी 13058, पी 13230, पी 13220, पी 13222, पी 13263, पी 13270, पी 13272, पी 13273, पी 13278, पी 13214, पी 13228, को विल्ट रोग के प्रति प्रतिरोधक क्षमता वाला पाया गया जबकि प्रविष्टि पी 13079, पी 13257, पी 13256, पी 13254, पी 13247, पी 13218, पी 13212, पी 13213, पी 133229, पी 13229, पी 13053, पी 13251, पी 13158, पी 13151 और पी 13110 को अतिसंवेदनशील पाया गया। पी 13173 और पी 13174 प्रविष्टियों को छोड़कर आईवीटी (के + ईएलएसके) परीक्षण में खराब अंकुरण देखा गया।

आईवीटी, एवीटी 1 और एवीटी 2 (देसी, काबुली, वर्षाश्रित, देर से बोई गई किस्में, एमएच, डीटीआईएल आदि) में इन प्रविष्टियों को गमलों (पॉट) में उगाकर चने के कॉलर रॉट रोग के विरुद्ध भी इनकी जांच की गई। इन प्रविष्टियों में, पी-13270, पी-13228, पी-13220, पी-13205, पी-13182, पी-13153, पी-13125 तथा पी-13112 को मध्यम तौर पर सहिष्णु पाया गया।

प्रभावी *ट्राइकोडर्मा* प्रजातियों तथा नए सुसंगत कवकनाशियों के संयोजन के प्रयोग द्वारा चने के मुरझान रोग (विल्ट) के प्रबंधन हेतु एक परीक्षण किया गया। अंकुरण, पौधों की संख्या, 100-बीजों का वजन और बीज उपज पर प्रेक्षणों को दर्ज किया गया। दिए गए उपचारों में : T_1 - *ट्राइकोडर्मा हर्जिएनम* T_6 से उपचारित बीज (T_2 - *टी. हर्जेनियम* T_{28} से उपचारित बीज (T_3 - *टी. विरिडे* से उपचारित बीज (T_4- टीआई म्यूटेंट से उपचारित बीज (T_5- प्रोपिनब से उपचारित बीज (T_6- हेक्साकोनेजोल + जेनब से उपचारित बीज (T_7- *ट्राइकोडर्मा हर्जिएनम* T_6 + प्रोपीनेब से उपचारित बीज और T_8-नियंत्रण (गैर उपचार) को सम्मिलित किया गया। अंकुरण, पौधों की संख्या, 100-बीजों का वजन और बीज-उपज जैसे मापदंडों में विविधता को दर्ज किया गया। उपचार T_3 में सर्वाधिक अंकुरण देखा गया, और उसके

डा. मितेष के. चुडासमा, सदस्य, निगरानी दल, जे ए यू, जूनागढ़ द्वारा मुरक्षान रोग ग्रसित कृत्रिम प्लाट की जांच

बाद इसे टी4 और टी6 में पाया गया जबकि टी1 में इसे न्यूनतम पाया गया। इससे यह निष्कर्ष निकला कि *ट्राइकोडर्मा विरिडे* से बीजोपचार *फ्यूजेरियम ऑक्सीस्पोरम* के विरुद्ध सबसे अधिक प्रभावी पाया गया तथा इससे पौधों की संख्या और चने की उपज में भी सुधार देखा गया। विल्ट बीमारी से ग्रसित मौजूदा खेतों के सुदृीकरण के अलावा कॉलर रॉट एवं ड्राई रूट रॉट ग्रसित खेतों को तैयार करने का कार्य भी प्रारंभ किया गया। ग्रसित खेतों में विल्ट की बीमारी को बढ़ाने के लिए *रबी* पूर्व मौसम (सितंबर) में जेजी 62 की बुवाई की गई और एक महीने बाद, मिटी में इन विल्ट ग्रसित पौधों को मिलाया गया। चने के भूसे और दानों के बहुलीकरण के पश्चात इनोकुलम को भी मिलाया गया। इसके अतिरिक्त, विल्ट रोग के विशेषकों (डिफरेंशियल) के एक सेट, अर्थात् सी 104, जेजी 74, सीपीएस 1, बीजी 212, डब्ल्यूआर 315, केडब्ल्यूआर 108, का, अन्नेगिरि, एल 550, डेल्टा तथा के 850 का केंद्र में रखरखाव और संवर्द्धन किया गया।

6.5. भाकृअनुप-अखिल भारतीय तोरिया-सरसों पर समन्वित अनुसंधान परियोजना

6.5.1. सरसों की फसल में सुधार

(राकेश चौधरी)

गुणवत्तापूर्ण सरसों (आईवीटी- क्वालिटी मस्टर्ड) पर एक समन्वित परीक्षण तथा उपज मूल्यांकन पर चार समन्वित परीक्षणों, अर्थात् आईवीटी-अगेती, एवीटी-1 अगेती, आईवीटी (समय पर बोई गई) सिंचित, एवीटी-1 (समय पर बोई गई) सिंचित परीक्षणों को संचालित किया गया। उपज एवं उपज में योगदान हेतु जांची गई 71 प्रविष्टियों में से आईवीटी-अगेती के तहत रासि -1605 (2.74 टन/हे0), एनपीजे-229 (2.60 टन/हे0) और आरएच 1999-42 (2.58 टन/हे0) (एवीआई-1 अगेती के तहत पीएम-25 (2.86 टन/हे0), पीएम-27 (2.84 टन/हे0) तथा डीआरएमआरसीआई -96 (2.48 टन/हे0) (आईवीटी के तहत समय पर बोई गई सिंचित दशाओं में आरएच -1799-24 (2.94 टन/हे0), माया (2.63 टन/हे0) और डीआरआर-2018-25 (2.54 टन/हे0) (एवीटी-1 के तहत, समय पर बोई गई सिंचित दशाओं में एसकेएम 1626 (2.42 टन/हे0), आरजीएन -73 (2.29 टन/हे0) और आरएच -1584 (2.10 टन/हे0) तथा आईवीटी क्वालिटी मस्टर्ड के तहत एलईएस-60 (2.81 टन/हे0), क्रांति (2.72 टन/हे0) और आरएच (ओई) -1711 (2.43 टन/हे0) को शीर्ष उपज वाली किस्में थीं (तालिका 9)।

उपज और इसके घटक लक्षणों के लिए प्रजनन सामग्री की उपलब्धता के लिए संकरण कार्यक्रम चलाया गया। पंद्रह एकल क्रॉस का प्रयास किया गया और क्रॉस के लिए माता-पिता का चयन कृषि-रूपात्मक प्रदर्शन, उपज और रोग प्रतिरोध मापदंडों के आधार पर किया गया। प्रजनन सामग्री को

सरसों परीक्षण क्षेत्र का दृश्य

तालिका 9: बीज उपज हेतु आशाजनक सरसों के ट्रॉयल (परीक्षण) एवं प्रविष्टियों का विवरण

परीक्षण	प्रविष्टियों की संख्या	प्रविष्टि कोड	शुद्ध प्लॉट साइज (मीटर)	प्रायोगिक डिजाइन	प्रति-कृतियां	बुवाई की तिथि	बीज उपज के आधर पर बेहतर प्रविष्टियां (टन/हे.)
आईवीटी अगेती	22	एमसीएन (ई)-19.1 से एमसीएन (ई)-19.22	1.2×4.5	आरबीडी	3	08-10-2019	राशि-1605 (2.74), एनपीजे-229 (2.60), आरएच-1999-42 (2.58)
एवीटी1-अगेती	6	एमसीएन (ई)-19.23 से एमसीएन (ई)-19.28	2.4×4.5	आरबीडी	4	08-10-2019	पीएम-25 (2.86), पीएम-27 (2.84), डीआरएमआरसी1-96 (2.48)
आईवीटी (टीएस सिंचित)	24	एमसीएन-टीएस-19.01 से एमसीएन-टीएस-19.24	1.2×4.5	एल्फा लेटिस (वी-24, बी-9,के-8)	3	30-10-2019	आरएच-1799-24 (2.94), माया (2.63), डीआरएमआर-2018-25 (2.54)
एवीटी1-(टीएस सिंचित)	6	एमसीएन-टीएस-19.46 से एमसीएन-टीएस-19.51	2.4×4.5	आरबीडी	4	29-10-2019	एसकेएम - 1626 (2.42), आरजीएन-73 (2.29), आरएच-1584 (2.10)
आईवीटी (गुणवत्तायुक्त सरसों)	13	एमसीएन-क्यूएम.19.1 से एमसीएन-क्यूएम.19.13	1.2×4.5	आरबीडी	3	29-10-2010	एलईएस-60 (2.81), क्रांति (2.72), आरएच (ओई)-1711 (2.43)

तालिका 10: संकरण कार्यक्रम एवं पीढ़ी की प्रगति

क्रियाकलाप	पीढ़ी	संतति (पेडिग्री)	किए गए क्रॉसों की संख्या/ वंशावली	चयन	
				एकल पौध	थोक (बल्क में)
संकरण कार्यक्रम	नए क्रॉस (फ्रेश क्रॉस)	उन्नत जीनप्ररूप या किस्में	15		
पीढ़ी को आगे बढ़ाना	F_2	एचबी 9925 × आरजीएन 73, एचबी 9925 × आरएच 749, डीआरएमआर-आईजे-31 × आरजीएन -73, डीआरएमआर-आईजे-31 × EH_2, डीआरएमआर-आईजे-31 × डीआरएमआर-आईजे-17-40, डीआरएमआर-आईजे-31 × आरएच. 749, एमजेबी-10 × ईएच$_2$, एमजेबी-10 × डीआरएमआर-आईजे -17-40, एमजेबी-11 × आरजीएन -73, एमजेबी-5 × आरएच-749	10	प्रत्येक क्रॉस से 30-35 पौधे	10

आगे बढ़ाने के लिए, दस क्रॉसों की -2 अलग-अलग लाइनों को आईसीएआर-डीआरएमआर, भरतपुर से मंगवाया गया था ताकि वे एक संयंत्र चयन का अभ्यास कर सकें और प्रत्येक क्रॉस से 30-35 पौधों का चयन हमारी कृषि-जलवायु स्थिति में प्रदर्शन के आधार पर किया गया। (तालिका 10)

6.5.2. नर बंध्यता वाली वंशावलियों एवं प्रयोगात्मक संकरों से बीज उत्पादन

(राकेश चौधरी)

उच्च बीज उपज एवं बहु-रोग प्रतिरोधिता कार्यक्रम के लिए प्रजनन के अंतर्गत दो अलग-अलग पृथक्करण में सरसों की परीक्षणात्मक संकर किस्मों एवं नर बंध्यता वंशावलियों से बीज उत्पादन का कार्य किया गया। भाकृअनुप-तोरिया एवं सरसों अनुसंधान निदेशालय (डीआरएमआर), भरतपुर द्वारा ए, बी और आर लाइनों के बीज उपलब्ध कराए गए। संकर बीज के प्रायोगिक बीज उत्पादन के लिए, दो संकर किस्मों (एमजेए 24 × एमजेआर 3 एवं एमजेए 14 × एमजेआर 3) के 4.2 किलोग्राम बीज को सामान्य रेस्टोरर लाइन (एमजेआर$_3$) से प्राप्त किया गया। नर बंध्यता वंशावली (एमजेए$_5$) के बीज उत्पादन को मेंनटेनर लाइन (एमजेबी$_5$) के साथ संकरण द्वारा प्राप्त किया गया।

6.5.3. प्राकृतिक दशाओं में विभिन्नि रोगों के प्रति *ब्रेसिका* जननद्रव्य एवं प्रजनन सामग्री की जांच

(शुभा त्रिवेदी)

प्रतिरोधी स्रोतों की पहचान के लिए प्राकृतिक दशाओं के अंतर्गत विभिन्न रोगों के प्रति *ब्रेसिका* जननद्रव्य की जांच हेतु परीक्षणों को संचालित किया गया। दो प्रतिकृतियों में पूर्ण रेंडमाइज्ड ब्लॉक डिजाइन (सीआर*बी*डी) में एकल 3 मीटर की पंक्ति में सुग्राह्य चैक किस्म रोहिणी सहित *ब्रेसिका* की 33 प्रविष्टियों को एसबीजी (एसबीजी-19-1 से एसबीजी-19-33) तथा 49 प्रविष्टियों को यूडीएन (यूडीएन-19-1 से यूडीएन-19-49) के रूप में कोडित किया गया। प्रत्येक दो परीक्षण पंक्तियों के बाद सहिष्णु चैक किस्म को बोया गया। इन 33 एसबीजी प्रविष्टियों में से 04 प्रविष्टियों यथा एसबीजी-19-5, एसबीजी-19-16, एसबीजी-19-19 तथा एसबीजी-19-24 ने सफेद रतुवा (व्हाइट रस्ट), चूर्णिल आसिता (पाउडरी मिल्ड्यू) तथा मृदुरोमिल आसिता (डाउनी मिल्ड्यू) के प्रति बहु-रोग प्रतिरोधिता प्रदर्शित की जबकि यूडीएन प्रविष्टियों में से 13 प्रविष्टियों ने सफेद रतुवा के विरुद्ध प्रतिरोधिता दिखाई (तालिका 11)। क्रमशः 08 तथा 31 प्रविष्टियों को पाउडरी मिल्ड्यू तथा डाउनी मिल्ड्यू के प्रति प्रतिरोधिता वाला पाया गया। जांची गई सभी 85 प्रविष्टियों में से प्राकृतिक दशाओं में किसी भी प्रविष्टि ने *अल्टरनेरिया* ब्लाइट के विरुद्ध प्रतिरोधिता नहीं दिखाई।

तालिका 11: प्राकृतिक दशाओं में विभिन्न रोगों के विरुद्ध प्रतिरोधिता वाली एसबीजी एवं यूडीएन प्रविष्टियां

रोग	प्रतिरोधी प्रविष्टियां	
	एसबीजी प्रविष्टियां	यूडीएन प्रविष्टियां
सफेद रतुवा	7	13
चूर्णिल आसिता (पाउडरी मिल्ड्यू)	6	8
मृदुरोमिल आसिता (डाउनी मिल्ड्यू)	17	31
आल्टरनेरिया ब्लाइट	0	0

एसबीजी और यूडीएन प्रविष्टियों की पत्तियों पर सफेद रतुआ के लक्षण

स्टैग हेड की स्थिति

एसबीजी और यूडीएन प्रविष्टियों के पत्तों पर *अल्टरनेरिया* पर्ण चित्ती और सिलिका के लक्षण

एसबीजी और यूडीएन प्रविष्टियों की पत्तियों पर चूर्णित आसिता और सिलिका के हल्के लक्षण

6.5.4. राष्ट्रीय रोग नर्सरी ट्रॉयल में *स्क्लेरोटिनिया* रॉट के विरुद्ध प्रबल दाता किस्मों की पहचान हेतु ग्रसित प्लॉट को विकसित करना

(शुभा त्रिवेदी)

कृत्रिम संरोपण (इनोकुलेशन) के तहत *स्क्लेरोटिनिया स्क्लेरोटियोरम* द्वारा होने वाले तना सड़न (स्टेम रॉट) के प्रभाव को देखने के लिए सहिष्णु चैक किस्म रोहिणी सहित 20 *ब्रेसिका* प्रविष्टियों (एनडीएन-10-1343 से एनडीएन-19-152) को उगाया गया। इन प्रविष्टियों को दो प्रतिकृतियों सहित पूर्ण रेंडमाइज्ड ब्लॉक डिजाइन (सीआर*बी*डी) में एकल 3 मीटर लंबी पंक्ति में बोया गया। प्रत्येक दो परीक्षण पंक्तियों के बाद सुग्राह्य चैक किस्म को बोया गया। हालांकि, सभी एनडीएन प्रविष्टियों को स्टेम इनोकुलेशन तकनीक के प्रयोग द्वारा रोगाणु (पैथोजन) से कृत्रिम रूप से संरोपित किया गया था

स्क्लेरोटिनिया तना सड़न परीक्षण के लिए सिक प्लाट

स्टेम इनोक्यूलेशन तकनीक का उपयोग करते हुए *स्केलेरोटिनिया स्क्लेरोटियोरम* के विरुद्ध एनडीएन लाइनों की स्क्रीनिंग

किंतु रोग के लक्षण केवल सुग्राह्य किस्म में ही फसल कटाई तक उभरते पाए गए।

6.5.5. वर्षाश्रित सरसों की फसल की जल-उपयोग दक्षता में वृद्धि

(अर्तिका सिंह कुशवाहा)

सरसों की फसल में हाइड्रोजॅल एवं सेलिसाइक्लिक अम्ल (एसए) के प्रभाव के मूल्यांकन के लिए एक परीक्षण किया गया। बुवाई के दौरान हाइड्रोजॅल तथा पुष्पन काल एवं सिलिका निर्माण के दौरान सेलिसाइक्लिक अम्ल का प्रयोग किया गया। फसल कटाई के पहले तथा बाद के प्रेक्षणों में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं देखा गया। सेलिसाइक्लिक अम्ल (एसए) के 200 पीपीएम को प्रयुक्त करने पर अत्यधिक शुद्ध लाभ तथा लागत : लाभ अनुपात (बी : सी अनुपात) प्राप्त हुआ (तालिका 12)।

तालिका 12: सरसों की उपज प्राप्ति एवं आर्थिकी

उपचार	बीज उपज (किग्रा/हे.)	शुद्ध प्राप्तियां ($\times 10^3$ रु./हे.)	लाभ : लागत अनुपात
कंट्रोल (गैर उपचारित)	927	27.4	1.88
हाइड्रोजॅल 2.5 किग्रा/हे.	985	14.7	1.44
हाइड्रोजॅल 5 किग्रा/हे.	1071	18.0	1.49
सेलिसाइक्लिक एसिड 100 पीपीएम	1127	29.2	1.94
सेलिसाइक्लिक एसिड 200 पीपीएम	1282	39.0	2.24

उपचार	बीज उपज (किग्रा/हे.)	शुद्ध प्राप्तियां ($\times 10^3$ रु./हे.)	लाभ : लागत अनुपात
हाइड्रोजॅल 2.5 किग्रा/हे. + एसए 100 पीपीएम	1201	34.4	2.01
हाइड्रोजॅल 2.5 किग्रा/हे. + एसए 200 पीपीएम	985	17.6	1.52
हाइड्रोजॅल 5 किग्रा/हे. + एसए 100 पीपीएम	1206	28.2	1.77
हाइड्रोजॅल 5 किग्रा/हे. + एसए 200 पीपीएम	1092	16.3	1.44
$एसई_{एम}$ ±	141	–	–
सीडी (0.05)	422	–	–

6.6. भाकृअनुप-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना-स्वैच्छिक परीक्षण

6.6.1. एआईसीआरपी-मक्का (राकेश चौधरी)

एआईसीआरपी-मक्का के एक स्वैच्छिक केंद्र के रूप में वर्ष 2019 के दौरान विश्वविद्यालय में मक्के पर अनुसंधान कार्य प्रारंभ किया गया। उत्तर-पश्चिम मैदानी अंचल (अंचल 2) में दाना उपज के मूल्यांकन के लिए तीन एडवांस किस्मगत परीक्षण (एवीटी) जैसे एवीटी-I (अगेती), एवीटी-I-II (मध्यम) तथा एवीटी- I-III (देरी से) किए गए। उपज तथा उपज में योगदान देने वाले कारकों के मूल्यांकन हेतु कुल 50 एडवांस प्रजनन वंशावलियों का मूल्यांकन किया



सामान्य क्षेत्र दृश्य (क-प्रति एकल दृश्य में परिपक्वता अनुसार सभी तीन परीक्षण, ख और ग) परिपक्वता पर फसल

तालिका 13: अगेती, मध्यम तथा देरी से बुवाई वाली स्थितियों में मक्का की आशाजनक प्रविष्टियां एवं उनका तकनीकी विवरण

परीक्षण (ट्रॉयल)	प्रविष्टियों की संख्या	शुद्ध प्लॉट साइड (मी)	बुवाई की तिथि	आशाजनक प्रविष्टियां (दाना उपज, टन/हे.)
एवीटी-I (अगेती)	07	1.8 × 4.0	04-07-2019	एएच 8181 (10.90), जेएच 32094 (9.93), डीएचएम 121 (8.62)
एवीटी-I-II (मध्यम)	18	3.0 × 4.0	16-07-2019	डीकेसी 9190 (9.98), टीयूएफएएन (9.51), आरसीआरएमएच 7 (8.57)
एवीटी-I-III (देरी से)	25	3.0 × 4.0	31-07-2019	पीएम 18104 एल (9.83), जेएच 16041 (8.67), पीएम 18106 एल (8.66)

गया। इन सभी परीक्षणों को रेंडमाइज्ड पूर्ण ब्लॉक डिजाइन में तीन प्रतिकृतियों के साथ संचालित किया गया। पौधों की संख्या को 60 × 20 सेंमी की दूरी पर रखा गया। इस परीक्षणों का तकनीकी विवरण और सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाली वंशावलियों को उपरोक्त तालिका-13 में दिया गया है।

6.6.2. अखिल भारतीय तिल एवं रामतिल समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी)

(शुभा त्रिवेदी एवं राकेश चौधरी)

खरीफ, 2019 के दौरान तिल की एडवांस वंशावलियों की उपज और इसमें योगदान देने वाले कारकों के मूल्यांकन हेतु दो समन्वित परीक्षणों - आईवीटी तथा एवीटी को संचालित किया गया। इस परीक्षण में 25 प्रविष्टियों (आईवीटी-19-01 से आईवीटी-19-25) तथा 13 प्रविष्टियों (एवीटी-19-01 से एवीटी-19-13) को एक स्थानीय चैक किस्म (टीकेजी-55) के साथ सम्मिलित किया गया। एडवांस वंशावलियों की बुवाई 12 जुलाई, 2019 को पूर्ण रेंडमाइज्ड ब्लॉक डिजाइन में की गई। आईवीटी की 25 प्रविष्टियों में से आईवीटी-19-14 (447 किग्रा/हे0), आईवीटी-19-18 (434 किग्रा/हे0), आईवीटी-19-02 (432 किग्रा/हे0) तथा आईवीटी-19-21 (432 किग्रा/हे0) को उपज के

तिल में जैविक तनाव: क) *अल्टरनेरिया* एसपीपी संक्रमण ख) बिहार हैयरी कैटरपिलर का संक्रमण

तालिका 14: आईवीटी एवं एवीटी ट्रॉयलों में तिल की प्रजनन वंशावलियों की उपज का प्रदर्शन

क्रम सं.	प्रविष्टि	बीज उपज (किग्रा/हे.)	क्रम सं.	प्रविष्टि	बीज उपज (किग्रा/हे.)
आईवीटी					
1	आईवीटी-19-01	418	14	आईवीटी-19-14	447
2	आईवीटी-19-02	432	15	आईवीटी-19-15	423
3	आईवीटी-19-03	422	16	आईवीटी-19-16	415
4	आईवीटी-19-04	426	17	आईवीटी-19-17	418
5	आईवीटी-19-05	415	18	आईवीटी-19-18	434
6	आईवीटी-19-06	425	19	आईवीटी-19-19	417
7	आईवीटी-19-07	428	20	आईवीटी-19-20	425
8	आईवीटी-19-08	412	21	आईवीटी-19-21	432
9	आईवीटी-19-09	419	22	आईवीटी-19-22	416
10	आईवीटी-19-10	425	23	आईवीटी-19-23	411
11	आईवीटी-19-11	417	24	आईवीटी-19-24	425
12	आईवीटी-19-12	410	25	आईवीटी-19-25	415
13	आईवीटी-19-13	419	26	स्थानीय चैक किस्म 1 (टीकेजी-55)	410
एवीटी					
1	एवीटी-19-01	407	8	एवीटी-19-08	384
2	एवीटी-19-02	397	9	एवीटी-19-09	397
3	एवीटी-19-03	386	10	एवीटी-19-10	402
4	एवीटी-19-04	396	11	एवीटी-19-11	401
5	एवीटी-19-05	395	12	एवीटी-19-12	389
6	एवीटी-19-06	386	13	एवीटी-19-13	385
7	एवीटी-19-08	391	14	स्थानीय चैक किस्म 1 (टीकेजी-55)	316

मामले में स्थानीय चैक किस्म टीकेजी (410 किग्रा/हे0) से बेहतर पाया गया (तालिका 14)। एवीटी प्रविष्टियों में से एवीटी-19-01 (470 किग्रा/हे0), एवीटी-19-10 (420 किग्रा/हे0) तथा एवीटी-19-11 (410 किग्रा/हे0) को उपज के मामले में स्थानीय चैक किस्म टीकेजी (316 किग्रा/हे0) से बेहतर पाया गया। फसल काल के दौरान फसल पर *आल्टरनेरिया* प्रजाति, रोमिल कैटरपिलर तथा ग्रीन बग का अल्प प्रकोप देखा गया। उत्कृष्ट प्रजनन परीक्षण (एलीट ब्रीडिंग ट्रॉयल) की निष्पादन क्षमता को उपरोक्त तालिका 14 में प्रस्तुत किया गया है।

6.6.3. एआईसीआरपी-बाजरा परीक्षण

(अर्तिका सिंह कुशवाहा)

अखिल भारतीय समन्वित बाजरा अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी) के अंतर्गत उत्कृष्ट वर्ग

की प्रजनन लाइनों की उपज एवं उपज में योगदान देने वाले कारकों के मूल्यांकन हेतु पूर्ण याद्वच्छिक ब्लॉक डिजाइन में तीन प्रतिकृतियों के साथ तीन परीक्षण - विमोचित संकर किस्में एवं किस्मगत परीक्षण (आरएचवीटी, 30 प्रविष्टियां), पौध संख्या परीक्षण (पीटी, 13 प्रविष्टियां) और प्रारंभिक संकर किस्मों का परीक्षण (आईएचटी-मध्यम, 36 प्रविष्टियां) किया गया। आरएचवीटी और पीटी (ए) परीक्षणों में, प्रत्येक प्रविष्टि की छह पंक्तियों के एक प्लॉट में रखरखाव किया गया, जबकि आईएचटी-माध्यम में प्रति प्लॉट तीन पंक्तियों को बनाए रखा गया। 60 × 10 सेमी दूरी के मानक अंतराल पर बाजरा की सभी प्रजनन वंशावलियों की बुवाई 16-17 जुलाई, 2019 को की गई। आरएचवीटी (ए) में 50 प्रतिशत फूल खिलने पर प्रेक्षणों को दर्ज किया गया और इसे 46 दिन (एचएचबी-67 और आईसीएमवी 221) से लेकर 63 दिन (केबीएच 108) तथा प्रारंभिक संकर परीक्षण में 46 दिन (आईएचटी-46) से 59 दिन (आईएचटी-220) के बीच पाया गया। सभी 13 पॉपुलेशनों में से पीटी 610 को शीघ्र फूल खिलने वाली किस्म (49 दिन) पाया गया, जबकि पीटी -606 को देरी से परिपक्वता (61 दिन) वाली किस्म पाया गया। सितंबर-अक्टूबर के महीनों में भारी बारिश के कारण उपज स्तर को ईष्टतम से कम पाया गया।

6.6.4. अखिल भारतीय समन्वित जौ अनुसंधान परियोजना

(विष्णु कुमार)

जौ के 10 जीनप्ररूपों को सम्मिलित करते हुए छिलका रहित जौ की फसल पर तीन प्रतिकृतियों सहित याद्वच्छिक पूर्ण ब्लॉक डिजाइन में एक समन्वित परीक्षण किया गया। प्रत्येक प्रतिकृति में भूखंड का सकल आकार 6.9 वर्ग मीटर था। औसत अनाज की पैदावार 2.09 से 5.75 टन/हेक्टेयर के बीच पाई गई। प्रविष्टि आईवीटी/एवीटी-एचएल$_{एस}$-1 को अनाज उपज के मामले में प्रथम रैंक पर पाया गया तथा इसमें प्राप्त उपज 5.75 टन/हे0 थी जबकि इसके बाद आईवीटी/एवीटी-एचएल$_{एस}$-4 (5.30 टन/हे0) तथा आईवीटी/एवीटी-एचएल$_{एस}$-9 (3.87 टन/हे0) को पाया गया (तालिका 15)।

तालिका 15: समन्वित परीक्षणों में छिलका रहित जौ की प्रविष्टियों का प्रदर्शन

प्रविष्टि	पौधे की ऊंचाई (सेंमी)	परिपक्वता में लगने वाले दिन (दिवस)	डंठल की लंबाई (सेंमी)	दाना उपज (टन/हे.)
आईवीटी/एवीटी-एचएल$_{एस}$-1	90.2	124.3	34.1	5.75
आईवीटी/एवीटी-एचएल$_{एस}$-2	89.7	124.3	39.0	3.82
आईवीटी/एवीटी-एचएल$_{एस}$-3	98.7	130.3	39.8	2.09
आईवीटी/एवीटी-एचएल$_{एस}$-4	100.3	130.7	35.3	3.16
आईवीटी/एवीटी-एचएल$_{एस}$-5	96.9	123.3	40.4	5.30
आईवीटी/एवीटी-एचएल$_{एस}$-6	92.7	124.3	33.9	3.62
आईवीटी/एवीटी-एचएल$_{एस}$-7	96.7	126.1	36.6	2.73
आईवीटी/एवीटी-एचएल$_{एस}$-8	95.4	124.6	36.9	3.85
आईवीटी/एवीटी-एचएल$_{एस}$-9	94.9	125.0	35.8	3.87
आईवीटी/एवीटी-एचएल$_{एस}$-10	95.7	125.2	36.4	3.67
सीवी (%)	**5.6**	**1.4**	**4.4**	**11.5**

जौ अनुसंधान परियोजना मूल्यांकन हेतु गठित टीम का भ्रमण

6.6.5. अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना -मूलार्प

(अंशुमान सिंह एवं मीनाक्षी आर्य)

मसूर

रबी 2019-20 के दौरान 3.6 वर्गमीटर के वास्तविक प्लॉट साइज पर बड़े दानों वाली मसूर की 22 प्रविष्टियों को शामिल करते हुए तीन प्रतिकृतियों के साथ यादृच्छिक पूर्ण ब्लॉक डिजाइन (आरसीबीडी) में एक मूल्यांकन परीक्षण (आईवीटी) किया गया। इसमें विभिन्न प्रजनन वंशावलियों ने पौधों के लक्षणसमष्टि (फीनोटाइप) और उपज स्तरों में अंतर प्रदर्शित किया। प्रविष्टि एलएलएस 19-127 से सर्वाधिक दाना उपज (1000 किग्रा/हे0) प्राप्त हुई जबकि इसके बाद एलएलएस 19-141 (960 किग्रा/हे0) को पाया गया। एलएलएस 19-139 में 50 प्रतिशत पुष्पन में न्यूनतम दिवस (71 दिवस) लगे।

हरी मटर (फील्ड पी)

एक अन्य आईवीटी ट्रॉयल को तीन प्रतिकृतियों के साथ यादृच्छिक पूर्ण ब्लॉक डिजाइन में हरी मटर के लिए संचालित किया गया। प्रत्येक प्रतिकृति में प्रत्येक प्रविष्टि के लिए 4.8 वर्ग मीटर (4 मीटर की 6 पंक्तियां) के नेट प्लॉट साइज में रखा गया। बौने आकार वाली मटर की प्रविष्टियों में, 11.9 प्रतिशत समग्र सीवी के साथ एफपीडी 19-156 से सर्वाधिक उपज (1.04 टन/हे0) प्राप्त हुई, और उसके पश्चात एफपीडी 19-160 (1.03 टन/हे0) से उपज मिली। आईवीटी लंबे पौध परीक्षण में क्रमशः एफपीटी 19-56 से 2.16 टन/हे0 और एफपीटी 19-58 से 2.14 टन/हे0 उपज प्राप्त हुई। एफपीटी 19-61 में 50 प्रतिशत फूल : खिलने में न्यूनतम दिनों की संख्या 73 दिन, तत्पश्चात एफपीटी 19-65 में 75 दिन रही। मसूर एवं हरी मटर की आशाजनक प्रविष्टियों का विवरण तालिका 16 में प्रस्तुत किया गया है।

तालिका 16: मूलार्प परीक्षण में मसूर एवं मटर की आशाजनक प्रविष्टियां

परीक्षण	प्रविष्टियों की संख्या	आशाजनक प्रविष्टियां	बीज उपज (टन/हे.)	सीवी (%)
मसूर आईवीटी बड़े-दाने वाली	22	एलएलएस 19.127	1.00	12.3
		एलएलएस 19.141	0.96	
		एलएलएस 19.134	0.96	
		एलएलएस 19.133	0.93	
हरी मटर (बौनी किस्म)	15	एफपीडी 19.156	1.04	11.9
		एफपीडी 19.160	1.03	
		एफपीडी 19.155	1.03	
		एफपीडी 19.167	0.99	
हरी मटर आईवीटी (लंबी किस्म)	17	एफपीडी 19.56	2.16	11.1
		एफपीडी 19.58	2.14	
		एफपीडी 19.57	2.12	
		एफपीडी 19.65	2.06	

6.7. फल विज्ञान

6.7.1. अनार की विभिन्न किस्मों का प्रदर्शन

(रंजीत पाल, अंजना खोलिया, ए. के. सिंह एवं घनश्याम अबरोल)

झांसी क्षेत्र की अर्ध-शुष्क जलवायु के तहत अनार के विभिन्न किस्मों के प्रदर्शन का अध्ययन करने के लिए एक परीक्षण किया गया। भाकृअनुप-राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र, सोलापुर, महाराष्ट्र से संग्रहीत 08 किस्मों की रूट कटिंग को केंद्र के प्रायोगिक ब्लॉक में 3 × 4 मीटर की दूरी पर लगाया गया और पौधों की मल्टी-स्टेम सिस्टम द्वारा सधाई की गई। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 08 किस्मों में भगवा, सुपर भगवा, गनेश, जी-137, रूबी, मृदुला, अक्रटा तथा जालोर सीडलेस को इस अध्ययन के लिए चुना गया। खेती की अन्य सभी प्रक्रियाओं जैसे खाद व उर्वरक, सिंचाई, वृद्धि नियामकों का अनुप्रयोग, निराई, पौधों की सुरक्षा, आदि को एकसमान रूप से किया गया।

पौधे की अधिकतम ऊंचाई को जालोर सीडलेस किस्म में दर्ज किया गया और तत्पश्चात इसे रूबी, जी -137, भगवा, सुपर भगवा, गनेश, मृदुला और अक्रटा किस्म में इसे न्यूनतम (तालिका 17) पाया गया। पौधों

सीडलेस अनार जालोर

का फैलाव, उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम दिशा में पाया गया जिसे रूबी में सबसे अधिक दर्ज किया गया और इसके बाद इसे जी -137 तथा अक्रटा में न्यूनतम दर्ज किया गया। विभिन्न किस्मों में फलों के गठन से लेकर इनकी परिपक्वता की अपेक्षित अवधि को 145 दिन से 170 दिन के बीच पाया गया। फलों के गठन से परिपक्वता तक मृदुला किस्म ने न्यूनतम दिनों का समय लिया जबकि भगवा किस्म में यह अवधि अधिकतम पाई गई।

तालिका 17: अनार की विभिन्न किस्मों का प्रदर्शन

	पौधे की ऊंचाई (सेंमी)	पौधें का फैलाव (सेंमी)		फलों के गठन से परिपक्वता तक लगा समय (दिवस)	प्रति वृक्ष फलों की संख्या	फल का वजन (ग्राम)	टीएसएस	फलों का फटना	फल बेधक
		पूर्व-पश्चिम	उत्तर-दक्षिण						
भगवा	213	172.4	198.2	170	38.4	250.0	16.0	कम	कम
सुपर भगवा	212	170.0	155.8	169	46.0	247.0	16.2	कम	मध्यम
गनेश	204	176.4	174.6	162	30.2	256.0	15.2	मध्यम	मध्यम
जी- 137	221	201.8	181.4	153	36.4	227.0	15.6	मध्यम	मध्यम
रुबी	222	191.6	201.0	164	52.6	238.8	16.9	कम	कम
मृदुला	201	162.0	170.0	145	45.8	207.0	14.8	कम	कम
अक्रटा	178	103.8	101.2	154	49.8	185.0	15.6	कम	कम
जालौर सीडलैस	230	195.2	176.2	164	36.0	259.0	13.7	कम	मध्यम
सीडी (0.05)	15.2	15.6	14.7	2.3	12.06	6.35	1.20	-	-

इस क्षेत्र में अन्य किस्मों की अपेक्षा रूबी किस्म में प्रति वृक्ष सबसे अधिक फल दर्ज किए गए। इसके पश्चात दूसरे और तीसरे स्थान पर सर्वाधिक उपज को अक्रटा एवं सुपर भगवा किस्म में दर्ज किया गया। फलों का वजन, जो अच्छा मूल्य (प्रीमियम) प्राप्त करने के महत्वपूर्ण मानदंडों में से एक माना जाता है के संदर्भ में अनार के विभिन्न किस्मों में काफी भिन्नता देखी गई। जालोर सीडलेस किस्म में फलों का सर्वाधिक वजन पाया गया और उसके बाद यह गनेश और भगवा किस्म में देखा गया। अक्रटा किस्म में अन्य किस्मों की अपेक्षा सबसे कम फलों का वजन देखा गया। जालोर सीडलेस में कुल घुलनशील ठोस पदार्थ (टीएसएस) को 13.90 ब्रिक्स से रूबी में 16.90 ब्रिक्स के बीच पाया गया। गनेश एवं जी-137 में फलों में चटकने (क्रेकिंग) की व्यापकता मध्यम थी, जबकि अन्य शेष किस्मों में इसे अपेक्षाकृत कम देखा गया। सुपर भगवा, गनेश, जी-137 और जालोर सीडलेस में फल-छेदक (फ्रुट बोरर) की मध्यम व्यापकता दर्ज की गई जबकि अन्य किस्मों को इसकी संभाव्यता को कम पाया गया। निष्कर्षों से यह स्पष्ट होता है कि बुंदेलखंड क्षेत्र में व्यावसायिक खेती के लिए अनार की रूबी एवं सुपर भगवा किस्मों को उगाने की संस्तुति की जा सकती है।

6.7.2. अमरूद में सफलतापूर्वक कलम बांधने में समय एवं कलम स्रोत का प्रभाव

(अंजना खोलिया, रंजीत पाल एवं गौरव शर्मा)

उपचार संयोजनों (16) को तैयार करने के लिए प्रत्येक घटक के चार स्तरों सहित फैक्टरियल रेंडमाइज्ड ब्लॉक डिजाइन में एक प्रयोग प्रारंभ किया गया। प्रत्येक उपचार संयोजन में पंद्रह पौधों पर कलम बांधी (ग्राफ्ट) गई। फैक्टर ए में कलम बांधने के चार अलग-अलग समयों : जनवरी का पहला पखवाड़ा, जनवरी का दूसरा पखवाड़ा, फरवरी का पहला पखवाड़ा, फरवरी का दूसरा पखवाड़ा और फैक्टर बी में चार किस्मों जैसे इलाहाबाद सफेदा, एल-49, ललित, और श्वेता की कलम को सम्मिलित किया गया। वेज ग्राफ्टिंग के लिए, मूलवृंत (रूटस्टॉक) के रूप में 10-12 महीने पुराने एकसमान और स्वस्थ अमरूद के छोटे पौधों (सीडलिंग) का चयन किया गया। चिन्हाकिंत अमरूद किस्मों से कलम सामग्री को एकत्र किया गया। कलम की संग्राह्ता, कलियों के अंकुरण, कलियों के प्रस्फुटन में अपेक्षित दिवस और बांधी गई कलमों की सफलता को दर्ज किया गया।

कलम बांधने के समय और इसके स्रोत का विभिन्न ग्राफ्टिंग मापदंडों पर महत्वपूर्ण अंतर दिखाई दिया (तालिका 18)। फरवरी के दूसरे पखवाड़े के दौरान की गई ग्राफ्टिंग में कली के अंकुरण में लगने वाले दिनों को न्यूनतम पाया गया। फरवरी के प्रथम पखवाड़े के दौरान की गई ग्राफ्टिंग में अधिकतम ग्राफ्ट स्वीकार्यता व अंकुरण प्रतिशत प्राप्त हुआ जो जनवरी के दूसरे पखवाड़े के दौरान की गई ग्राफ्टिंग के बराबर था। फरवरी के पहले पखवाड़े में की गई ग्राफ्टिंग में अधिकतम अंकुरण प्रतिशतता पाई गई और इसे जनवरी के दूसरे पखवाड़े तथा जनवरी के पहले पखवाड़े में की गई ग्राफ्टिंग के समान पाया गया। ग्राफ्टिंग हेतु उपयोग में लाए गए चार अलग-अलग कलम स्त्रोतों में से इलाहाबाद सफेदा की कलम ने अंकुरित होने में न्यूनतम दिन लगाए। एल-49 से ली गई कलम में ग्राफ्ट की स्वीकार्यता, कलियों के अंकुरण तथा अधिकतम सफलता की प्रतिशतता देखी गई। ग्राफ्ट की स्वीकार्यता तथा कलियों के अंकुरण

विभिन्न प्रतिकृति में अमरुद के पौधे

तालिका 18: अमरूद के विभिन्न मापदंडों पर कलम लगाने के समय तथा स्रोत के बीच अंत:क्रिया

उपचार	कलियों के अंकुरण में अपेक्षित दिनों की संख्या	ग्राफ्ट की स्वीकार्यता (%)	कलिकाओं का अंकुरण (%)	सफलता (%)
जनवरी का प्रथम पखवाड़ा + इलाहाबाद सफेदा	62.0	91.1 (75.7)	86.7(68.6)	84.44 (66.9)
जनवरी का प्रथम पखवाड़ा + एल-49	53.3	93.3 (77.9)	91.1(72.9)	88.89 (70.7)
जनवरी का प्रथम पखवाड़ा + ललित	54.0	75.6 (61.5)	73.3 (59.4)	71.11 (58.0)
जनवरी का प्रथम पखवाड़ा + श्वेता	59.0	57.8 (49.5)	53.3 (46.9)	53.33 (46.9)
जनवरी का द्वितीय पखवाड़ा + इलाहाबाद सफेदा	64.0	84.4 (67.3)	84.4 (67.3)	82.22 (65.8)
जनवरी का द्वितीय पखवाड़ा + एल-49	65.0	100.0 (90.0)	97.8 (85.0)	95.56 (80.0)
जनवरी का द्वितीय पखवाड़ा + ललित	63.0	97.8 (85.0)	71.1 (57.6)	66.67 (54.7)
जनवरी का द्वितीय पखवाड़ा + श्वेता	69.7	86.7 (69.0)	71.1 (57.6)	66.67 (55.4)
फरवरी का प्रथम पखवाड़ा + इलाहाबाद सफेदा	51.0	97.8 (85.0)	93.3 (75.0)	93.33 (75.0)
फरवरी का प्रथम पखवाड़ा + एल-49	59.3	95.6 (82.9)	93.3 (75.0)	91.11 (75.7)
फरवरी का प्रथम पखवाड़ा + ललित	64.3	95.6 (82.9)	88.9 (70.7)	88.89 (70.7)
फरवरी का प्रथम पखवाड़ा + श्वेता	56.0	88.9 (71.2)	84.4 (66.9)	82.22 (65.2)
फरवरी का द्वितीय पखवाड़ा + इलाहाबाद सफेदा	44.0	97.8 (85.0)	95.6 (80.0)	80.00 (63.4)
फरवरी का द्वितीय पखवाड़ा + एल-49	68.0	82.2 (65.2)	68.9 (56.1)	66.67 (54.8)
फरवरी का द्वितीय पखवाड़ा + ललित	46.7	80.0 (63.6)	77.8 (61.9)	73.33 (59.0)
फरवरी का द्वितीय पखवाड़ा + श्वेता	50.0	84.4 (66.9)	80.0 (63.6)	77.78 (61.9)
सीडी (0.05)	**4.4**	**13.6**	**10.2**	**9.9**

कोष्ठकों में प्रदर्शित संख्याएं रूपांतरित मान हैं

के मामले में इसे इलाहाबाद सफेदा के बराबर पाया गया। कलियों के अंकुरण में लगने वाले अपेक्षित दिनों के संबंध में समय और कलम स्त्रोत के बीच अंत: क्रिया को दर्ज किया गया। फरवरी के दूसरे पखवाड़े में ललित किस्म में न्यूनतम मान दर्ज किया गया, जो फरवरी में इलाहाबाद सफेदा को दूसरे पखवाड़े में लगाने के समान पाया गया। उपचार संयोजन में जनवरी के दूसरे पखवाड़े में एल-49 पर ग्राफ्ट की स्वीकार्यता, कलियों के अंकुरण तथा सफलता के प्रतिशत को अधिकतम पाया गया।

6.7.3. नींबू प्रजाति के विभिन्न प्रकार के प्रकंद सामिग्री का संग्रह

(अंजना खोलिया)

नींबू प्रजाति के प्रकंद ब्लॉक को स्थापित करने एवं अनुसंधान के लिए उनका उपयोग करने के लिए विभिन्न *प्रजातियों* के प्रकंदों (*सोह सरकार, सॉवर ऑरेंज, रंगपुर लाइम, जट्टीखट्टी, जांभिरी, गंभीरी, क्लियोपेट्रा मंडारिन, बिल्लिकिचली* एवं *ट्रॉयर सिट्रेंज*) को एकत्रित कर उनके बीजों को प्रकंदों के लिए उगाया गया (तालिका 19)।

तालिका 19: नींबू *प्रजाति* के विभिन्न प्रकंद सामग्री का विवरण

प्रचलित नाम	वानस्पतिक नाम	विवरण
सोह सरकार	*सिट्रस करना*	शीत सहिष्णु, सूखा-सहिष्णु, लवणीयता एवं क्षारीयता के प्रति सहिष्णु
सॉअर ऑरेंज	*सिट्रस ऑरंटियम*	सूखा-सहिष्णु, शीत सहिष्णु, गमोसिस के विरुद्ध प्रतिरोधी, लवणीयता एवं क्षारीयता के प्रति सहिष्णु
रंगपुर लाइम	*सिट्रस लिमोनिया*	सूखा-सहिष्णु, लवणता के प्रति सहिष्णु, ट्रिस्टेजा के विरुद्ध अति प्रतिरोधिता
रफ लेमन (जट्टीखट्टी, जाम्भिरी, गंभीरी)	*सिट्रस जाम्भिरी*	ट्रिस्टेजा के प्रति सहिष्णु, सूखा सहिष्णु, लवणता के प्रति मध्यम सहिष्णुता
क्लियोपेट्रा मंडारिन, बिल्लीकिचली	*सिट्रस रेशमी*	शीत के प्रति कठोर, लवणता एवं क्षारीयता के प्रति सहिष्णु, ट्रिस्टेजा, गमोसिस एवं त्वरित डिक्लाइन के विरुद्ध प्रतिरोधिता
टॉयर सिट्रेंज	-	शीत सहिष्णु, ट्रिस्टेजा के प्रति सहिष्णु, *फाइटोप्थोरा* एवं सूत्रकृमियों के प्रति सहिष्णु

6.8. सब्जी विज्ञान

6.8.1. फल बागानों में प्याज की विभिन्न किस्मों का अंत:फसल के तौर पर मूल्यांकन

(अर्जुन लाल ओला एवं लवलेश)

रबी 2019-20 के दौरान भाकृअनुप के संस्थानों और एनएचआरडीएफ से एकत्र की गई प्रत्यारोपित प्याज की 19 आशाजनक किस्मों पर एक प्रयोग किया गया। परिणामों में *पूसा सोना* किस्म में पत्तियों की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई जबकि न्यूनतम पत्तियों की संख्या *सुखसागर* किस्म में पाई गई। पौधे की अधिकतम ऊंचाई एनएचआरडीएफ रेड 4 में दर्ज की गई, वहीं न्यूनतम ऊंचाई *एग्रीफाउंड व्हाइट* किस्म में पाई गई। अधिकतम और न्यूनतम आभासी तनों की लंबाई को क्रमश: एनएचआरडीएफ रेड 3 और *भीम राज* में दर्ज किया गया। कंदों की सर्वाधिक उपज को एनएचआरडीएफ रेड 4 में जबकि सबसे कम उपज *भीम सुपर* में रही।

तालिका 20: प्याज की किस्मों के वृद्धि एवं उपज मानक

किस्म का नाम	पत्तियों की संख्या	पौधे की ऊंचाई (सेंमी)	आभासी-तने की लंबाई (सेंमी)	आभासी-तने का व्यास (मिमी)	पत्ती का व्यास (मिमी)	उपज (टन/हे.)
एग्रिफाउंड लाइट रेड	14.8	64.5	13.4	24.6	16.6	16.0
एग्रिफाउंड व्हाइट	14.0	53.0	13.1	18.7	14.6	15.5
एनएचआरडीएफ रेड	15.6	60.1	13.4	20.6	15.0	9.9
एनएचआरडीएफ रेड 3	13.4	66.3	14.9	19.7	14.9	18.0
एनएचआरडीएफ रेड 4	13.2	75.8	14.9	21.8	15.7	18.2
पूसा रिद्धि	13.8	64.6	14.5	22.1	16.0	10.9
पूसा सोना	16.0	64.8	12.1	22.3	17.4	15.0
पूसा रेड	13.7	63.7	13.5	21.8	15.2	14.2
सुखसागर	8.9	63.6	13.2	13.1	14.2	15.1
भीमा शक्ति	13.6	61.6	14.7	20.9	14.6	13.0
भीमा राज	12.2	53.1	10.7	18.4	12.3	9.8

किस्म का नाम	पत्तियों की संख्या	पौधे की ऊंचाई (सेंमी)	आभासी-तने की लंबाई (सेंमी)	आभासी-तने का व्यास (मिमी)	पत्ती का व्यास (मिमी)	उपज (टन/हे.)
भीमा रेड	11.6	55.0	11.9	16.7	12.4	10.1
भीमा लाइट रेड	11.3	63.0	12.9	17.6	14.0	10.6
भीमा श्वेता	11.9	55.6	12.6	16.7	12.8	9.6
भीमा सफेद	14.2	59.0	13.4	18.0	12.7	10.1
भीमा सुपर	12.0	55.2	11.0	16.8	13.2	8.97
भीमा शुभ्रा	13.1	58.8	12.9	17.9	13.4	11.2
भीमा डाक्र रेड	12.0	55.8	12.3	17.3	12.7	9.1
भीमा किरन	11.9	63.1	11.1	21.3	14.9	10.4
SEI_{EM} ±	1.0	2.7	0.9	1.6	0.9	1.5
सीडी (0.05)	**2.9**	**7.7**	**2.5**	**4.7**	**2.7**	**4.4**

प्रयोगात्मक प्याज की फसल का एक दृश्य



6.8.2. भिंडी की संकर किस्मों का मूल्यांकन

(अर्जुन लाल ओला एवं मनीष पांडे)

भिंडी की 14 संकर किस्मों पर एक परीक्षण किया गया जिसमें एनएस-7772, लकी आशा, भिंडी नंबर 10, अनमोल, मौर्य नंबर 1, सौम्या, एसडब्ल्यू 001, मोना 002, एनओएच-05, एसडब्ल्यू 005, सुप्रीम, एसडब्ल्यू 006, एनओएच-1053 और इंदु किस्मों को सम्मिलित किया गया। परिणामों से पता चलता है कि सबसे जल्दी बीज अंकुरण एनएस-7772 संकर किस्म में देखा गया। सौम्या किस्म में पौधे की अधिकतम ऊंचाई प्राप्त हुई जबकि एनओएच-05 में प्रति पौधे में गांठों की सर्वाधिक संख्या दर्ज की गई और गांठों की सर्वाधिक लंबाई को सौम्या किस्म में दर्ज किया गया। उपज विशेषताओं के मामले में एनएस 7772 में प्रति पौधे अधिकतम फलियों की संख्या मिली जबकि फलियों की लंबाई और व्यास को लकी आशा किस्म में अधिकतम दर्ज किया गया। कुल मिलाकर, संकर किस्म एनएस 7772 में 10 फलियों का भार (160 ग्राम), उपज/पौधा (461 ग्राम), उपज (17.1 टन/हे0) उच्चतम पाया गया, और तत्पश्चात इसे लकी आशा किस्म का प्रदर्शन रहा।

संकर भिंडी का मूल्यांकन

6.9. पुष्प संवर्द्धन

6.9.1. गुलदाउदी किस्मों का मूल्यांकन

(प्रियंका शर्मा)

गुलदाउदी की बारह स्प्रे टाइप किस्मों का उनकी वृद्धि एवं फूलों के विभिन्न मानकों के लिए मूल्यांकन किया गया। अक्टूबर महीने में 45 × 45 से.मी. दूरी पर गुलदाउदी के पौधों का खेतों में रोपण किया गया। *डॉली ऑरेंज* किस्म में तने की अधिकतम लंबाई (35.9 सेमी) दर्ज की गई और इसे *सनी* एवं *लिटिल पिंक* किस्म के समकक्ष पाया गया। प्रति तना और प्रति पौधे में फूलों की सर्वाधिक संख्या *सदभावना* (क्रमशः 32.2 और 243.8) किस्म में पाई गई। हालांकि, पूसा श्वेत में फूल के आकार को अधिकतम (7.5 सेमी)

प्रायोगिक प्रक्षेत्र

गुलदाउदी 'फ्लर्ट'

गुलदाउदी करनाल पिंक

गुलदाउदी 'व्हाइट स्टार'

दर्ज किया गया। एकल फूल का भार तथा प्रति वृक्ष फूलों की उपज (278 ग्राम) को गुलदाउदी की *फ्लर्ट* किस्म में अधिकतम पाया गया।

स्टैंडर्ड टाइप वाली गुलदाउदी की 06 किस्मों का उनकी वृद्धि एवं पुष्पों मापदंडों के लिए मूल्यांकन किया गया। पौधे की सबसे अधिक लंबाई (53.7 सेमी) को *करनाल पिंक* में दर्ज किया गया। हालांकि, पौधे का फैलाव और प्रति पौधा तनों की संख्या को *महात्मा गांधी* किस्म में अधिकतम (क्रमशः 33.1 सेमी और 6.3) देखा गया। अधिकतम आकार के फूल (11.6 सेमी) *व्हाइट स्टार* किस्म में पाए गए। *गार्डन ब्यूटी* किस्म में पुष्प कलिकाओं के गठन तथा पुष्पन को सबसे पहले (39.7 एवं 59.6 दिन) देखा गया। हालांकि, *व्हाइट स्टार* किस्म में पुष्पन अवधि को अधिकतम (44.3 दिन) पाया गया जिसे टाटा सेंचुरी के पुष्पन अवधि के समकक्ष पाया गया।

इस प्रारंभिक अध्ययन के आधार पर, बुंदेलखंड क्षेत्र में खेती के लिए गुलदाउदी की स्प्रे-टाइप किस्मों में *फ्लर्ट* तथा स्टैंडर्ड टाइप किस्मों में *व्हाइट स्टार* और *करनाल पिंक* को आशाजनक किस्में माना जा सकता है।

6.9.2. ग्लैडिओलस की विभिन्न किस्मों का मूल्यांकन

(प्रियंका शर्मा)

आईएआरआई, नई दिल्ली से ग्लैडिओलस की विभिन्न किस्मों - *ऑस्ट्रेलियन फेयर, अफ्रीकन स्टार, क्रीमी ग्रीन, पूसा सृजन, गुंजन, उर्वशी, पूसा मोहिनी, उर्वशी, सूर्यकिरण* और *चांदनी* को एकत्र किया गया। नवंबर, 2019 के महीने में 30 सेमी × 10 सेमी की दूरी पर इसके घनकंदों (कॉर्म) का रोपण किया गया।

पौधे की अधिकतम ऊंचाई और तने की लंबाई को *ऑस्ट्रेलियन फेयर* में दर्ज किया गया जिसे *अफ्रीकी स्टार, क्रीमी ग्रीन, सूर्य किरण, गुंजन* और *शुभम* के बराबर पाया गया। *ऑस्ट्रेलियन फेयर* में स्पाइक की अधिकतम लंबाई (84.17 सेमी) दर्ज की गई, जो *क्रीमी ग्रीन* और *सूर्य किरण* के बराबर थी। प्रति वृक्ष पत्तियों की संख्या को *सूर्य किरण* एवं *ऑस्ट्रेलियन फेयर* में अधिकतम तथा रेचिस (मेरुदंड) की अधिकतम लंबाई (47.7 सेमी) को *ऑस्ट्रेलियन फेयर* किस्म में दर्ज किया गया। हालांकि, प्रति स्पाइक में पुष्पकों (फ्लोरेट्स) की संख्या को *उर्वशी* किस्म में सर्वाधिक (12.3) पाया गया जो *क्रीमी ग्रीन* और *ऑस्ट्रेलियन फेयर* के समकक्ष थी। फ्लोरेट के अधिकतम साइज को *क्रीमी ग्रीन* किस्म में दर्ज किया गया और इसे *गुंजन* किस्म के बराबर पाया गया।

अफ्रीकन स्टार एवं गुंजन किस्मों में प्रति पौधा (2.17) कॉर्म की अधिकतम संख्या दर्ज की गई। गुंजन किस्म में कॉर्म के व्यास और वजन को अधिकतम पाया गया। पूसा सृजन में प्रति पौधा कार्मल की (19.17) की अधिकतम संख्या पाई गई, जो *क्रीमी ग्रीन* के बराबर थी। *ऑस्ट्रेलियन फेयर* में कार्मल के व्यास और वजन को अधिकतम पाया

ऑस्ट्रेलियाई फेयर

क्रीमी ग्रीन

सूर्य किरण

गया। अत: यह माना जा सकता है कि *क्रीमी ग्रीन, ऑस्ट्रेलियन फेयर, सूर्य किरण* एवं उर्वशी किस्में, कट फ्लावर उत्पादन के लिए बेहतर हैं।

6.9.3. गेंदा किस्मों का संग्रह एवं मूल्यांकन

(गौरव शर्मा)

फ्रैंच मेरीगोल्ड (फ्रांसीसी गेंदा) की सात किस्मों/जीनप्ररूपों का आरबीडी डिजाइन में मूल्यांकन किया गया। बुवाई के 60 दिन पश्चात *एफएम-786* किस्म में पौधे की न्यूनतम ऊंचाई दर्ज की गई जबकि *पूसा दीप* किस्म में अधिकतम पौध फैलाव दर्ज किया गया जो आईआईएचआर एमओ-2 के बराबर था। आईआईएचआर एमओ-4 किस्म में 50 प्रतिशत फूल खिलने में कम से कम दिन (38.3 दिन) लगे जिन्हें आईआईएचआर एमओ-2 के बराबर पाया गया। *पूसा दीप* में फूल खिलने की अवधि एवं फूलों के व्यास (3.19 सेमी) को अधिकतम देखा गया। जबकि प्रति पौधा फूलों की अधिकतम संख्या को जीनोटाइप *सीजी गेंदा*-1 में दर्ज किया गया तथा इसे *पूसा दीप* के समकक्ष पाया गया।

अफ्रीकन मैरीगोल्ड के मामले में, चार किस्मों को एकत्र करके उनका मूल्यांकन किया गया। पौधे को लगाने के 60 दिनों पश्चात *पूसा बसंती गेंदा* में पौधे की अधिकतम ऊंचाई, पौधे का अधिक फैलाव तथा प्रति पौधा प्राथमिक शाखाओं की सर्वाधिक संख्या देखी गई। पंजाब गेंदा -1 में 50 प्रतिशत फूल खिलने में लगने वाले दिनों की संख्या को 66.7 दिन दर्ज किया गया जबकि *पूसा नारंगी गेंदा* में अधिकतम पुष्पन अवधि और पूसा बहार में फूलों के व्यास को अधिकतम पाया गया। जहां तक प्रति वृक्ष फूलों की अधिकतम संख्या का प्रश्न है उसे *पूसा बसंती गेंदा* में अधिकतम (58.0) दर्ज किया गया।

6.10. कटाई उपरांत (पोस्ट-हार्वेस्ट) प्रौद्योगिकी

6.10.1. लौकी अवशिष्टों का विभिन्न तैयार उत्पादों को निर्मित करने में उपयोग

(घनश्याम अबरोल एवं अमित कुमार सिंह)

लौकी से रस निकालने के बाद शेष बचे अवशिष्ट से तैयार-उत्पादों (इन्सटेंट प्रॉडक्ट) के निर्माण हेतु एक अध्ययन किया गया। संवेदी विश्लेषण के आधार पर सर्वश्रेष्ठ स्वीकार्य संयोजन प्राप्त करने के लिए लौकी अवशेष, चीनी पाउडर और दूध पाउडर के विभिन्न संयोजनों को तैयार किया गया। हेडोनिक स्केल के 9-पॉइंट प्रोफार्मा के आधार पर टी4 उपचार (लौकी -6 ग्राम (दूध पाउडर 50 ग्राम तथा चीनी 15 ग्राम) को भंडारण अध्ययन के लिए सबसे अच्छा पाया गया।

6 महीने के भंडारण काल के दौरान तैयार मिक्स



लौकी से तैयार खीर मिक्स के विभिन्न उपचारों का संवेदी विश्लेषण



जैकफ्रुट मस्त का किण्वन व्यवहार

उत्पाद में टीएसएस (कुल घुलनशील ठोस पदार्थों), अपचयित शर्करा तथा कुल शर्करा में कमी पाई गई। इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि लौकी से तैयार *खीर मिक्स* को छह महीने की अवधि तक परिवेशी दशाओं में भंडारण किया जा सकता है।

6.10.2. कटहल से वर्मूथ (वाइन) तैयार करना तथा उसका मूल्यांकन

(घनश्याम अबरोल, अमित कुमार सिंह एवं रंजीत पाल)

कटहल (*आर्टोकार्पस हेटरोफिलस*) से शुष्क वर्मूथ (एक प्रकार की वाइन) तैयार करने के लिए एक परीक्षण किया गया। इसके लिए पूरी तरह से पके हुए कटहल का चयन कर उसके गूदे को जूसर मिक्सर ग्राइंडर में पीसने से पूर्व 10 प्रतिशत पानी मिलाकर स्लरी (घोल) तैयार की गई।

गुणवत्तायुक्त *जैकफ्रुट मस्त* वर्मूथ तैयार करने लिए जिसका टीएसएस 22^0 ब्रिक्स हो, को कटहल के गूदे में 1 : 1 के अनुपात में पानी मिलाकर उसमें 200 पीपीएम सल्फर ऑक्साइड (SO_2) मिलाया गया। *सेक्रोमाइसीज सेरेविजी* किस्म *एलिपसोडियस* (यूसीडी 595) के 24 घंटे पुराने सक्रिय कल्चर को तैयार करके इसे किण्वन (फर्मेंटेशन) के लिए उपयोग में लाया गया। *जैकफ्रुट मस्त* के सकारात्मक किण्वन व्यवहार को समय के साथ टीएसएस में 22^0 ब्रिक्स से 9.4^0 ब्रिक्स तक की कमी से देखा जा सकता है। अपेक्षा अनुसार प्रारंभिक अवधि में किण्वन काफी अधिक था, लेकिन किण्वन के अंतिम समय में इसमें गिरावट आई। किण्वन के दौरान, इथेनॉल बनाने के लिए ईस्ट (खमीर) द्वारा शक्रा का उपयोग किया गया और इस प्रकार टीएसएस अंश में कमी आई। *जैकफ्रुट मस्त* में किण्वन (आरएफ, ^{0}ब्रिक्स/24 घंटा) की दर 1.22 थी।

किण्वन के दौरान टाइट्रेबल अम्लता में पहले वृद्धि और उसके पश्चात कमी देखी गई। यह घुलनशील कार्बन डाइऑक्साइड के कुछ भाग का किण्वन प्रक्रिया में रहने तथा घुलनशील अपशिष्ट की मात्रा ने कार्बनिक ऑयनों के निर्माण में योगदान के कारण हो सकता है।

6.10.3. स्टॉर्च संपूरित आमरस (मैंगो लेदर) निर्माण एवं मूल्यांकन

(अमित कुमार सिंह, घनश्याम अबरोल एवं रंजीत पाल)

आमरस को तैयार करने के लिए आम, शर्करा तथा स्टार्च के सर्वोत्तम संयोजनों के दस उपचारों को लिया गया। प्रशीतन दशाओं में आमरस संयोजनों का भंडारण कर मासिक अंतराल पर उनके भौतिक-रासायनिक गुणों का विश्लेषण किया गया। संवेदी (इंद्रिय ग्राही) मूल्यांकन के आधार पर T_4 उपचार (70 प्रतिशत गूदा, शर्करा 15 प्रतिशत तथा 15 प्रतिशत स्टार्च) को 09 प्वाइंट के हैडोनिक स्केल पर प्रशीतित दशाओं के तहत भंडारण अवधि को बढाने के प्रभाव की जांच के लिए सर्वोत्तम पाया गया (तालिका 21)।

तालिका 21: आम रस के टीएसएस और संवेदी मानों पर विभिन्न उपचारों का प्रभाव

उपचार	टुकड़ों की मात्रा (ग्राम)	टीएसएस (°ब्रिक्स)	संवेदी मान
$टी_1$-आम का गूदा (100%)	500	15.6	7.2
$टी_2$-आम का गूदा (90%) + शर्करा (5%) + स्टार्च (5%)	500	17.2	8.1
$टी_3$-आम का गूदा (80%) + शर्करा (10%) + स्टार्च (10%)	500	21.0	8.3
$टी_4$-आम का गूदा (70%) + शर्करा (15%) + स्टार्च (15%)	500	25.6	8.7
$टी_5$-आम का गूदा (60%) + शर्करा (20%) + स्टार्च (20%)	500	29.9	7.6
$टी_6$-आम का गूदा (50%) + शर्करा (25%) + स्टार्च (25%)	500	35.8	7.4
$टी_7$- आम का गूदा (40%) + शर्करा (30%) + स्टार्च (30%)	500	41.2	7.0
$टी_8$- आम का गूदा (30%) + शर्करा (35%) + स्टार्च (35%)	500	45.2	6.6
$टी_9$- आम का गूदा (20%) + शर्करा (40%) + स्टार्च (40%)	500	50.0	6.4
$टी_{10}$- आम का गूदा (10%) + शर्करा (45%) + स्टार्च (45%)	500	53.0	6.2

आम रस (मैंगो लेदर)

6.11. वानिकी

6.11.1. एल्बीजिया लेब्बेक बीजों के अंकुरण तथा पौद की वृद्धि पर बुवाई पूर्व उपचार का प्रभाव

(प्रभात तिवारी)

ए. लेब्बेक बीजों के अंकुरण तथा पौद की वृद्धि हेतु बुवाई-पूर्व सर्वोत्तम उपचार का पता लगाने के लिए एक अध्ययन किया गया। इस प्रयोग में बुवाई-पूर्व 06 उपचारों को लिया गया : ($टी_1$-12 घंटे तक ठंडे पानी में भिगोना($टी_2$- 24 घंटे तक ठंडे पानी में भिगोना ($टी_3$- गर्म पानी में 10-15 मिनट तक भिगोना ($टी_4$-75 प्रतिशत सल्फ्यूरिक अम्ल में 12 घंटे तक भिगोना, $टी_5$-75 प्रतिशत नाइट्रिक अम्ल में 12 घंटे तक भिगोना तथा $टी_6$- अनउपचारित (कंट्रोल)। प्रत्येक उपचार में चार प्रतिकृतियों में 100 बीजों को लिया गया। बुवाई-पूर्व उपचार के पश्चात, बीजों को अच्छी तरह से तैयार नर्सरी क्यारियों में बोया गया।

75 प्रतिशत सल्फ्यूरिक अम्ल में 12 घंटे तक बीजों को भिगोने पर सबसे तेज अंकुरण अर्थात न्यूनतम अंत: शोषण अवधि (04 दिवस) पाई गई जबकि कंट्रोल में यह अवधि 10 दिन थी। 75 प्रतिशत सल्फ्यूरिक अम्ल में 12 घंटे तक बीजों को भिगोने पर सर्वाधिक अंकुरण (74.7 प्रतिशत) पाया

गया जबकि कंट्रोल में यह प्रतिशत न्यूनतम (34.3 प्रतिशत) पाया गया। 75 प्रतिशत सल्फ्यूरिक अम्ल में 12 घंटे तक बीजों को भिगोने पर औसत दैनिक अंकुरण (एमडीजी) को सर्वाधिक (2.67) पाया गया जबकि कंट्रोल में यह न्यूनतम (1.23) था। अंकुरण की चरम वैल्यू ने भी इसी प्रकार की प्रवृत्ति प्रदर्शित की जिसमें गर्म पानी से उपचारित बीजों में उच्चतम मान (0.87) पाया गया जबकि उसके बाद 75 प्रतिशत सल्फ्यूरिक अम्ल से उपचार करने को पाया गया जबकि कंट्रोल में इसे न्यूनतम (0.42) पाया गया। 75 प्रतिशत सल्फ्यूरिक अम्ल के उपचार से अंकुरण की गति में तेजी (7.06) आई जबकि कंट्रोल में न्यूनतम गति (2.21) दर्ज की गई।

विचरण विश्लेषण (एनालिसिस ऑफ वेरिएंस) में बुवाई पूर्व-उपचार के कारण पौद वृद्धि में उल्लेखनीय अंतर देखा गया। पौद प्ररोह की लंबाई को क्रमशः टी$_4$, टी$_5$ व टी$_1$ उपचार में सर्वाधिक (6.20 सेंमी) और (5.9 सेंमी) तथा कंट्रोल में इसे न्यूनतम (3.1 सेंमी) पाया गया। इसी प्रकार जड़ की लंबाई भी टी4 उपचार में सर्वाधिक 6.5 सेंमी पाई गई जो टी$_5$ उपचार 6.1 सेंमी के लगभग बराबर तथा टी1 में न्यूनतम 3.4 सेंमी थी।

अतः यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ए. लेब्बेक के बीजों को बुवाई-पूर्व 75 प्रतिशत सल्फ्यूरिक अम्ल में 12 घंटे तक भिगोने पर बीज की सुसुप्तावस्था को तोड़कर अच्छी पौद वृद्धि प्राप्त की जा सकती है।

6.11.2. *ऑसिमम बेसिलिकम* बीजोपचार का अंकुरण एवं पौद वृद्धि पर प्रभाव

(प्रभात तिवारी)

अगस्त-सितंबर, 2019 के दौरान सोलन (हिमाचल प्रदेश) से *ऑसिमम बेसिलिकम* के परिपक्व बीजों को संग्रहीत कर उन्हें बुवाई पूर्व चार उपचारों - टी$_1$- 20 पीपीएम जीए$_3$ में 45 मिनट तक भिगोना, टी$_2$-10 पीपीएम जीए$_3$ में 45 मिनट तक भिगोना, टी$_3$- गर्म पानी में 10-15 मिनट तक भिगोना तथा टी$_4$- सामान्य

T_1 (45 मिनट के लिए 20 पीपीएम GA3 में भिगोना।)

T_2 (45 मिनट के लिए 10 पीपीएम GA3 में भिगोना।)

T_3 (10-15 मिनट के लिए गर्म पानी में भिगोना)

T_4 (सामान्य पानी में 24 घंटे भिगोना)

बुवाई-पूर्व उपचार के कारण *ऑसिमम बेसिलिकम* बीजों के अंकुरण में परिवर्तन

पानी में 24 घंटे (कंट्रोल) तक भिगोना सम्मिलित थे। उपचार पश्चात इन बीजों को अच्छी तरह से तैयार नर्सरी क्यारियों में बोया गया।

बीजों के अंत: शोषण अवधि को बीजों के पूर्व उपचारों के साथ काफी अलग-अलग पाया गया। सबसे तेजी से अंकुरण अर्थात् न्यूनतम अंत: शोषण अवधि (04 दिन) को कंट्रोल, $टी_4$ में पाया गया जबकि अंत: शोषण की सर्वाधिक अवधि (07 दिन) को $टी_3$ उपचार में पाया गया। अंकुरण का उच्चतम मान (24.3 प्रतिशत) को $टी_1$ उपचार में देखा गया तथा सबसे कम मान (0.40 प्रतिशत) को $टी_3$ उपचार में पाया गया। $टी_2$ उपचार में कंट्रोल की तुलना में बीजों में कम अंकुरण प्रतिशत पाया गया। उच्चतम एमडीजी (3.60) $टी_1$ उपचार में सर्वाधिक तत्पश्चात कंट्रोल (2.92) तथा न्यूनतम एमडीजी (0.05) $टी_3$ में पाया गया। अंकुरण मान जो कि जीवी तथा एमडीजी का प्रॉडक्ट (फलन) है उसमें भी यही प्रवृत्ति पाई गई। $टी_2$ उपचार के परिणामस्वरूप उच्च गति से अंकुरण (9.96) देखा गया जबकि अंकुरण की न्यूनतम गति को कंट्रोल (0.25) में दर्ज किया गया।

पौद (सीडलिंग) के प्ररोह की औसत लंबाई कंट्रोल में अधिकतम (24.0 सेंमी) पाई गई और तत्पश्चात इसे $टी_2$ उपचारित बीजों में पाया गया जबकि $टी_3$ उपचार (19.3 सेंमी) में इसे न्यूनतम पाया गया। कंट्रोल ($टी_4$) में जड़ की लंबाई को अधिकतम (13.6 सेंमी) तथा उसके बाद $टी_3$ उपचार में तथा $टी_1$ में न्यूनतम (7.6) पाया गया। $टी_1$ को सबसे अच्छा बुवाई पूर्व उपचार पाया गया जबकि $टी_3$ उपचार में बीजों के अंकुरण को कंट्रोल की तुलना में कम पाया गया।

6.11.3.उगाए जाने वाले माध्यम (ग्रोइंग मीडिया) का *सेंटेलम एल्बम* अंकुरण एवं वृद्धि मापदंडों पर प्रभाव

(पंकज लवानिया, ए. एस. काले एवं के. गुलामनी)

सेंटेलम एल्बम बीजों के अंकुरण पर ग्रोइंग मीडिया के प्रभाव को देखने के लिए निम्नलिखित उपचारों के साथ एक अध्ययन किया गया : टी1 - लाल मृदा - एफवाईएम (1:1:1), $टी_2$- लाल मृदा : मृदा : एफवाईएम (1:1:1), $टी_3$- मृदा : बालू : एफवाईएम (1:1:1), $टी_4$- लाल मृदा : बालू : एफवाईएम (2:1:1), $टी_5$- लाल मृदा : बालू : एफवाईएम (1:2:1), $टी_6$- लाल मृदा : बालू : एफवाईएम (1:1:1), $टी_7$- बालू : मृदा : एफवाईएम (1:1:1) तथा $टी_8$- लाल मृदा। बीजों को रूट ट्रेनर में बुवाई से पहले 0.5 प्रतिशत की दर से जिबेरेलिक अम्ल से 12 घंटे तक उपचारित किया गया।

लाल मृदा : बालू : एफवाईएम (2:1:1) ($टी_4$) में बीजों की बुवाई करने पर सर्वाधिक अंकुरण (51.1 प्रतिशत) दर्ज किया गया और तत्पश्चात इसे

ग्रोइंग मीडिया का सेंटालम एल्बम की पौद के बीज अंकुरण एवं वृद्धि मानकों पर प्रभाव

लाल मृदा ($टी_8$) में पाया गया। न्यूनतम बीज अंकुरण को लाल मृदा : बालू : एफवाईएम (1:1:1) ($टी_2$) में पाया गया। पत्तियों की संख्या एवं प्ररोह की लंबाई को लाल मृदा : बालू : एफवाईएम (2:1:1) ($टी_4$) में अधिकतम पाया गया।

6.11.4. नीम के साथ मटर तथा मेथी की अंत: फसल

(ए.के. पांडे, ए.एस. काले, पंकज लवानिया एवं एम.जे. डोबरियाल)

नीम-आधारित कृषि वानिकी मॉडल को विकसित करने के लिए एक अनुसंधान कार्यक्रम का संचालन किया गया। 11 अगस्त, 2019 को *एजाडिराचेटा इंडिका* (नीम) की पौद को 01 हेक्टेयर की भूमि पर 5 × 6 मीटर की दूरी पर रोपित किया गया। पहले मौसम में उगाई गई *सेस्बानिया बिस्पिनोजा* (ढैंचा) के हरे उर्वरक सहित नीम के साथ मेथी और मटर को अंत:फसल के रूप में उगाया गया। वृक्ष एवं सब्जी फसलों के वृद्धि मानकों को दर्ज किया गया। पौधारोपण क्षेत्र में मृदा की प्रारंभिक मूल विशेषताएं इस प्रकार थीं : जैविक कार्बन (0.134 प्रतिशत), उपलब्ध नाइट्रोजन (19 किग्रा/हे0), उपलब्ध फॉस्फोरस (04 किग्रा/हे0), उपलब्ध पोटाश (198 किग्रा/हे0), पीएच (7.3) तथा बल्क घनत्व (1.62 मिग्रा/घनमीटर)। इस प्रयोग में नीम की 20 पंक्तियां थीं और प्रत्येक पंक्ति में 10 वृक्षों का त्रैमासिक अंतराल पर कॉलर व्यास एवं ऊंचाई की माप ली गई। 06 माह में नीम के पौद के व्यास एवं ऊंचाई में क्रमश: 90.4 तथा 28.6 प्रतिशत की औसत वृद्धि पाई गई। मटर की किस्मों जैसे कि आईपीडीफ -10-12 एवं काशी उदय ने अच्छी वृद्धि एवं उपज मापदंडों को प्रदर्शित किया। नीम के वृक्षों के साथ अंत:फसल के रूप में उगाई गई मेथी की फसल में 50.9 सेंमी पौधों की ऊंचाई, 9.05 शाखाएं/पौधा, 36.5 फलियां/पौध, 12 सेंमी फलियों की लंबाई तथा 17.6 प्रति फली बीजों की पाई गई।

6.11.5. *हार्डविकिया बिनाटा* के पौधरोपण में *एलोय वेरा, ऑसिमम ट्यूनिफ्लोरम* एवं *विथानिया सोम्नीफेरा* के पौधे की वृद्धि का आकलन

(पंकज लवानिया, ए. एस. काले, एम. जे. डोबरियाल एवं प्रभात तिवारी)

हार्डविकिया बिनाटे (अंजन) वृक्षों की विभिन्न सघनताओं के अंतर्गत औषधीय पौधों जैसे *एलोय वेरा, ऑसिमम ट्यूनिफ्लोरम* (तुलसी) एवं *विथानिया सोम्नीफेरा* (अश्वगंधा) के पौधों की वृद्धि पर एक अध्ययन किया गया। अपनाए गए उपचारों में सम्मिलित थे : $टी_1$: कंट्रोल (मुक्त क्षेत्र), $टी_2$: सघन वृक्षारोपण (2 × 5 मीटर), $टी_3$: मध्यम सघनता वाले वृक्षारोपण (3 × 5 मीटर) तथा $टी_4$: कम सघनता वाला वृक्षारोपण (4 × 5 मीटर)। *एलोय बेरा* के महीन जड़ों (सकर्स) को 05 मिनट तक 0.1 प्रतिशत कार्बेनडेजिम में डुबोने के पश्चात उन्हें 1 × 1 मीटर की दूरी पर खेत में 10-15 मीटर ऊंची मेड़ों पर लगाया गया। *एलोय बेरा*, अश्वगंधा तथा तुलसी की पौद को नवम्बर, 2019 में अंत:फसल के रूप में रोपित किया गया।

पौधारोपण के आठ माह पश्चात, *एलोय वेरा* के साथ लगाए गए अंजन के पौधों की ऊंचाई को 5 × 2, 5 × 3 तथा 5 × 4 मीटर की दूरी पर क्रमश: 67.0 सेंमी, 41.4 सेंमी तथा 50.5 सेंमी पाया गया। जब ए. वेरा जैसे पौधों को 5 × 4 मीटर की दूरी पर अंत: फसल के रूप में लगाया गया तो उसके वृद्धि मापदंडों जैसे कि पौधे की ऊंचाई, पत्तियों की चौड़ाई तथा पत्तियों की संख्या को क्रमश: 40.9 सेंमी, 3.29 सेंमी तथा 8.0 सेंमी पाया गया। इसी प्रकार 5 × 4 मीटर की दूरी पर अश्वगंधा के पौधों को अंत:फसल के रूप में रोपित करने पर उसके पौधे की ऊंचाई, कॉलर व्यास, शाखाओं की संख्या और फलों की संख्या को क्रमश: 58.2 सेंमी, 1.62 सेंमी, 6 तथा 90.3 पाया गया। कम सघनता वाले अंजन वृक्षों के नीचे अंत:फसल प्रणाली में तुलसी के पौधों को लगाने पर दर्ज पौधों की ऊंचाई, कॉलर व्यास









तथा शाखाओं की संख्या क्रमशः 45.5 सेंमी, 1.13 सेंमी तथा 3.6 पाई गई।

6.11.6. बांस वृक्षारोपण के साथ जैकबीन की अंत:फसल

(प्रभात तिवारी, एम. जे. डोबरियल, पंकज लवानिया एवं ए. एस. काले)

बांस की दो प्रजातियों जैसे *डेंड्रोकेलेमस स्ट्रिक्टस* एवं *बेंम्बुसा वलगेरिस* को 8 × 6 मीटर की दूरी पर लगाकर उनके बीच में अंत:फसल लेने के लिए एक परीक्षण किया गया। चार ब्लाकों (इंटर-स्पेस स्ट्रिप्स) में जैक बीन (*केनवेलिया एंसिफॉर्मिस*) को 1 × 2 मीटर की दूरी पर अंत:फसल के रूप में लगाया गया।

ब्लॉक- 3 में बीजों का सर्वाधिक अंकुरण (84 प्रतिशत) दर्ज किया गया और तत्पश्चात इसे ब्लॉक-1 (81 प्रतिशत) में पाया गया। पौधों की तदनुरूपी उत्तरजीविता (सर्वाइवल) को क्रमशः 64 एवं 61 प्रतिशत पाया गया। इसी प्रकार ब्लॉक-3 में पौधों



बांस के साथ जैकबीन को अंत:फसल के तौर पर बोने पर अंकुरण एवं उत्तरजीविता



बांस के साथ जैकबीन को अंत:फसल के तौर पर बोने पर पौधों की ऊंचाई और फैलाव

की सर्वाधिक ऊंचाई (75 सेंमी) दर्ज की गई जबकि सर्वाधिक पौधा फैलाव (94 सेंमी) को ब्लॉक-1 में दर्ज किया गया। इसके अलावा, ब्लॉक-1 में प्राथमिक शाखाओं की संख्या तथा फली/वृक्ष को क्रमश: 15.7 एवं 7.4 पाया गया। विभिन्न प्रकार के वृद्धि मापदंडों के संबंध में बांस के वृक्षों के नीचे जैकबीन की अंत:फसल लेने पर आशाजनक परिणाम प्राप्त हुए।

6.11.7. त्रिफला-आधरित कृषि वानिकी प्रणाली में मटर की फसल का प्रदर्शन

(राकेश कुमार, पंकज लवानिया एवं ए. एस. काले)

लगभग 2,400 वर्गमीटर क्षेत्रफल में त्रिफला (*हरड़, आंवला* एवं *बहेड़ा*) के एक ब्लॉक को विकसित किया गया। जनवरी, 2020 में पंक्तियों के बीच इन वृक्षों की पौद को 5 × 6 मीटर की दूरी पर रोपित किया गया। इन वृक्ष प्रजातियों के साथ अंत:फसल प्रणाली में मटर को उगाने पर उसकी वृद्धि तथा उपज मापदंड इस प्रकार थे: पौधे की ऊंचाई 55 सेंमी, प्राथमिक शाखाएं 2.80/पौधा, फली की लंबाई 6.85 सेंमी, फली की परिधि 3.64 सेंमी, प्रति फली बीजों की संख्या 5.28 प्रति वृक्ष फलियों की संख्या 17.4 तथा प्रति वृक्ष फलियों की उपज 57.2 ग्राम पाई गई। प्रारंभिक परिणामों से यह संकेत मिलता है कि त्रिफला-आधारित कृषि वानिकी प्रणाली में मटर की फसल को सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है।

6.12. वाह्य-वित्त पोषित परियोजनाएं

6.12.1. बुंदेलखंड क्षेत्र में स्व-रोजगार सृजन तथा किसानों के सतत विकास के लिए बेहतर औद्योगिक मूल्य की सुविधा हेतु औषधीय पौधों की मूल्य-सवंर्द्धित एवं हर्बल उद्योगोन्मुख खेती को बढ़ाना तथा उनकी गुणवत्ता का विश्लेषण

(मीनाक्षी आर्य एवं अंशुमान सिंह)

झांसी जिले के पांच गांवों-गनेशगढ़, हस्तिनापुर, अम्बाबाई, कंचनपुर तथा रक्षा में पांच फसलों यथा *स्टीविया रिबोडियाना, फाइकस केरिका, पुनिका ग्रेनाटम, क्लोरो फाइटम बोरिविलिएनम* एवं *एलोय वेरा* पर दस प्रदर्शनों का आयोजन किया गया। इन फसलों को उनके खेतों में 20 पौधों के साथ सिंगल पंक्ति में रोपा गया तथा किसानों को इन फसलों की खेती करने को प्रोत्साहित किया गया तथा फसल मौसम के अनुसार उन्हें अन्य पारंपरिक फसलों के साथ उगाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। ये फसलें अच्छी वृद्धि के साथ बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं और इनमें फल आने पर वृद्धि एवं उपज संबंधी मापदंडों को दर्ज किया जाएगा।

इन औषधीय/हर्बल फसलों की खेती तथा इसके साथ अन्य मौसमी फसलों को उगाने के लिए दो

प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें 100 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया तथा उन्हें इनकी खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। इनको लगाने की उपयुक्त विधियों पर किसानों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। प्रत्येक किसान को दोनों प्रशिक्षणों के दौरान रोपण सामग्री भी प्रदान की गई जिससे बुंदेलखंड क्षेत्र में मूल्य-सवंर्द्धित औषधीय पौधों की खेती को प्रोन्नत किया जा सके।

6.12.2.मक्का में फूल आने के पश्चात तना गलन से सम्बद्ध *फ्यूजेरियम स्पी.* : पारिस्थितिकी, आनुवंशिक विविधता, रोगजनकता व प्रतिरोधिता का आकलन

(पी.पी. जाम्भुलकर)

मक्का की फसल में पुष्पन-पश्चात होने वाला तना गलन (पीएफएसआर) एक गंभीर कवकीय रोग है जो कि *फ्यूजेरियम* प्रजातियों की जटिलता (*फ्यूजेरियम वर्टिसिलिऑइड्स, एफ. ग्रेमिनेरम, एफ. मोनिलिफार्मी, एफ. सबग्लूटिनेंस*) से होता है। भारत में इस रोग की आनुवंशिक विविधता पर अधिक अध्ययन नहीं किया गया है। इस परियोजना से पीएफएसआर के कारकों में सम्मिलित *फ्यूजेरियम* की प्रजातियों के निरूपण में सहायता मिलेगी। तदनुसार, दक्षिणी राजस्थान के बंसवाड़ा जिले तथा पूर्वी गुजरात के दाहोद, गोधरा, पावगढ़ और बड़ोदरा जिलों में पीएफएसआर से संक्रमित मक्के के पौधों के नमूनों को इन क्षेत्रों से एकत्र करने के लिए एक सर्वेक्षण किया गया क्योंकि यह रोग इन क्षेत्रों में अधिक प्रचलित है। कुल मिलाकर 28 नमूनों का संग्रह किया गया तथा संक्रमित नमूनों में से 16 वियोजकों (आइसोलेट्स) को अलग किया गया (तालिका 22)। शुद्ध कल्चर (प्योर कल्चर) को प्राप्त करके आगे के उपयोग हेतु उसका पीडीए स्लांट पर रखरखाव किया जा रहा है।

तालिका 22: संग्रहीत वियोजकों (आइसोलेट्स) तथा उनकी अवस्थिति (लोकेशन)

क्रम सं.	आइसोलेट का कोड नं.	स्थान	अक्षांश एवं देशान्तर
1.	एफयूजी 1	झालोड, गुजरात	23° 5' 26.16'' एन, 74° 9' 13.32'' ई
2.	एफयूजी 2	झालोड, गुजरात	23° 5' 49.68'' एन, 74° 9' 49.97'' ई
3.	एफयूजी 3	छोटा उदयपुर, गुजरात	22° 23'3.42'' एन, 73°42'40.98'' ई
4.	एफयूजी 4	हलोल, गुजरात	22° 29'39.38'' एन, 73°27'54.29'' ई
5.	एफयूजी 5	दाहोद, गुजरात	22° 50'19.6'' एन, 74°4'51.20'' ई
6.	एफयूजी 6	पावगढ़, गुजरात	22° 26'17.63'' एन, 73°35'19.64'' ई
7.	एफयूजी 7	चपनेरी, गुजरात	22° 27'43.94'' एन, 73°31'0.59 ई
8.	एफयूजी 8	पावगढ़, गुजरात	22° 25'43.94'' एन, 73°43'22.25'' ई
9.	एफयूजी 9	कालोल, गुजरात	23° 13'41.45'' एन, 72°35'17.84 ई
10.	एफयूआर 10	सगरोद, राजस्थान	23° 27'43.6'' एन, 74°22'17.19'' ई
11.	एफयूआर 11	कुशालगढ़, राजस्थान	23° 17'33.6'' एन, 74°25'17.19'' ई
12.	एफयूआर 12	कोहाला, राजस्थान	23° 37'12.23'' एन, 74°22'14.97'' ई
13.	एफयूआर 13	पलोदा, राजस्थान	23° 44'12.23'' एन, 74°12'14.97'' ई
14.	एफयूजी 14	हलोल, गुजरात	22° 32'19.38'' एन, 73°28'14.23'' ई
15.	एफयूआर 15	बंसवाड़ा, राजस्थान	23°33'41.85'' एन, 74°28'14.97'' ई
16.	एफयूजी 16	पावगढ़, गुजरात	22°28' 17.76'' एन, 73°34' 2.14'' ई

राजस्थान और गुजरात से एकत्र किए गए तना गलन संक्रमित नमूनों से अलग की फ्यूजेरियम प्रजातियां

6.12.3. बीज हब परियोजना के तहत गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन

2019-20 के दौरान विश्वविद्यालय और किसानों की भागीदारी में बाजरा, तिलहन, दलहन और अनाज सहित कुल 1274 क्विंटल बीज का उत्पादन किया गया था। विभिन्न फसलों के बीज उत्पादन के लिए दलहन, तिलहन और बाजरा पर तीन प्रमुख बीज परियोजनाएं निष्पादित की गई हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र के फसल के पैटर्न को ध्यान में रखते हुए दलहनों (565 क्विंटल), तिलहन (395 क्विंटल), अनाज (239 क्विंटल) और बाजरा (75 क्विंटल) के बीज का उत्पादन हुआ।

7. प्रसार गतिविधियां

7.1. तोरिया-सरसों पर अग्र पंक्ति प्रदर्शन

बेहतर उत्पादन प्रौद्योगिकियों के माध्यम से बुंदेलखंड क्षेत्र के किसानों को आर्थिक लाभ दिलवाने के उद्देश्य से सरसों के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए तोरिया एवं सरसों पर अग्र पंक्ति प्रदर्शन (एफएलडी) आयोजित किए गए। सरसों की चार उन्नत किस्मों अर्थात आरएच-406, एनआरसीएचबी-10, पीडीजेडएम-1 तथा डीआरएमआर-आईजे 31 (गिरिराज) के गुणवत्तापूर्ण बीजों सहित संपूर्ण पैकेज ऑफ प्रेक्टिस (खेती विधियों) के अंतर्गत इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले उत्तर प्रदेश के 3 ब्लॉकों के 10 गांवों तथा मध्यप्रदेश के एक ब्लॉक में 45 प्रदर्शनों को संचालित किया गया। हाल ही में विकसित किस्मों के उत्कृष्ट बीज, बीजोपचार, पंक्तिबद्ध बुवाई, समय पर निराई, उर्वरकों का संतुलित उपयोग, सूक्ष्मपोषकों (*सल्फर और बोरोन*) का उपयोग और जरूरत के अनुसार पादप सुरक्षा के उपायों जैसी तकनीकी युक्तियों को इन प्रदर्शनों में शामिल किया गया तथा किसानों के ज्ञान स्तर और प्रचलित स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को ध्यान में रखते हुए तकनीकी हस्तक्षेपों का चयन किया गया। 45 अग्र पंक्ति प्रदर्शन (एफएलडी) के परिणामों से यह आसानी से स्पष्ट होता है कि देशी विधियों (1,166 किग्रा/हे0) की तुलना में बेहतर उत्पादन



प्रक्रियाओं को अपनाने पर उत्पादकता (1,467 किग्रा/हे0) में 26.00 प्रतिशत की औसत वृद्धि के साथ किसानों को रु0 12,069/हे0 का औसतन मौद्रिक लाभ प्राप्त हुआ। 24 प्रदर्शनों के निष्कर्षो के आधार पर यह पाया गया कि *गिरिराज* किस्म से उन्नत खेती प्रक्रियाओं को अपनाकर उत्पादकता में 28.14 प्रतिशत की औसत वृद्धि (1,604 किग्रा/हे0) के माध्यम से रु0 13,440/हे0 का अतिरिक्त औसत मौद्रिक लाभ प्राप्त हुआ। अतिरिक्त मौद्रिक लाभ उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकियों को अपनाने की आर्थिक व्यवहार्यता को सिद्ध करता है और किसानों को प्रदान किए गए तकनीकी हस्तक्षेपों को अपनाने के प्रति आश्वस्त करता है।

7.2. चने पर अग्र पंक्ति प्रदर्शन

बुंदेलखंड क्षेत्र में चने की संभावित पैदावार में वृद्धि के लिए, भाकृअनुप-एआईसीआरपी-चना एवं भाकृअनुप-आईआईपीआर, कानपुर के सहयोग से चने की उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकी के आकलन एवं हस्तांतरण के लिए इस विश्वविद्यालय द्वारा इस क्षेत्र में चने की फसल पर 10 अग्र पंक्ति प्रदर्शनों (एफएलडी) को संचालित किया गया। प्रचलित खेती के तरीकों की तुलना में उन्नत प्रौद्योगिकी के घटकों के आकलन हेतु किए गए एक सर्वेक्षण के आधार पर चने की खेती के लिए इसकी दो उन्नत किस्मों यथा आरवीजी 202 को 2019-20 के *रबी* मौसम में झांसी जिले के बामोर, बड़ागांव तथा गरौंथा ब्लॉक के काईरोखड़, जखोरा, भदरवाड़ा बुजुर्ग, बछावली, सेंगुआन और बिलातीकड़के तथा शिवपुरी जिले में करेरा ब्लॉक के थारना गांव को सम्मिलित करते हुए 07 गांवों में किसानों के खेतों पर उगाया गया। फसल की उच्च उपज प्राप्त करने की उन्नत तकनीक ने किसानों को एक वैकल्पिक और बेहतर प्रक्रिया प्रदान की। आरवीजी -202 किस्म को अपनाने पर किसानों की पारंपरिक प्रक्रियाओं की तुलना में 20 प्रतिशत बीज की बचत, इष्टतम पौधों की संख्या तथा लगभग 27 से 40 प्रतिशत तक अधिक उपज लाभ प्राप्त हुआ। आरवीजी-202 में किसानों की पारंपरिक विधियों की तुलना में प्रति हेक्टेयर लागत रुपये 28,338 तथा औसत लाभ 33.30 प्रतिशत था जबकि

तालिका 23: एलएलडी में चने की उत्पादकता तथा आर्थिक पक्ष का तुलनात्मक विश्लेषण

उपचार	निविष्टियों की लागत (रु./हेक्टेयर)	कुल प्राप्ति (रु./हेक्टेयर)	शुद्ध प्राप्ति (रु./हेक्टेयर)
उन्नत प्रक्रियाएं	28,338/-	71,315/-	42,978/-
स्थानीय किस्मों के उपयोग से किसानों द्वारा अपनाई गई विधियां	24,783/-	53,249/-	28,528/-

तालिका 24: उन्नत विधियों तथा स्थानीय किस्मों के बीच उत्पादन का विश्लेषण

उपचार	औसत उपज (किग्रा/हेक्टेयर)	अधिकतम उपज (किग्रा/हेक्टेयर)	न्यूनतम उपज (किग्रा/हेक्टेयर)
उन्नत प्रक्रियाएं	1470	1750	1250
स्थानीय किस्मों के उपयोग से किसानों द्वारा अपनाई गई विधियां	1098	1250	950
वाईआइ-ओएफपी*(%)	33.3	40	27.3

**किसानों की प्रक्रियाओं की तुलना में उपज वृद्धि*

गैर-उपचार (कंट्रोल) में (*किसानों की प्रक्रियाओं को अपनाते* हुए) यह रु0 24,783 प्रति हेक्टेयर थी। हालांकि, उन्नत विधियों को अपनाने पर प्राप्त शुद्ध लाभ प्रति हेक्टेयर 42,978 रुपए था जबकि किसानों की प्रक्रियाओं को अपनाने पर प्राप्त शुद्ध लाभ प्रति हेक्टेयर रु0 28,528 था। उन्नत विधियों को अपनाने पर आरवीजी 202 किस्म से प्राप्त औसत उपज 10.70 क्विंटल/हेक्टेयर थी, जबकि गैर-उपचार (कंट्रोल) में इसे 10.98 क्विंटल/हेक्टेयर दर्ज किया गया। पारंपरिक छिड़काव (ब्रॉडकास्टिंग) की तुलना में उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाने पर किसानों में काफी उत्साहजनक प्रतिक्रिया देखने को मिली। किसान इस बात से आश्वस्त थे कि समय पर बुवाई करने पर चने की पैदावार और अधिक बढ़ सकती है।

7.3 प्रदर्शन

- रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्र में तोरिया एवं सरसों की किस्मों पर उन्नत प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए 33 किसानों के लिए एक प्रदर्शन कार्यक्रम को आयोजित किया गया। इससे इस क्षेत्र में उन्नत प्रक्रियाओं और उनकी सक्षमता के बारे में एक अंतदृष्टि का पता चलता है।
- औषधीय पौधों (एलोय-वेरा, अनार, सफेद मूसली, अंजीर, स्टेविया), पर डीएसटी परियोजना के तहत खेतों पर दस प्रदर्शनों का संचालन किया गया। इन प्रदर्शनों का उद्देश्य उन्नत खेती की प्रक्रियाओं तथा मूल्य संवर्द्धन के माध्यम से औषधीय पौधों की खेती को लोकप्रिय बनाना है।
- अखिल भारतीय समन्वित चना अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी-चना, *रबी*, 2019) के तहत चने की उन्नत खेती प्रक्रियाओं पर 10 ऑफ-फार्म प्रदर्शनों का संचालन किया गया।

7.4 किसानों का दौरा

- उत्तर प्रदेश के ललितपुर के 33 किसानों ने 01 जुलाई, 2019 को फसलों एवं सब्जियों, फल बागानों, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की वाटिका और बीज उत्पादन में खेती की उन्नत प्रक्रियाओं एवं उत्पादन व प्रसंस्करण के महत्व को समझने के लिए इस विश्वविद्यालय के फार्म का दौरा किया।

- उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के 34 किसानों के एक समूह द्वारा 17 जुलाई, 2019 को रेजिन फसलों, सब्जी की नर्सरी, फलों के बाग, औषधीय एवं सुगंधित पौधों के बागानों तथा बीज उत्पादन पर ज्ञान अर्जित करने के लिए विश्वविद्यालय के फार्म का दौरा किया ।
- उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के 40 किसानों के एक समूह द्वारा फसल एवं सब्जी उत्पादन, फलों के बागान, औषधीय एवं सुगंधित पौधों के बाग तथा बीज उत्पादन की उन्नत खेती प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए 23 जुलाई, 2019 को विश्वविद्यालय के फार्म का दौरा किया गया।
- उत्तर प्रदेश के जिला कानपुर नगर के 28 किसानों ने 1 अगस्त 2019 को फसल एवं सब्जी, फलों के बागानों, औषधीय एवं सुगंधित पौधों के बाग तथा बीज उत्पादन में उन्नत विधियों, उत्पादन एवं प्रसंस्करण के महत्व को समझने के लिए विश्वविद्यालय के फार्म का दौरा किया।
- उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के 40 किसानों के एक समूह द्वारा 28 अगस्त, 2019 को फसल एवं सब्जी, फलों के बागानों, औषधीय एवं सुगंधित पौधों के बाग तथा बीज उत्पादन में उन्नत विधियों और उत्पादन एवं प्रसंस्करण के महत्व को समझने के लिए विश्वविद्यालय के फार्म का दौरा किया।
- उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के 25 किसानों के एक समूह द्वारा 30 अगस्त, 2019 खेतों की अपशिष्ट सामग्री तथा संसाधनों की प्रबंधन प्रक्रियाओं को समझने के लिए *कृषि यंत्रीकरण, खेतों में फसल अवशेष प्रबंधन* पर आयोजित किसानों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के फल बागानों का दौरा किया।
- उच्च उपज तथा अधिक शुद्ध लाभ की प्राप्ति के लिए फल वृक्षों, पौद (सीडलिंग) तथा प्रबंधन प्रक्रियाओं पर जानकारी हासिल करने के लिए राज्य के बाहर के किसानों के प्रशिक्षण, एटीएमए के अंतर्गत मध्य प्रदेश के भिंड के 25 किसानों के एक समूह ने 29 नवंबर, 2019 को इस विश्वविद्यालय के फलों के बागान का दौरा किया।
- उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के 25 किसानों के एक समूह द्वारा 8 फरवरी, 2020 को फल वृक्षों, पौद (सीडलिंग) तथा प्रबंधन पर प्राथमिक अनुभव और ज्ञान की प्राप्ति हेतु कृषि विस्तार पर किसानों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण (एटीएमए) के अंतर्गत इस विश्वविद्यालय के फल बागान का दौरा किया।
- चने पर अग्र पंक्ति प्रदर्शन (एफएलडी) कार्यक्रम के तहत, *रबी*, 2019 के दौरान किसानों के खेत में फसल की वृद्धि तथा प्रगति की निगरानी हेतु शिवपुरी जिले के करेरा ब्लॉक के थानरा गांव सहित झांसी जिले के बच्चावली, बिलाटीकड़के, बमौर के झाखोरा, बडागांव तथा गरौंथा ब्लॉक का दौरा किया गया। ।
- *खरीफ* 2019 और *रबी* 2019 के दौरान डीएसटी वित्त पोषित परियोजना के तहत *बुंदेलखंड क्षेत्र में किसानों के स्व-रोजगार सृजन एवं सतत विकास के लिए औषधीय पौधों के मूल्य संवर्धित एवं हर्बल उद्योगोन्मुख खेती को बढ़ावा देने और बेहतर औद्योगिक मूल्य की सुविधा के लिए उनके गुणवत्ता विश्लेषण* के तहत, उत्तर प्रदेश के बबीना ब्लॉक के गनेशगढ़, कंचनपुर, रक्सा और डगरवाहा गांवों तथा जिला झांसी, उत्तर प्रदेश के बड़ागांव ब्लॉक के अंतर्गत हस्तिनापुर और अंबाई गांवों का दौरा किया गया। बुंदेलखंड क्षेत्र में आजीविका निर्वाह एवं सतत विकास के लिए औषधीय पौधों को *कैश क्रॉप*

के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। चयनित किसानों में औषधीय पौधों को वितरित करने तथा उनके खेतों में पौधों की वृद्धि और प्रगति की निगरानी के लिए इस दौरे का आयोजन किया गया था।

- दलहन पर बीज हब के तहत झांसी और दतिया जिले के जखौरा, गरौंथा, नोनर, सेंगुआन, बिलाटीकड़के, बच्चावली बजुर्ग, गोरा, खडैनी के किसानों के खेतों में मूंग, उड़द, अरहर, चना, मटर और मसूर को किसानों की सहभागिता से बुवाई एवं निगरानी हेतु दौरे का संचालन किया गया। किसानों के खेतों में फसल की वृद्धि एवं प्रगति का आकलन भी भागीदारी मोड में किया गया।

7.5 किसानों का प्रशिक्षण/खेत दिवस कार्यक्रम

- *औषधीय पौधों के मूल्य संवर्धन एवं हर्बल उद्योगोन्मुख खेती को प्रोन्नत करने* पर 24 अगस्त 2019 को डीएसटी वित्त पोषित परियोजना के तहत औषधीय पौधों की वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 50 किसानों के लिए विश्वविद्यालय परिसर में प्रथम किसान संपर्क एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- *औषधीय पौधों के मूल्य संवर्धन एवं हर्बल उद्योगोन्मुख खेती को प्रोन्नत करने* पर 29 जनवरी, 2020 को डीएसटी वित्त पोषित परियोजना के तहत 60 किसानों के लिए विश्वविद्यालय परिसर में द्वितीय किसान संपर्क एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- आरएलबीसीएयू, झांसी के वैज्ञानिकों ने 29 फरवरी, 2020 को झांसी महोत्सव के दौरान कृषि विभाग द्वारा प्रायोजित तिलहन और वृक्ष जनित तेल पर संगोष्ठी के दौरान सरसों के उन्नत बीज उत्पादन पर किसानों को संबोधित किया।
- उपज के नुकसान को कम करने के लिए 06 मार्च, 2020 को *सरसों के बीज उत्पादन एवं रोग प्रबंधन की एडवांस तकनीकों* पर एक खेत दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में झांसी जिले के करारी गांव से 60 किसानों ने सहभागिता की।

8. अवसंरचनात्मक विकास

8.1. सब्जी उत्पादन एवं प्रदर्शन इकाई

(अर्जुन ओला)

सब्जी उत्पादन की नवीनतम प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन के लिए 7,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में एक सब्जी उत्पादन एवं प्रदर्शन इकाई को संस्थापित किया गया जिससे छात्रों, किसानों, आगंतुकों एवं अन्य हितधारकों इससे लाभ उठा सकें। सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा विकसित उन्नत और लोकप्रिय सब्जी की विभिन्न किस्मों को इस ब्लॉक में वैज्ञानिक खेती के पैकेजों के साथ उगाया गया।

हल्दी, अदरक, मेथी, जीरा, शतपुष्प, और सौंफ जैसी कई मसालेदार फसलें (टमाटर, बैगन, मिर्च, पत्ता गोभी, फूलगोभी, गांठ-गोभी, मटर, सेम, प्याज, लहसुन, पत्तेदार सब्जियां, जड़युक्त सब्जियां, कम उपयोग में लाई जाने वाली सब्जी फसलें जैसे कोलोकैसिया, रतालू, आइवी गौर्ड, परवल, बसेला, पालक और कुछ नई समावेशित सब्जियां जैसे, बैंगनी ब्रोकोली, हरी ब्रोकोली, लाल गोभी, शतावरी, ग्लोब आर्टिचोक, लीक, अजवाइन, अजमोद और स्वीट कॉर्न जैसी सब्जियों को उगाया गया।

8.2 फल वाटिका (कैफेटेरिया)

(रंजीत पाल, एस.के. शर्मा, ए.के. सिंह, अंजना खोलिया एवं ए.के. पांडे)

बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए उपयुक्त पाए गए विभिन्न प्रकार के फलदार फसलों के प्रदर्शन हेतु एक निर्देशात्मक इकाई के रूप में एक फल कैफेटेरिया

को विकसित कर इसका रखरखाव किया गया। इस कैफेटेरिया में 41 फलों की लगभग 108 किस्मों का रखरखाव किया जा रहा है।

8.3. पुष्प वाटिका

(प्रियंका शर्मा एवं गौरव शर्मा)

शीतकालीन वार्षिक पुष्प: आईएआरआई, नई दिल्ली, पीएयू, लुधियाना और डॉ. वाई एस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौनी, सोलन जैसे विभिन्न संस्थानों से शीतकालीन वार्षिक पुष्पों की चालीस प्रजातियों को विश्वविद्यालय की पुष्प वाटिका (कैफेटेरिया) में लगाया गया। अक्टूबर, 2019 के दौरान नर्सरी में पौद (सीडलिंग) को उगाया गया और तत्पश्चात नवंबर, 2019 के महीने में पौधों को प्रतिरोपित किया गया। जनवरी, 2019 से इनमें फूलों का आना प्रारंभ हुआ जो कि प्रजातियों के अनुसार अलग-अलग पाया गया। इस पुष्प वाटिका में लगाए तथा रखरखाव किए गए शीतकालीन पुष्पों की वार्षिक प्रजातियों में अफ्रीकी डेजी (*ऑस्टियोस्परमम* स्पी.), वार्षिक फ्लोक्स (*फ्लोक्स ड्रमोंडी*), वार्षिक गुलदाउदी (*ग्लेबियोनिस कोरोनेरिया*), कैलिफोर्नियन पॉपी (*एस्चेशोलजिया कैलिफोर्निका*), कैंडिटफ्ट (*आईबेरिस एमारा*), केप डेसी (*ऑर्कटोटिस फेस्टुओसा*), चाइना एस्टर (*कैलिस्टेफस चाइनेंसिस*), चाइनीज पिंक (*डायन्थस चाइनेंसिस*), कॉर्नफ्लावर (*सेंटड्यूरिया साइनस*), गजानिया (*गजानिया रिगन्स*), गार्डन पॉपी (*पेपावर ओरिएंटेल*), गोडेटिया (*गोडेटिया ग्रैंडिफ्लोरा*), होलीहॉक (*एलिसिया रोजिया*), आइस प्लांट (*डोरोथिएंथस बेलिडिफोर्मिस*), लाक्रस्पुर (*कंसिल्डाजैसिस*), स्वीट सुल्तान (*सेंचुरी मोसाटा*), टिक-सीड (*कोरिओप्सिस टिंक्टोरिया* एवं *सी. ग्रैंडिफ्लोरा*), ल्यूपिन (*ल्यूपिनस हर्टवेगी*), नेमेशिया (*नेमेशिया स्ट्रमोजा*), नास्टर्टियम (*ट्रोपेओलियम मेजस*), पेटुनीया (*पेटुनीया हाइब्रिडा*), पॉट मैरीगोल्ड (*कैलेंडुला ऑफिसिनैलिस*), स्वीट एलिस्सुम (*लोब्युलेरिया मैरिटिमा*), स्वीट विलियम (*डाइएंथस बरबैटस*), स्ट्रॉ फ्लावर (*हेलिक्राइसम ब्रेक्टेटम*), स्टार ऑफ द वेल्ड्ट (*डिमोरफोथेका सिनुआटा*) स्नैप ड्रैगन (*एंटिराहिनम मेजस*), स्वान रिवर डेजी (*ब्राचिकोम आइबर्डिफोलिया*), वर्बेना (*वर्बेना × हाइब्रिडा*), (*मालवा सिल्वेस्ट्रिस*), स्टिकी एवरलास्टिंग (*ब्रेक्टेएंथाविस्कोजा*), स्कार्लेट फ्लैक्स (*लिनम ग्रैंडिफ्लोरम*), यैलो डेजी (*क्राइसेंथिमम मल्टिकॉले*), *ब्रोमस स्पी.*, *ब्रिजास्प* तथा लेगुरस स्पी. को सम्मिलित किया गया है।

ग्रीष्मकालीन एवं वर्षाकालीन वार्षिक पुष्प: ग्रीष्म तथा वर्षाकालीन वार्षिक पुष्पों जैसे अफ्रीकन गेंदा (*टेजेटीज एरेक्टा*), ब्लेंकेट फ्हावर (*सेंचुरी साइनस*), सेलोसिया (*सेलोसिया अर्जेंटिया*), कॉस्मोस (*कॉस्मोस सल्फ्यूरियस*), गोम्फ्रेना (*गोम्फ्रेना ग्लोबोजा*), कोचिया (*बेसिया स्कोपेरिया*), मॉस रोज (*पोर्टुलाका ग्रेंडिफ्लोरा*), पेरिविंकल (*केथेरेंथस राजियस*), जिनिया (*जिनिया लाइनेरिस*) तथा जिनिया स्माल (*जिनिया हाइब्रिडिया*) का रखरखाव किया गया।

बोगनविलिया : भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), नई दिल्ली से बोगनविलिया की सात किस्मों जैसे विशाखा, पार्था, ज़किराना, चित्रा, माहरा, ग्लेब्रा एवं शुभ्रा को एकत्र कर एक वाटिका को संस्थापित किया गया।

कैफेटेरिया में विभिन्न सब्जियों की फसलें

पालक

हल्दी

पालक

टमाटर

अमरनाथ (पूसा लाल चौलाई)

पानी पालक (WB स्थानीय)

मूली (काशी हंस)

मेथी (पूसा अर्ली बंचिंग)

Different leafy vegetables

विभिन्न पत्तेदार सब्जियां

मूली (लाल ग्लोब)

मटर

कसूरी मेथी

बैंगन

अजमोद

लाल अमरनाथ

विलायती

कोल फसल नर्सरी

टमाटर की नर्सरी

डिल

पका हुआ कद्दू

लाल लेटिष

बथुआ

बाकला

प्याज

कैफेटेरिया में कुछ फल वाली फसलें

कस्टर्ड सेब सी.वी. बालानगर

एसिड लाइम सी.वी. एनआरसीसी-8

एसिड लाइम सी.वी. एनआरसीसी-8

करौंदा-सी.वी.थार कोमल

फालसा सी.वी. थार प्रगति

सजावटी बागवानी अनुदेशात्मक उद्यान में प्रमुख प्रजातियां

8.4. औषधीय एवं सुगंधीय पौधों की वाटिका

(विनोद कुमार एवं जहांनगीर ए. भट)

0.8 हेक्टेयर के कुल क्षेत्रफल में औषधीय रूप से 33 फेमिलीज (कुलों) के महत्वपूर्ण जड़ी-बूटियों (23), झाड़ियां (13), घास (4), क्लाइम्बर्स एवं ट्विनर्स (8) और वृक्षों (14) को सम्मिलित करते हुए औषधीय एवं सुगंधित पौधों की एक वाटिका को संस्थापित किया गया। इस वाटिका को इन वृक्षों के प्रसार, वाह्य स्थाने (*एक्स सीटू*) संरक्षण के साथ-साथ शैक्षणिक एवं विस्तार गतिविधियों के लिए स्थापित किया गया था। इस विश्वविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक छात्रों के प्रशिक्षण हेतु यह सु-विकसित औषधीय वाटिका एक मजबूत प्रेरणा स्रोत बनेगा। विश्वविद्यालय के छात्र परियोजना अवधि में अपने नियमित प्रायोगिक कार्यों के साथ-साथ शोध कार्य के लिए औषधीय एवं सुगंधित पौधों के संग्रह हेतु इस वाटिका का उपयोग करते हैं। कई प्रकार की औषधीय और सुगंधित फसलों को गहन कृषि-आदानों की आवश्यकता नहीं होती है और प्राकृतिक दबाव वाली दशाओं में भी ये अच्छी तरह से पनपते एवं विकसित होते हैं और बुंदेलखेड क्षेत्र की अवक्रमित, बंजर तथा सीमांत भूमि में इनके उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। पौधों की कई किस्में जैसे अश्वगंधा, सेन्ना, कलमेघ, तुलसी, लेमनघास एवं पामारोसा आदि वर्षा आधारित/शुष्क भूमि की दशाओं में अच्छी तरह से उगती हैं और जंगली जानवरों द्वारा फसलों के नुकसान वाले संभावित क्षेत्रों में भी छोटी फसल अवधि के भीतर अच्छा लाभ प्रदान करती हैं।

8.5. फसल वाटिका (कैफेटेरिया)

(अनिल कुमार राय)

विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों, किसानों, वैज्ञानिकों और स्कूली बच्चों सहित विभिन्न हितधारकों के लिए एक फसल कैफेटेरिया को विकसित करके उसका रखखाव किया जा रहा है ताकि खेतों की वास्तविक दशाओं में फसल उत्पादन के सिद्धांत का अभ्यास तथा खेती के व्यावहारिक कौशल को विकसित करने के निर्णय लेने हेतु सार्थक बनाया जा सके। *खरीफ* और *रबी* की विभिन्न फसल प्रजातियों एवं किस्मों को कैफेटेरिया में मानक कृषि/पादप संरक्षण की वैज्ञानिक प्रथाओं को अपनाकर उगाया गया। यह किसानों, ग्रामीण युवाओं और विस्तार अधिकारियों के साथ-साथ हमारे छात्रों में तकनीकी ज्ञान के प्रसार हेतु ''देखकर विश्वास करना'' के सिद्धांत पर आधारित व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है। वास्तविक अवलोकन द्वारा विभिन्न फसलों और प्रजातियों में अंतर के व्यावहारिक ज्ञान प्राप्ति से छात्रों और किसानों को इससे लाभ मिला।

वाटिका में उपलब्ध औषधीय और सुगंधीय पौधे

कपूर तुलसी

बकोपा मोननेरी

पांडनस टेक्टेरियस

कैसिया अंगुस्टिफोलिया

पेरोकार्पस सैंटालिनस

बिक्सा ओर्लाना

तुलसी

धतूरा मेटेल

एलो बार्बडेंसिस

एलेटेरिया इलायची

राउवॉल्फिया सर्पिना

कोलियस एरोमैटिकस

कोलियस फोरस्कॉली

उर्जिनिया इंडिका

पथरचटा

कॉमि्फोरा विग्टियाई (गुग्गल)

एसपैरागस रेसमोसस

बबूल की संगिनी

8.6 शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवन का निर्माण

झांसी में कृषि, बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय हेतु शैक्षणिक भवन, प्रशासनिक भवन, कुलपति निवास, हॉस्टल और कुछ संकायों के लिए आवासीय भवनों के जारी निर्माण कार्य को पूरा करने में उल्लेखनीय प्रगति हुई। आशा है कि भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा निकट भविष्य में विश्वविद्यालय के नवनिर्मित शैक्षणिक और प्रशासनिक भवनों को राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

नवनिर्मित शैक्षणिक भवन की झलक

नवनिर्मित प्रशासनिक भवन

9. पुस्तकालय

विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार शिक्षा से संबंधित क्रियाकलापों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सूचना संसाधनों एवं सेवाओं के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कार्य को जारी रखा गया। पुस्तकालय ने प्रयोक्ताओं के लाभ हेतु आईसीटी को लागू करके सूचना के संग्रह, विकास और सूचना संसाधनों के प्रसार के लिए महत्वपूर्ण व्यवस्थित प्रयास किए। प्रतिवेदित अवधि के दौरान उल्लेखनीय पहलों, सेवाओं तथा क्रियाकलापों में यूजीसी के शोध शुद्धि कार्यक्रम के तहत साहित्य की चोरी को रोकने के लिए ऊरकुंड टूल तक पहुंच, आईएनएफएलआईबीएनईटी (इंफ्लिबनेट), एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन, लाइब्रेरी ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर (एलएमएस) कोहा (*विश्व का प्रथम नि:शुल्क एवं मुक्त लाइब्रेरी सिस्टम स्रोत*) के उपयोग से लाइब्रेरी का ऑटोमेशन, प्रयोक्ता समुदाय हेतु ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस केटालॉग (ओपीएसी) तथा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 29 के प्रावधानों के तहत पुस्तकालय सलाहकार समिति के गठन का कार्य सम्मिलित है।

10. वित्त, बजट एवं लेखा परीक्षण

इस विश्वविद्यालय को इसके क्रियाकलापों के संचालन हेतु कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि एवं किसान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त प्रदान किया जाता है। शैक्षणिक वर्ष 2019-20 के दौरान विश्वविद्यालय को रु0 85.01 करोड़ का बजट आबंटित किया गया।

31 मार्च, 2020 को बैलेंस शीट तथा 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय के आय एवं व्यय लेखा के विवरण को अनुलग्नक -VII एवं VIII में प्रस्तुत किया गया है। विश्वविद्यालय ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान वर्ष 2018-19 के वार्षिक लेखा परीक्षित (ऑडिटेड) लेखा को लोकसभा/राज्य सभा के पटल पर प्रस्तुत किया है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के वार्षिक लेखा का प्रधान निदेशक लेखा (केंद्रीय) परीक्षण कार्यालय, लखनऊ के शाखा कार्यालय, इलाहाबाद द्वारा भी लेखा परीक्षण किया गया है। अभी तक इसमें कोई भी ऑडिट पैरा लंबित नहीं है।

11. अन्य प्रमुख गतिविधियां/कार्यक्रम

11.1 राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग भारत सरकार और आरएलबीसीएयू, झांसी द्वारा संयुक्त रूप से 25 अक्टूबर, 2019 को "*टिकाऊ उत्पादन प्रणाली के लिए दलहनी फसलों का संवर्धन, किसानों की आय को दोगुना करना तथा पोषण सुरक्षा*" विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री, भारत सरकार ने इस कार्यशाला का उद्घाटन किया। श्री अनुराग शर्मा, माननीय संसद सदस्य झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र, श्री रवि शर्मा और श्री जवाहर सिंह राजपूत, विधान सभा के माननीय सदस्य, डॉ. पंजाब सिंह, आरएलबीसीएयू के माननीय चांसलर और डॉ. त्रिलोचन महापात्रा, सचिव (डेयर) एवं महानिदेशक, भाकृअनुप, डॉ. अरविंद कुमार, कुलपति, आरएलबीसीएयू, डॉ. ए. के. तिवारी, निदेशक, दलहन विकास निदेशालय, भारत सरकार और डॉ. एस. के. चतुर्वेदी, डीन (कृषि) और

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, माननीय कृषि और किसान कल्याण ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री, भारत सरकार द्वारा गणमान्य व्यक्तियों के साथ कार्यशाला प्रकाशनों का विमोचन।

आयोजन सचिव, आरएलबीसीयू ने भी उद्घाटन समारोह में अपने विचार साझा किए। इस क्षेत्र में दलहनी फसलों को बढ़ाने पर अपने विचार प्रस्तुत करने वाले गणमान्य लोगों में डॉ. एस के राव, कुलपति (आरवीआरएसकेवीवी, ग्वालियर), डॉ. वी. एस. तोमर, पूर्व कुलपति (आरवीएसकेवीवी एवं जेएनकेवीवी) तथा डॉ. सोराज सिंह, निदेशक (कृषि), उत्तर प्रदेश सरकार भी शामिल थे। माननीय केंद्रीय मंत्री ने किसानों को चना, मसूर और मटर के बीज वितरित किए। इस अवसर पर कृषि अधिकारियों एवं किसानों के लाभार्थ, पोस्ट-हार्वेस्ट (फसलोपरांत) तथा मूल्य संवर्धन सहित कृषि से संबंधित सक्षम प्रौद्योगिकियों पर एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। दलहन विकास निदेशालय, भाकृअनुप के संस्थानों, राष्ट्रीय बीज निगम (एनएससी), इक्रिसेट, इकारडा, नाफेड, एग्री-बाजार के प्रतिनिधियों, 12 राज्यों (*उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र*) के कृषि अधिकारियों तथा प्रगतिशील किसानों सहित 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने कार्यशाला के दौरान विचार-विमर्श में भाग लिया। विशेषज्ञों ने लक्षित क्षेत्रों में उत्पादन एवं उत्पादकता में सुधार हेतु प्रौद्योगिकियों की सहायता से सूक्ष्म-स्तरीय नियोजन पर विशेष बल दिया। इसके अलावा, यह सुझाव दिया गया कि सूक्ष्म-सिंचाई और जल संचयन से बुंदेलखंड क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। इसी प्रकार बुंदेलखंड क्षेत्र में दलहन उत्पादन को बढ़ाने के लिए मूल्य संवर्धन तथा पोस्ट हार्वेस्ट (फसलोपरांत) प्रबंधन एवं भटके पशुओं की रखरखाव योजना पर भी राजकीय स्तर पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

11.2 प्रथम अंतर-महाविद्यालयी युवा उत्सव

विश्वविद्यालय में 19 से 22 नवंबर, 2019 के दौरान एक चार दिवसीय प्रथम अंतर-महाविद्यालयी युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में आयोजित 16 विभिन्न प्रतियोगिताओं में 105 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की जिसमें डांस, एकल डांस, समूह गान, सुगम संगीत, एकांगी नाटक, प्रहसन, स्किट, मोनोएक्टिंग, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता, तत्काल पेंटिंग, कार्टूनिंग, क्ले मॉडलिंग, वाद विवाद, आशु भाषण एवं वकृत्वता को शामिल किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों में अपने प्रदर्शन के आधार पर विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

11.3 द्वितीय अंतर-महाविद्यालयी युवा उत्सव

विश्वविद्यालय परिसर में 14 से 18 जनवरी, 2020 के दौरान द्वितीय अंतर-महाविद्यालयी युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस युवा उत्सव में आयोजित 17 विभिन्न प्रतियोगिताओं में सामूहिक डांस, सामूहिक गान, सुगम संगीत, एकांगी नाटक, माइम, स्क्ट, मोनो एक्टिंग, रंगोली, पोस्टर बनाना, तात्कालिक पेंटिंग, कार्टून बनाना, क्ले मॉडलिंग, कोलाज, वाद विवाद, आशु भाषण, क्विज तथा वकृत्वता में 150 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। निर्णायक मंडल द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

11.4 अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालयी युवा उत्सव

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़ में 3-7 फरवरी, 2020 के दौरान आयोजित अखिल भारतीय एग्री-यूनिफेस्ट-2019-20 में इस विश्वविद्यालय से दो टीम प्रबंधकों सहित 21 छात्रों (9 छात्र एवं 12 छात्राओं) ने भाग लिया। इस उत्सव में देश भर के 60 कृषि विश्वविद्यालयों के लगभग 2,500 छात्रों द्वारा सहभागिता की गई। इस विश्वविद्यालय के छात्रों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य (लोक), वाद-विवाद, क्विज, संभाषण, आशु भाषण, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, ऑन स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर बनाना, रंगोली, मोनो एक्टिंग, स्किट तथा डांस जैसे 13 कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

11.5 अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयी क्रीड़ा एवं खेल समारोह

विश्वविद्यालय के छात्रों ने 1-5 मार्च, 2020 के दौरान श्री वेंकटेश्वर पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय, तिरुपति में 20वें अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयी क्रीड़ा एवं खेल प्रतियोगिता 2019-20 में भाग लिया। दो टीम प्रबंधकों के साथ 36 विद्यार्थियों (छात्र एवं छात्राओं) के एक दल ने पांच खेल प्रतिस्पर्धाओं (*एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी और वॉली बॉल*) में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इस आयोजन में विभिन्न कृषि, पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालयों/भाकृअनुप के मानद विश्वविद्यालयों से 65 टीमों ने सहभागिता की। डॉ. आर. सी. अग्रवाल, उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा), भाकृअनुप ने बैठक का उद्घाटन करते हुए इस बात को रेखांकित किया कि खेल प्रतिभागियों को अनुशासन और कई तरह की सीख देते हैं, चाहे वे खेल में जीतें या हारें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस आयोजन से छात्रों को बहु-सांस्कृतिक और बहु-भाषाई वातावरण में रहने का अवसर मिलेगा। उन्होंने प्रतिभागियों से यह भी आग्रह किया कि वे *अपनी इच्छा से न कि मात्र संयोग से* कृषि शिक्षा का चुनाव करें। इस आयोजन में देश भर से कुल 3,000 लोगों ने सहभागिता की।

11.6 प्रमुख राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवसों का आयोजन

सभ्यता के प्रारंभ से ही इंसानों ने विशेष अवसरों को याद रखने के लिए स्मृति दिवस मनाने को उच्च प्राथमिकता दी है। महत्वपूर्ण दिवसों पर उन विशेष घटनाओं को याद करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता होनी चाहिए। विश्वविद्यालय ने समुदायिक भावना पैदा करने, इनके महत्व को समझने, यादों को चिरकालिक बनाए रखने तथा इनमें हर्ष एवं उत्साह का पुट मिलाने के लिए प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दिवसों को मनाया। वर्ष के दौरान मनाए गए महत्वपूर्ण दिनों/घटनाओं को नीचे दिया गया है :

आयोजित किए गए महत्वपूर्ण दिन/कार्यक्रम

1.	स्वतंत्रता दिवस	अगस्त 15, 2019
2.	शिक्षक दिवस	सितंबर 05, 2019
3.	हिन्दी पखवारा	सितंबर 14.28, 2019
4.	गांधी जयंती	अक्टूबर 02, 2019
5.	जल संरक्षण सप्ताह	अक्टूबर 14.19, 2019
6.	विश्व खाद्य दिवस	अक्टूबर 16, 2019
7.	राष्ट्रीय एकता दिवस	अक्टूबर 31, 2019
8.	रानी लक्ष्मी बाई जन्मदिन	नवंबर 19, 2019
9.	कृषि शिक्षा दिवस	दिसंबर 03, 2019
10.	विश्व मृदा दिवस	दिसंबर 05, 2019
11.	किसान दिवस	दिसंबर 23, 2019
12.	राष्ट्रीय युवा दिवस	जनवरी 12, 2020
13.	गणतंत्र दिवस	जनवरी 26, 2020
14.	राष्ट्रीय विज्ञान दिवस	फरवरी 28, 2020
15.	स्थापना दिवस	मार्च 05, 2020
16.	अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस	मई 22, 2020
17.	विश्व पर्यावरण दिवस	जून 05, 2020

विश्व पर्यावरण दिवस

11.7 अटल जय विज्ञान व्याख्यान माला: नई पीढ़ी के साथ ज्ञान का आदान प्रदान

विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ की गई अटल जय विज्ञान व्याख्यान माला के तहत तीन उत्कृष्ट वैज्ञानिकों ने व्याख्यान दिए। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित कर उन्हें कृषि के प्रमुख क्षेत्रों के बारे में अंतदृष्टि प्रदान करना है, ताकि गुणवत्तायुक्त मानव संसाधन, क्षमता निर्माण तथा शैक्षणिक विकास संभव हो सके।

तालिका 25: *अटल जय विज्ञान श्रृंखला* में दिए व्याख्यान

क्र.सं.	विषय	वक्ता	दिनांक
1.	जल उत्पादकता-सूक्ष्म-सिंचाई: एक विकल्प	डॉ. एच. पी. सिंह, भूत पूर्व उप महानिदेशक (बागवानी), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली	अक्टूबर 14, 2019.
2.	खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कृषि में सुधार के लिए विज्ञान	डॉ. राजीव के. वार्ष्णेय, रिसर्च प्रोग्राम डायरेक्टर, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन जीनोमिक्स एंड सिस्टम बायोलॉजी, आईसीआरआईएसएटी, हैदराबाद	फरवरी 28, 2020.
3.	कृषि में सुधार	डॉ. एस के राव, कुलपति, राज माता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर	मार्च 5, 2020.

12. अतिथियों की सूची

क्र.सं.	आगंतुक का नाम	पद	यात्रा की दिनांक
1.	श्री नरेंद्र सिंह तोमर	माननीय केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण और ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री, भारत सरकार	25.10.2019
2.	श्री अनुराग शर्मा	माननीय संसद सदस्य (लोकसभा), झांसी-ललीतपुर	
3.	श्री रवि शर्मा	विधानसभा के माननीय सदस्य, झांसीनगर	
4.	श्री जवाहर सिंह	विधान सभा के माननीय सदस्य, गरौठा	
5.	डॉ. पंजाब सिंह	माननीय कुलाधिपति, रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय	
6.	डॉ. त्रिलोचन महापात्र	सचिव, कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग और महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली	
7.	डॉ. एस. राव	कुलपति, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर	
8.	डॉ. वी.एस. तोमर	पूर्व कुलपति, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर और जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर	
9.	डॉ. ए.के. तिवारी	निदेशक, दलहन विकास निदेशालय, भारत सरकार	
10.	डॉ. सोरज सिंह	निदेशक, कृषि, उत्तर प्रदेश	
11.	प्रो. बी.एन. सिंह	अध्यक्ष, अनुसंधान और विकास केंद्र, गोरखपुर	13.11.2019
12.	डॉ. एम. प्रेमजीत सिंह	कुलपति, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इंफाल	10.12.2019
13.	डॉ. पी. एल. गौतम	पूर्व कुलपति, पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर	11.12.2019
14.	डॉ. गजेंद्र सिंह	पूर्व कुलपति	11.12.2019
15.	डॉ. आर.सी. अग्रवाल	उप. महानिदेशक (शिक्षा), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली	11.12.2019
16.	डॉ. पी.के. राय	निदेशक, राई और सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर	03.02.2020
17.	डॉ. एस.एन. पुरी	पूर्व कुलपति, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इंफाल	10.02.2020
18.	डॉ. ए.के. सिंह	पूर्व कुलपति, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर	10.02.2020
19.	श्रीमती प्रमोद कुमारी राजपूत	सदस्य, प्रबंध मंडल	10.02.2020
20.	श्री संतोष कुमार सिंह	सदस्य, प्रबंध मंडल	10.02.2020
21.	डॉ. अनिल कुमार	प्रधान वैज्ञानिक, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार	20.09.2019
22.	डॉ. पंकज शर्मा	प्रधान वैज्ञानिक, राई और सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर	28.02.2020
23.	डॉ. दिनेश कुमार	प्रधान वैज्ञानिक, भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल	04.03.2020

13. संकाय सदस्यों की सम्मेलनों/प्रशिक्षणों/बैठकों में प्रतिभागिता

विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न सम्मेलनों/प्रशिक्षणों और महत्वपूर्ण बैठकों में शोध-पत्र/प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा विभिन्न शैक्षणिक/अनुसंधान संबंधी मुद्दों में योगदान देने के लिए भाग लिया।

क्र.सं.	सम्मेलन का नाम/बैठक	दिनांक और स्थान	नाम और पदनाम
1.	बीज हब-तिलहन पर समीक्षा बैठक	जुलाई 19-20, 2019 कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद	डॉ. राकेश चौधरी, वैज्ञानिक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन
2.	राई और सरसों भा.कृ.अ.प.-भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की 26वीं वार्षिक समूह बैठक	अगस्त 3-5, 2019 बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके, रांची	डॉ. राकेश चौधरी, वैज्ञानिक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन
3.	औषधीय पौधों पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की परियोजना की समीक्षा बैठक	अगस्त 25, 2019 विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली और बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी	डॉ. मीनाक्षी आर्य, वैज्ञानिक, पादप रोग विज्ञान
4.	चना भा.कृ.अ.प.-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की 24वीं वार्षिक समूह बैठक	अगस्त 27-29, 2019 बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके, रांची	डॉ. मीनाक्षी आर्य, वैज्ञानिक, पादप रोग विज्ञान डॉ. अंशुमान सिंह, वैज्ञानिक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन
5.	डीबीटी, जीओआई से सहायता के लिए चना पर परियोजना की योजना बनाने के लिए रा.पा.जी.अनु.सं. द्वारा आयोजित बैठक	नवंबर 19, 2019 डीबीटीए नई दिल्ली	डॉ. एस.के. चतुर्वेदी, अधिष्ठाता, कृषि
6.	बागवानी और वानिकी महाविद्यालय, केएयू, झालावाड़ के पाठ्क्रम और पाठ्क्रम विकास समिति की बैठक	जनवरी 3, 2020 बागवानी और वानिकी महाविद्यालय, केएयू, झालावाड़	डॉ. गौरव शर्मा, सह प्रध्यापक, फ्लोरीकल्चर और भूनिर्माण
7.	अलसी खेत दिवस	फरवरी 25, 2020 भा.कृ.अ.प.-एनबीपीजीआर, नई दिल्ली	डॉ. विष्णु कुमार, सह प्रध्यापक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन
8.	*रबी* दलहन वैज्ञानिकों की बैठक	फरवरी 27-28, 2020 भा.कृ.अ.प.-आईआईपीआर, कानपुर	डॉ. अंशुमान सिंह, वैज्ञानिक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन
9.	राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना वैज्ञानिक सलाहकार समूह की बैठक (एसजीसीपी): समृद्ध बुंदेलखंड के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्मार्ट कृषि	मार्च 6, 2020 रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी	संकाय और शिक्षण सहयोगियों सहित बीस प्रतिभागी।

10.	मक्का पर भा.कृ.अ.प.-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की 63वीं ऑनलाइन वार्षिक समूह बैठक	अप्रैल 20-22, 2020 ऑनलाइन	डॉ. राकेश चौधरी, वैज्ञानिक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन
11.	अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना- बाजरा की 55वीं ऑनलाइन वार्षिक समूह बैठक	अप्रैल 29, 2020 ऑनलाइन	डॉ. राकेश चौधरी, वैज्ञानिक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन
12.	भा.कृ.अ.प.-डीबीटी-तिल परियोजना बैठक	मई 21, 2020 ऑनलाइन आयोजित किया	डॉ. राकेश चौधरी, वैज्ञानिक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन
13.	डीबीटी अलसी नेटवर्क परियोजना समीक्षा बैठक	जून 02-03, 2020 भा.कृ.अ.प.-एनबीपीजीआरए नई दिल्ली	डॉ. विष्णु कुमार, सह प्रध्यापक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन डॉ. राकेश चौधरी, वैज्ञानिक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन

14. पुरस्कार, सम्मान एवं मान्यताएं

1. आर्य मीनाक्षी, को कुलपति द्वारा प्रशंसा पत्र
2. आर्य मीनाक्षी, सदस्य, शैक्षणिक परिषद, आरएलबीसीएयू, झांसी
3. आर्य मीनाक्षी, सदस्य, अनुसंधान परिषद, आरएलबीसीएयू, झांसी
4. आर्य मीनाक्षी, सदस्य, अध्ययन बोर्ड, कृषि महाविद्यालय, आरएलबीसीएयू, झांसी
5. आर्य मीनाक्षी, सदस्य, अध्ययन बोर्ड, बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय, आरएलबीसीएयू, झांसी
6. आर्य मीनाक्षी, सदस्य, निर्णायक समिति, राष्ट्रीय किशोर विज्ञान कांग्रेस, राष्ट्रीय विज्ञान एवं संचार प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, माउंट लिटेरा स्कूल, झांसी, नवंबर 23, 2020
7. भास्कर डेविड वी., सदस्य, संपादकीय बोर्ड, एग्रिकल्चरल लाइफ, आरएलबीसीएयू, झांसी
8. चतुर्वेदी, एस.के., 2019, डीएसीएंडएफडब्ल्यू, भारत सरकार तथा आरएलबीसीएयू, झांसी द्वारा संयुक्त रूप से ''*टिकाऊ उत्पादन प्रणाली हेतु दलहनों की खेती को बढाना, किसानों की आय को दो गुना करना तथा पोषणिक सुरक्षा*'' पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के संयोजक
9. चतुर्वेदी, एस.के., 2020 को इक्रिसेट, पाटनचेरू द्वारा ट्रांसलेशनल जीनोमिक्स के क्षेत्र में उल्लेखनीय साझेदारी के लिए प्रशंसापत्र एवं मान्यता प्रमाणपत्र।
10. देवी युमनाम बिजय लक्ष्मी, 2020, द एन्वायरनमेंटनल डेवलेपमेंट सोसायटी (पर्यावरण विकास समिति) द्वारा अनुसंधान में उत्कृष्टता अवार्ड
11. जैन अल्का, सदस्य, जैविक विविधता समिति (*राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल बॉयोलॉजिकल-डाइवर्सिटी अधिनियम*) नगर निगम, झांसी
12. खोलिया अंजना, 2019, भाकृअनुप-आईआईएसआर, लखनऊ में 8-10 दिसंबर, 2019 के दौरान सम्पन्न प्रगतिशील बागवानी कॉन्क्लेव में सर्वोत्तम शोधपत्र प्रस्तुति।
13. खोलिया अंजना को भारतीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास सोसाइटी, लखनऊ द्वारा आयोजित प्रगतिशील बागवानी कॉन्क्लेव में उनकी उल्लेखनीय पीएचडी (बागवानी) अनुसंधान थीसिस के लिए आईएसएचआरडी का उभरते वैज्ञानिक का अवार्ड (बडिंग साइंटिस्ट) दिया गया, 8-10 दिसंबर, 2019।

14. कुमार अनिल, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी पाठ्यक्रम, भाकृअनुप, नई दिल्ली के अद्यतनीकरण एवं संशोधन हेतु जैवप्रौद्योगिकी एवं जैव सूचना विज्ञान की कोर कमेटी सदस्य, बीएसएमए
15. कुमार अनिल, सदस्य, विस्तार परिषद, आरएलबीसीएयू, झांसी
16. कुमार अनिल, सदस्य, शैक्षणिक परिषद, आरएलबीसीएयू, झांसी
17. कुमार अनिल, सदस्य, शोध परिषद, आरएलबीसीएयू, झांसी
18. कुमार अनिल, सदस्य सचिव, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, आरएलबीसीएयू, झांसी
19. कुमार आशुतोष, 2020, मौलिक विज्ञान के क्षेत्र में प्लांटिका युवा वैज्ञानिक पुरस्कार-2020, प्लांटिका फाउंडेशन, देहरादून, उत्तराखंड, 14 जून, 2020
20. कुमार अमित, 2020, कृषि विज्ञान संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में 22-24 फरवरी, 2020 के दौरान *किसानों की आय में वृद्धि एवं जल संरक्षण : अवसर एवं चुनौतियां* विषय पर पांचवें उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस में सर्वोत्तम शोधपत्र की प्रस्तुति पर पुरस्कार प्रदान किया गया।
21. कुशवाहा अर्तिका सिंह, 2019, आरवीएसकेवीवी, ग्वालियर द्वारा 22 अक्टूबर, 2019 को पी.एचडी (सस्य विज्ञान) के लिए गोल्ड मेडल।
22. शर्मा गौरव को कुलपति द्वारा प्रशंसा प्रमाणपत्र
23. शर्मा, प्रियंका, 2020, को गुप्ता वाई. सी., खुटिया कमसेन, धीमन एस. आर. तथा शर्मा प्रियंका द्वारा लिखित शोधपत्र गुलदाउदी (*ग्लेडिओलस ग्रांडिफ्लोरस किस्म सोलन मंगला*) *की वृद्धि, पुष्पन एवं संवर्द्धन पर रोपण तिथि का प्रभाव* के लिए सर्वोत्तम शोधपत्र पुरस्कार।
24. सिंह, अंशुमान, सदस्य, शैक्षणिक परिषद, आरएलबीसीएयू, झांसी
25. सिंह, अंशुमान, सदस्य, अध्ययन परिषद, कृषि महाविद्यालय, आरएलबीसीएयू, झांसी
26. सिंह, अंशुमान, सदस्य, अध्ययन बोर्ड, बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय, आरएलबीसीएयू, झांसी
27. सुंदर पाल, 2019, कृषि एवं पर्यावरणीय प्रौद्योगिकी विकास सोसायटी, उत्तराखंड, भारत द्वारा युवा शिक्षक पुरस्कार-2019
28. तिवारी प्रभात, कृषि एवं पर्यावरणीय प्रौद्योगिकी विकास सोसायटी, नैनीताल, उत्तराखंड, भारत द्वारा 1-2 दिसंबर, 2019 के दौरान *खाद्य एवं पर्यावरणीय सुरक्षा हेतु कृषि एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान का वैश्विक परिदृश्य (जीएएएफईएस 2019)* पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में तकनीकी सत्र के सह-अध्यक्ष।
29. तोमर, आर.एस. 2020, इंटरनेशनल जर्नल ऑन एग्रिकल्चरल साइंसेज के संपादक
30. तोमर, आर. एस. 2020, राष्ट्रीय पर्यावरणीय विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली के न्यूज लेटर के मुख्य संपादक
31. ऊषा, 2020, *समावेशी विकास के लिए कृषि, पर्यावरणीय एवं जैविक विज्ञान में नए ट्रैंड* पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेब-सम्मेलन।

15. प्रकाशन

विश्वविद्यालय संकाय ने कृषि विज्ञान के विभिन्न आयामों पर 20 शोध पत्रों के अतिरिक्त शोध सार, पुस्तकें तथा अध्याय प्रकाशित किये। इनका पूर्ण विवरण इस प्रतिवेदन के अग्रेंजी संस्करण में उपलब्ध है (पृष्ठ 53-56)।

16. रेडियो / टीवी वार्ता

क्र.सं.	संकाय/शिक्षण सहयोगी का नाम	विषय	प्रसारण की तारीख	प्रसारक
1.	डॉ. अंजना खोलीया	बुंदेलखंड मे फलो की खेती की समभावनए	फरवरी 6, 2020	ऑल इंडिया रेडियो, झांसी
		बुंदेलखंड मे बेलफल की खेती	मार्च 10, 2020	ऑल इंडिया रेडियो, झांसी
2.	डॉ. अंशुमान सिंह	बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए चना की उन्नत उत्पादन तकनीकें	नवंबर 13, 2019	ऑल इंडिया रेडियो, झांसी
3.	डॉ. अर्तिका सिंह कुशवाहा	*खरीफ* मौसम में फसल उत्पादन	जून 26, 2019	ऑल इंडिया रेडियो, झांसी
4.	डॉ. आशुतोष कुमार	जलवायु परिवर्तन का कृषि पे प्रभाव	जुलाई 3, 2019	डीडी किसान चैनल, दिल्ली
5.	डॉ. डी के उपाध्याय	किसान सम्मलेन	फरवरी 15, 2020	आकाशवाणी झांसी
		परिचर्चा: किसान सम्मेलन	फरवरी 15- 18, 2020	ऑल इंडिया रेडियो, झांसी
6.	डॉ. प्रभात तिवारी	बुंदेलखंड मे कृषि वनिकी का महावत	जनवरी 21, 2020	ऑल इंडिया रेडियो, झांसी
		किसान परिचर्चा	फरवरी 15, 2020	ऑल इंडिया रेडियो, झांसी
7.	डॉ. प्रिस कुमार	दलहनी फसलों में खरपतवार प्रबंधन	फरवरी 20,2020	ऑल इंडिया रेडियो, झांसी
		बीज उपचार का कृषि में महत्व	मार्च 14, 2020	ऑल इंडिया रेडियो, झांसी
8.	डॉ. राकेश चौधरी	बुंदेलखंड में सरसों की उन्नत उत्पादन तकनीक	नवंबर 13, 2019	आकाशवाणी झांसी
		बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए सरसों की अग्रिम उत्पादन तकनीक	नवंबर 14, 2019	ऑल इंडिया रेडियो, झांसी
9.	डॉ. राकेश कुमार	कृषि वानिकी का महत्व	जनवरी 21, 2020	ऑल इंडिया रेडियो, झांसी
		कृषि वानिकी का महत्व	जनवरी 24, 2020	ऑल इंडिया रेडियो, झांसी
10.	डॉ. सुंदरपाल	कीटनाशकों का प्रयोग सावधानी से करें	दिसंबर 12, 2019	आकाशवाणी, झांसी
		किसान सम्मेलन में विशेषज्ञ परिचर्चा	फरवरी 15- 18, 2020	आकाशवाणी, झांसी

17. वर्ष 2020-21 के लिए योजना

- सस्य विज्ञान, पादप रोग विज्ञान, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन, मृदा विज्ञान, कीटविज्ञान, सब्जी विज्ञान, फल विज्ञान एवं वन संवर्द्धन तथा कृषि वानिकी पर पीजी कार्यक्रमों (स्नातकोत्तर) के अतिरिक्त बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि, बी.एससी. (ऑनर्स) बागवानी एव बी.एससी. (ऑनर्स) वानिकी कार्यक्रमों को जारी रखना।
- शैक्षणिक एवं प्रशासनिक ब्लॉक, हॉस्टल एवं संकाय आवासों का उद्घाटन
- पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान तथा मात्स्यिकी महाविद्यालयों हेतु दतिया में परिसर विकास का प्रारंभ
- कृषि, बागवानी एवं वानिकी में स्नातक/ स्नातकोत्तर शिक्षा हेतु उन्नत प्रावधान करना
- *वर्षा जल संचयन, फसल सुधार, संसाधन प्रबंधन, गैर-कृषि वाली भूमि में बागवानी/ वानिकी आधारित प्रणालिया, समेकित खेती प्रणालियों* जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एक्स्ट्रा-म्यूरल वित्त प्राप्त करके अनुसंधान हेतु बुनियादी संरचनाओं का समेकन
- बुदेलखंड क्षेत्र में फसल उत्पादन की उन्नत प्रौद्योगिकियों में वृद्धि द्वारा विस्तार शिक्षा क्रियाकलापों को सुदृढ़ करना
- नए सृजित गैर-शैक्षणिक पदो पर भर्ती
- प्रायोगिक शिक्षण एवं स्टूडेंट रेड्डी कार्यक्रमों का सुदृढ़ीकरण
- चुनिंदा कृषि एवं बागवानी फसलों के लिए गुणवत्ता वाले बीजों और रोपण सामग्री का उत्पादन
- अनुसंधान फार्म का विकास।

अनुबंध-I

विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल का संघटन

(रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, अधिनियम, 2014 की अनुसूची के पैरा 12 (1) के अनुसार)

क्र.सं.	संघटन	नाम और पदनाम	स्तर
1.	कुलपति (अनुसूची की धारा 12 (1) (i)	डॉ. अरविन्द कुमार, कुलपति, आरएलबीसीएयू, झांसी	पदेन अध्यक्ष
2.	चार सचिव, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश राज्यों के कृषि एवं पशुपालन, मात्स्यिकी एवं बागवानी विभागों के प्रभारी सचिवों में से जिन्हें विजिटर द्वारा क्रमानुसार नामित किया जाना है : बशर्ते कि एक विशेष समय में मंडल में एक राज्य के दो से अधिक सचिव नहीं होंगे। (अनुसूची की धारा 12(1)(ii) के अनुसार)	प्रधान सचिव, कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ-226001 प्रधान सचिव, बागवानी विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ-226001 प्रधान सचिव, मत्स्य विभाग, मध्य प्रदेश सरकार, भोपाल-462003 प्रधान सचिव, पशुपालन विभाग, मध्य प्रदेश सरकार, भोपाल-462051	सदस्य सदस्य सदस्य सदस्य
3.	विजिटर द्वारा नामित तीन प्रतिष्ठित वैज्ञानिक (अनुसूची की धारा 12 (1)(iii) के अनुसार)	डॉ. एस.एन पुरी, पूर्व कुलपति, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इंफाल डॉ. पी.एल. गौतम, पूर्व अध्यक्ष, पीपीवी एवं एफआर प्राधिकरण तथा पूर्व कुलपति, जीबीपीयूए और टी, पंतनगर (म.सं. 118, एचपी हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बिंद्राबन, पालमपुर जिला, कांगड़ा-176061 (हिमाचल प्रदेश) डॉ. गजेंदर सिंह, पूर्व उप- महानिदेशक (इंजीनियरिंग), भा.कृ.अ.प., नई दिल्ली	सदस्य सदस्य सदस्य
4.	विजिटर द्वारा नामित कृषि विकास में विशेष ज्ञान से युक्त कृषि आधारित उद्योगों या विनिर्माता का प्रतिनिधित्व करने वाला एक विशिष्ट व्यक्ति (अनुसूची की धारा 12 (1)(iv) के अनुसार)	श्री संतोष कुमार सिंह, जय केमिकल इंडस्ट्रीज, बरेली और अध्यक्ष, लगु उद्योग भारती जिला बरेली	सदस्य
5.	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का प्रतिनिधित्व करते हुए उप महानिदेशक (शिक्षा) (अनुसूची की धारा 12 (1)(अ) के अनुसार)	उप महानिदेशक (शिक्षा), भा.कृ.अ.प., कृषि अनुसंधान भवन-II, पूसा, नई दिल्ली-110012 डॉ. एन.एस. राठौड़ (सितम्बर 16, 2019 तक) डॉ. आर.सी. अग्रवाल (सितम्बर 17, 2019 से)	सदस्य
6.	कुलपति द्वारा क्रम के आधार पर नामित महाविद्यालय का एक अधिष्ठाता तथा एक निदेशक (अनुसूची की धारा 12 (1)(vi) के अनुसार)	डॉ. एस के चतुर्वेदी, अधिष्ठाता, कृषि, महाविद्यालय, आरएलबीसीएयू, झांसी डॉ. ए.आर. शर्मा, निदेशक अनुसंधान, आरएलबीसीएयू, झांसी	सदस्य सदस्य

क्र.सं.	संघटन	नाम और पदनाम	स्तर
7.	मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों में क्रमानुसार कुलपति द्वारा नामित बुंदेलखंड में कम से कम एक महिला कृषक का प्रतिनिधित्व करने वाली एक प्रतिनिधि सहित तीन व्यक्ति। बशर्ते कि एक समय में मंडल में एक राज्य के दो से अधिक प्रतिनिधि नहीं होंगे। (अनुसूची की धारा 12 (1)(vii) के अनुसार)	श्रीमती प्रमोद कुमारी राजपूत, गोंडु कम्पाउंड, सिविल लाइंस, झांसी-284001 श्री महेन्द्र प्रताप सिंह यादव, यादव काम्प्लैक्स, कुमकुम टॉकीज के निकट, पन्ना-411002 (स्वर्गवास अक्टूबर 9, 2019) श्री पंकज कुमार गुप्ता, गाँव और पोस्ट बडोनी, तहसील दतिया, जिला दतिया, मध्य प्रदेश	सदस्य सदस्य सदस्य
8.	एक परामर्शक (कृषि), योजना आयोग (अनुसूची की धारा 12 (1)(viii) के अनुसार)	डॉ. अनिल प्रताप सिंह, परामर्शक कृषि, नीति आयोग, कमरा नं 223, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001	सदस्य
9.	विजिटर द्वारा नामित प्राकृतिक संसाधन या पर्यावरण प्रबंध पर एक विशिष्ट प्राधिकारी (अनुसूची की धारा 12 (1)(ix) के अनुसार)	डॉ. अनिल कुमार सिंह, पूर्व महानिदेशक (एनआरएम) पूर्व कुलपति, राजमाता विजय राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर-474002	सदस्य
10.	भारत सरकार के संबंधित सचिव द्वारा नामित कृषि एवं पशुपालन से संबंधित भारत सरकार के विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले कम से कम संयुक्त सचिव के स्तर के दो व्यक्ति (अनुसूची की धारा 12 (1)(x) के अनुसार)	डॉ. ओ.पी. चौधरी, संयुक्त सचिव (एनएलएम), पशुपालन और डेरी विभाग, भारत सरकार, डॉ. तरसेम चंद, संयुक्त सचिव (प्रशासन), कृषि विभाग, सहयोग और किसान कल्याण, कमरा नं 246, कृषि भवन, नई दिल्ली-110 001	सदस्य सदस्य
11.	कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले सचिव का एक नामित (अनुसूची की धारा 12 (1)(xi) के अनुसार)	विशेष सचिव, कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली-110 001	सदस्य
12.	विश्वविद्यालय का कुलसचिव - सचिव (अनुसूची की धारा 12 (1)(xii) के अनुसार)	डॉ. मुकेश श्रीवास्तव	सचिव

अनुबंध-II

विश्वविद्यालय वित्त समिति का संघटन

(रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, अधिनियम, 2014 की अनुसूची के पैरा 17 (1) के अनुसार)

क्र.सं.	संघटन	नाम और पदनाम	स्तर
1.	कुलपति (अनुसूची की धारा 17(1) (i) के अनुसार)	डॉ. अरविन्द कुमार, कुलपति, आरएलबीसीएयू, झांसी	पदेन अध्यक्ष
2.	वित्तीय सलाहकार, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग या कम से कम उप सचिव स्तर का उसका नामिति (अनुसूची की धारा 17(1)(ii) के अनुसार)	वित्तीय सलाहकार, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली-110 001	सदस्य
3.	मण्डल द्वारा नामित तीन व्यक्ति जिनमें से कम से कम एक मंडल का सदस्य होगा (अनुसूची की धारा 17 (1)(iii) के अनुसार)	डॉ. पी.एल. गौतम, पूर्व अध्यक्ष, पीपीवी एवं एफआर प्राधिकरण तथा पूर्व कुलपति, जीबीपीयूए और टी, पंतनगर (म.सं. 118, एचपी हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बिंद्राबन, पालमपुर जिला, कांगड़ा-176061 (हिमाचल प्रदेश) डॉ. एम. प्रेमजीत सिंह, कुलपति, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल-795 004 (मणिपुर)	सदस्य सदस्य
4.	विजिटर द्वारा नामित तीन व्यक्ति (अनुसूची की धारा 17 (1)(iv) के अनुसार)	प्रो. एनसी गौतम, कुलपति, एमजीसीजीवी, चित्रकूट, जिला सतना 485334 प्रो. डी.पी. रे, पूर्व कुलपति, ओयूए और टी, भुवनेश्वर (एचआईजी-105, कलिंग विहार, के-5, डाकघर पात्रपाड़ा, जिला खुर्दा, भुवनेश्वर-751019, ओडिशा श्री चमन कुमार, पूर्व अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली-110 001	सदस्य सदस्य
5.	विश्वविद्यालय लेखानियंत्रक (अनुसूची की धारा 17 (1)(v) के अनुसार)	रिक्त	सदस्य सचिव

अनुबंध-III

विश्वविद्यालय शैक्षणिक परिषद का संघटन

(रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, अधिनियम, 2014 की अनुसूची के पैरा 14 (1) के अनुसार)

क्र.सं.	संघटन	नाम और पदनाम	स्तर
1.	कुलपति (अनुसूची की धारा 14 (1) (i)	डॉ. अरविन्द कुमार, कुलपति, आरएलबीसीएयू, झांसी	पदेन अध्यक्ष
2.	विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालय के अधिष्ठाता (अनुसूची की धारा 14(1)(ii) के अनुसार)	डॉ. एस.के. चतुर्वेदी, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003 डॉ. ए.के. पांडे, अधिष्ठाता,बागवानी और वानिकी महाविद्यालय, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003	सदस्य सदस्य
3.	विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक (अनुसूची की धारा 14 (1)(iii) के अनुसार)	डॉ. ए.आर. शर्मा, निदेशक अनुसंधान, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003 (19.03.2020 से प्रभावी)	सदस्य
4.	विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक (अनुसूची की धारा 14 (1)(iv) के अनुसार)	डॉ. एस.एस. सिंह, निदेशक विस्तार शिक्षा, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003	सदस्य
5.	विश्वविद्यालय के शिक्षा निदेशक (अनुसूची की धारा 14 (1)(v) के अनुसार)	डॉ. अनिल कुमार, निदेशक शिक्षा, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003 (19.03.2020 से प्रभावी)	सदस्य
6.	कुलपति द्वारा क्रम के आधार पर एक लाइब्रेरियन (अनुसूची की धारा 14 (1)(vi) के अनुसार)	डॉ. एस.एस. कुशवाह, लाइब्रेरियन आरएलबीसीएयू, झांसी-284003	सदस्य
7.	कुलपति द्वारा नामित दो प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को विश्वविद्यालय के बाहर से सह-चुना जाना चाहिए (अनुसूची की धारा 14 (1) (vii) के अनुसार)	डॉ. विजय सिंह तोमर, पूर्व कुलपति, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय, जबलपुर, म.प्र. प्रो. डॉ. कुसुमाकर शर्मा, पूर्वसहायक महानिदेशक (एचआरडी), आईसीएआर, नई दिल्ली	सदस्य सदस्य
8.	सात विभागों के प्रमुख, कुलपति द्वारा प्रत्येक संकाय से कम से कम एक को नामित किया गया (अनुसूची की धारा 14 (1)(viii) के अनुसार)	डॉ. मीनाक्षी आर्य, वैज्ञानिक, पादप रोगविज्ञान, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003 डॉ. अंशुमान सिंह वैज्ञानिक, अनिवंशिकी एवं पादप प्रजनन, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003 डॉ. योगेश्वर सिंह, प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय (19.03.2020 से प्रभावी) डॉ. मनमोहन डोबरियाल, प्राध्यापक, बागवानी और वानिकी महाविद्यालय (19.03.2020 से प्रभावी)	सदस्य सदस्य सदस्य सदस्य
9.	विश्वविद्यालय का कुलसचिव - सचिव (अनुसूची की धारा 14 (1)(ix) के अनुसार)	डॉ. मुकेश श्रीवास्तव	सचिव

अनुबंध -IV

विश्वविद्यालय के अनुसंधान परिषद का संघटन

(रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, अधिनियम, 2014 की अनुसूची के पैरा 43 (1) के अनुसार)

क्र.सं.	संघटन	नाम और पदनाम	स्तर
1.	कुलपति (अनुसूची की धारा 43 (1) (i)	डॉ. अरविन्द कुमार, कुलपति, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003	पदेन अध्यक्ष
2.	विस्तार शिक्षा निदेशक (अनुसूची की धारा 43 (1)(ii) के अनुसार)	डॉ. सती शंकर सिंह, निदेशक विस्तार शिक्षा, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003	सदस्य
3.	शिक्षा निदेशक (अनुसूची की धारा 43 (1) (iii) के अनुसार)	डॉ. अनिल कुमार, निदेशक शिक्षा, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003	सदस्य
4.	विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालय के अधिष्ठाता (अनुसूची की धारा 43(1) (iv) के अनुसार)	क. डॉ. एस.के. चतुर्वेदी, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003	सदस्य
		ख. डॉ. ए.के. पांडे, अधिष्ठाता, बागवानी और वानिकी महाविद्यालय, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003	सदस्य
5.	राज्य सरकारों द्वारा नामित जो कम से कम निदेशक के स्तर के हो (अनुसूची की धारा 43(1) (v) के अनुसार)	क. डॉ. सुरज सिंह, निदेशक कृषि, उत्तर प्रदेश, कृषि भवन, मदन मोहन मालवीय मार्ग, गोखले विहार, लखनऊ-226001	सदस्य
		ख. डॉ. आर.के. रोडे, निदेशक, पशुपालन, मध्य प्रदेश, मुख्य सड़क-3, वैशाली नगर, कोटरा, भोपाल-462003	सदस्य
6.	विश्वविद्यालय के अनुसंधान दलों के सभी समन्वयक (अनुसूची की धारा 43(1) (vi) के अनुसार)	डॉ. मीनाक्षी आर्य, वैज्ञानिक, पादप रोगविज्ञान, आरएलबीसीएयू, झांसी	सदस्य
7.	दो प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिकों को तीन साल के लिए कुलपति द्वारा नामित किया जाना है (अनुसूची की धारा 43(1) (vii) के अनुसार)	डॉ एस. के. राव, कुलपति, आरवीएसकेवीवी, ग्वालियर	सदस्य
		डॉ आर. के. सिंह, निदेशक, आईवीआरआई, इज्जतनगर, बरेली-243122	सदस्य
		डॉ यू.एस. गौतम, कुलपति, बीयूएटी, चिल्ला रोड, बांदा -210001	विशेष आमंत्रित व्यक्ति
8.	अनुसंधान निदेशक (अनुसूची की धारा 43 (1) (viii) के अनुसार)	डॉ. ए.आर. शर्मा, निदेशक अनुसंधान, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003	सचिव

अनुबंध-V

विश्वविद्यालय विस्तार शिक्षा परिषद का संघटन

(रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, अधिनियम, 2014 की अनुसूची के पैरा 44 (1) के अनुसार)

क्र.सं.	संघटन	नाम और पदनाम	स्तर
1.	कुलपति (अनुसूची की धारा 44 (1) (i)	**डॉ. अरविन्द कुमार, कुलपति,** आरएलबीसीएयू, झांसी-284003; 9711008862; vcrlbcau@gmail.com	पदेन अध्यक्ष
2.	अनुसंधान निदेशक (अनुसूची की धारा 44 (1) (ii) के अनुसार)	**डॉ. ए.आर. शर्मा, निदेशक अनुसंधान,** आरएलबीसीएयू, झांसी-284003; 9425807290; directorresearch.rlbcau@gmail.com	सदस्य
3.	शिक्षा निदेशक (अनुसूची की धारा 44 (1) (iii) के अनुसार)	**डॉ. अनिल कुमार, निदेशक शिक्षा,** आरएलबीसीएयू, झांसी-284003; 7409960028, 6386043127 (M); directoreducation.rlbcau@gmail.com	सदस्य
4.	विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालय के अधिष्ठाता (अनुसूची की धारा 44(1) (iv) के अनुसार)	**क. डॉ. एस.के. चतुर्वेदी, अधिष्ठाता,** कृषि महाविद्यालय, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003; 9336214977, 8377987212 (M); deanagriculture.rlbcau@gmail.com	सदस्य
		ख. डॉ. ए.के. पांडे, अधिष्ठाता, बागवानी और वानिकी महाविद्यालय, आरएलबीसीएयू, झांसी-284003; 9436053047 (M); pandey.ajai1@gmail.com	सदस्य
5.	राज्य सरकारों द्वारा नामित जो कम से कम निदेशक के स्तर के हो (अनुसूची की धारा 44(1) (v) के अनुसार)	**क. डॉ. सुरज सिंह, निदेशक कृषि,** उत्तर प्रदेश, कृषि भवन, मदन मोहन मालवीय मार्ग, गोखले विहार, लखनऊ-226001; 7570906001, 8527504387 (M); dirag@nic.in	सदस्य
		ख. डॉ. एस.बी. शर्मा, निदेशक बागवानी, उत्तर प्रदेश, उद्योग भवन, 6 सप्रू मार्ग, प्रेम नगर, हजरतगंज, लखनऊ-226001; 0522. 4044414(O); 9415077161 (M); dirhorti@rediffmail.com	सदस्य
		ग. डॉ. आर.के. रोडे, निदेशक, पशुपालन, मध्य प्रदेश, मुख्य सड़क-3, वैशाली नगर, कोटरा, भोपाल-462003; 9826445077 (M); dvsmp2007@yahoo.com	सदस्य
		घ. निदेशक, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग, मध्य प्रदेश सरकार, मत्स्य पालन निदेशालय, मछली फार्म, भदभदा, भोपाल-462003; 0755.2771975 (O); dirfish@mpnic.in	सदस्य

क्र.सं.	संघटन	नाम और पदनाम	स्तर
6.	बुंदेलखंड के किसान प्रतिनिधि और एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता (अनुसूची की धारा 44(1) (vi) के अनुसार)	**क. डॉ. सुमन कुमार दास,** ललिता कृषि विकास अनुसन्धान केंद्र, ललिता दिव्यश्रम, राणेहॉल रोड, खजुराहो, छतरपुर-471606 9630592929/ 9630594949 (M); das@krishiveda.org	सदस्य
		ख. श्री कुंज बिहारी शर्मा, ह.नो. 570/1, गली न. 2, आउट साइड दतिया गेट, पतगोरिया, झाँसी-284002; 7571987716 (M); e-mail: skunjbihari9@gmail.com	सदस्य
		ग. श्रीमती सुनीता पुजारी, पुजारी निवास, शारदा विहार कॉलोनी, स्टेशन रोड, दतिया-475661; 7999552580 (M); pujarisanat@gmail.com	सदस्य
